राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 02 जुलाई 2026
वर्ष 07, अंक 265, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो मे प्रसारित

सेवा के अंतिम दौर में बीडीओ ने 22 जून को तालाब व खेल मैदान पर लगवाया फर्जी हाज़िरी...02

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मौत की रफ्तारः डिवाइडर लांघकर बस ने कार को रौंदा...08

# '370 की बिरयानी' विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट...रेगुलेशन की उठी मांग

● सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका (पी आई एल) में सभी तरह के डिजिटल कंटेंट के लिए एक सिस्टम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है

● '370 की बिरयानी' वाली घटना से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए, याचिका में कहा गया है

● कि यह घटना डिजिटल युग में संवैधानिक सुरक्षा उपायों की अहम जरूरत को उजागर करती है

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के रेगुलेशन की उठी मांग



सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका (पी आई एल) में सभी तरह के डिजिटल कंटेंट के लिए एक सिस्टम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है. इसमें स्टैंड-अप कॉमेडी, पॉडकास्ट और लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म सहित यूजर द्वारा बनाए गए सभी डिजिटल कंटेंट के लिए एक व्यापक रेगुलेटरी सिस्टम बनाने की बात कही गई है '370 की बिरयानी' वाली घटना से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए, याचिका में कहा गया है कि यह घटना डिजिटल युग में संवैधानिक सुरक्षा उपायों की अहम जरूरत को उजागर करती है. संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि भले ही '?370 की बिरयानी' घटना में शामिल कॉमेडियन या कंटेंट क्रिएटर के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए, लेकिन यह घटना दिखाती है कि कैसे एल्गोरिदम-आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लाखों यूजर्स तक विवादित बयान पहुंचा सकते हैं, जिससे महिलाओं, सहमति और सम्मान के बारे में लोगों की सोच प्रभावित हो सकती है.

**जवाबदेही सिस्टम भी जरूरी**

याचिका के अनुसार, यह विवाद प्रणित मोरे के एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो से शुरू हुआ था. शो के दौरान, दर्शकों में से एक व्यक्ति ने एक डेट का जिक्र किया, जिसमें उसने दावा किया कि किसी महिला को ?370 की बिरयानी खिलाने का मतलब है कि उसे सेक्स का हक मिल गया. यह घटना बताती है कि डिजिटल दुनिया में कंटेंट को बड़े पैमाने पर फैलाने के तरीकों के साथ-साथ जवाबदेही का सिस्टम भी जरूरी है.

**आपत्तिजनक कंटेंट को वायरल होने से रोकना**

याचिकाकर्ता का कहना है कि संवैधानिक मुद्दा हास्य, व्यंग्य या कलात्मक आजादी पर रोक लगाने का नहीं है, बल्कि यह है कि जब ऐसा कंटेंट वायरल होता है, तो क्या संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के अनुरूप संस्थागत सुरक्षा उपायों की जरूरत है या नहीं.

**याचिका में क्या है?**

इस याचिका में अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्रकाशनों पर फैलाई गई गुमराह करने वाली, अपमानजनक और बदनाम करने वाले कंटेंट की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई है.

**क्या है '?370 की बिरयानी' वाला विवाद?**

'370 की बिरयानी' वाला विवाद गुरुग्राम के हिमांशु जांगड़ा के एक बयान से शुरू हुआ, जो उन्होंने स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणीत मोरे के लाइव शो के दौरान दिया था. हिमांशु ने बताया कि एक लड़की के लिए 370 की बिरयानी पर खर्च करने के बाद, वे उसे घर छोड़ने के बदले अपने पैसे 'वसूलना' चाहते थे. इस आपत्तिजनक सोच और बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पूरे देश में बहस छिड़ गई

**एक्शन होने तक हो चुका होता है डैमेज**

याचिका में कहा गया, 'जब तक फैक्ट-चेक या आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी होते हैं, तब तक लाखों यूजर्स गलत जानकारी देख, शेयर और उस पर भरोसा कर चुके होते हैं, जिससे नुकसान पहुंचता है।' इसमें कहा गया, 'चाहे यह बयान मजाक, व्यंग्य, बातचीत या मनोरंजन के तौर पर दिया गया हो, इसके एल्गोरिदम-आधारित प्रसार ने एक अलग-थलग बात को महिलाओं की गरिमा, सहमति, निजता, सार्वजनिक नैतिकता और संवैधानिक जिम्मेदारी से जुड़ी देशव्यापी डिजिटल चर्चा में बदल दिया।'

# सीएम योगी ने सहारनपुर से 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण का किया शुभारंभ

● बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह बोले-2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में शिक्षा विभाग निभाएगा अहम भूमिका

● मां शाकुम्बरी की पावन धरती से बच्चों को मिलीं पाठ्य पुस्तकें, बैग व स्टेशनरी, सर्वश्रेष्ठ प्रधानाध्यापक सम्मानित

● 613 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

## नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित कीं





**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर से राज्यव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों को नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित कीं तथा जनपद के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस्माइलपुर स्थित सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां शाकुम्बरी की पावन धरती और मां सरस्वती के आशीर्वाद से शिक्षा का यह महायज्ञ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग पूरी ऊर्जा के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है।

मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश के हर विद्यालय को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया है और शिक्षकों को सम्मान देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया है। इसका परिणाम है कि आज बेसिक शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सर्वोत्तम रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर केवल कार्यक्रम का शुभारंभ नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य को संवारने और हर बच्चे को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है।

'स्कूल चलो अभियान' के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि यह अभियान प्रतिवर्ष दो बार 1 से 15 अप्रैल और 1 से 15 जुलाई तक चलाया जाता है। पहले चरण में मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ के बाद प्रदेश में 20 लाख से अधिक बच्चों का नया नामांकन कराया गया, जिसमें सहारनपुर जनपद में ही 35 हजार से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा गया।

अब द्वितीय चरण में 1 जुलाई से फिर अभियान प्रारंभ हुआ है। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता इसी से स्पष्ट है कि विपरीत मौसम और परिस्थितियों के बावजूद कार्यक्रम का शुभारंभ निर्धारित तिथि पर समय से किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत तीन वर्ष के बच्चों को बाल वाटिका में और छह वर्ष के बच्चों को कक्षा एक में नामांकित कराया जाएगा। साथ ही ड्रॉपआउट हो चुके बच्चों को भी वापस शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाएगा। बालिकाओं की सुरक्षा के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है।

**सम्पर्क सूत्र- धर्मवीर खरे**

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रीमियम सिगरेट का नकली माल पकड़ा गया, दो गिरफ्तार



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर की स्वाट टीम ने नोएडा और दिल्ली से प्राप्त शिकायत के आधार पर कॉपीराइट उल्लंघन कर बेची जा रही नकली प्रीमियम सिगरेट के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए लगभग 8 लाख मूल्य की सिगरेट बरामद की तथा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा के विषय में चर्चा



**कानपुर।** विधायक सलिल विश्नोई ने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय एवं पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) सत्यजीत गुप्ता से भेंट करके आगामी श्री जगन्नाथ रथयात्रा के मार्ग की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात इत्यादि के बारे में विस्तार से विचार- विमर्श किया। कल दिनांक 2 जुलाई को सलिल विश्नोई नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय के साथ रथयात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के पास जंगल में लगी आग

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के पास खैरहनी गांव के निकट बुधवार को जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग सूखी झाड़ियों और जंगल के बड़े हिस्से में फैलने लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। फायर कर्मियों के मुताबिक आग कारखाने की वर्कशॉप एरिया की बाउंड्री के बाहर लगी थी, जबकि बाउंड्री के अंदर ट्रैक पर रेल के डिब्बे खड़े थे। अगर समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो नुकसान की आशंका बढ़ सकती थी। फायर स्टेशन प्रभारी मुकेश गिरी ने बताया कि टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग को फैलने से रोक लिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है।

## भारत के दुश्मन पर इजरायल का सबसे बड़ा अटैक, पाकिस्तान का बुरा हाल!

● गाजा युद्ध के बाद तुर्की के राष्ट्रपति और एदोर्गन जो है यह लगातार इजराइल की आलोचना करते हुए नजर आए हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** 77 साल तक इजराइल तुर्की के इतिहास के सबसे विवादित मुद्दे पर चुप रहा। लेकिन अब उसने अचानक एक ऐसा कदम उठाया है जिसने तुर्की की टेंशन तो बढ़ा दी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस फैसले से भारत को भी रणनीतिक फायदा मिलेगा। दरअसल इजराइल की कैबिनेट ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। जिसमें 1915 में ऑटोमन साम्राज्य यानी कि आज के तुर्की द्वारा अर्मेनियाई लोगों की हुई हत्याओं को आधिकारिक तौर पर नरसंहार माना गया। हालांकि यह प्रस्ताव अभी अंतिम नहीं है क्योंकि इसे कानून बनाने के लिए इजराइली संसद की मंजूरी मिलना अभी बाकी है। अगर संसद भी इस इसे मंजूरी दे देती है तो इजराइल भी उन देशों में शामिल हो जाएगा जिन्होंने इस घटना को नरसंहार के रूप में स्वीकार किया है। दूसरी तरफ तुर्की आज भी इस शब्द को पूरी तरह खारिज करता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इजराइल ने 77 साल तक चुप रहने के बाद अचानक ऐसा फैसला इस तुर्की के खिलाफ क्यों लिया? इसकी सबसे बड़ी वजह है दोनों देशों के लगातार बिगड़ते हुए रिश्ते।

गाजा युद्ध के बाद तुर्की के राष्ट्रपति और एदोर्गन जो है यह लगातार इजराइल की आलोचना करते हुए नजर आए हैं। जवाब में अब इजराइल तुर्की पर सिर्फ सैन्य या फिर कूटनीतिक नहीं बल्कि ऐतिहासिक और नैतिक दबाव भी बनाना चाहता है। इसलिए कई एक्सपर्ट्स इस इजराइल के फैसले को इतिहास से ज्यादा मौजूद भू राजनीति का हिस्सा मान रहे हैं। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती है क्योंकि अब इसमें एंट्री होती है भारत की भी। तुर्की पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान का खुला समर्थक रहा है और कश्मीर के मुद्दे पर भी भारत के खिलाफ लगातार बयान भी देता रहा है। वहीं तुर्की और अज़रबजान के बीच भी बेहद करीबी रणनीतिक रिश्ते हैं। दूसरी तरफ भारत ने हाल के वर्षों में अर्मेनिया के साथ अपने रक्षा संबंध लगातार मजबूत किए हैं और उसे हथियार भी उपलब्ध कराए हैं। ऐसे में अगर इजराइल तुर्की पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाता है तो क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के लिए कुछ मामलों में पहले से ज्यादा अनुकूल हो सकता है।

भारत ने जो रणनीतिक साझेदारी अर्मेनिया के साथ बनाई है, उससे प्रत्यक्ष कूटनीतिक मजबूती मिल सकती है। इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि भारत और इजराइल मिलकर तुर्की के खिलाफ कोई संयुक्त अभियान चला रहे हैं या फिर उसे निशाना कर रहे हैं। लेकिन इतना जरूर है कि तुर्की को लेकर दोनों देशों के रणनीतिक हित कई जगह पर एक दूसरे से करीब और मेल खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही वजह है कि इस फैसले को सिर्फ इतिहास नहीं बल्कि बदलते वैश्विक समीकरण का एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। अब सबकी नजर इजराइली संसद पर होगी।

### एंटी करप्शन ने उसका बाजार ब्लाक में तैनात बीएमएम को दस हजार रुपए घूस लेते हुए धर दबोचा

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार ब्लॉक परिसर में एंटी करप्शन की टीम ने बुधवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मिशन मैनेजर के पद पर तैनात संविदाकर्मी पंकज कुमार को 10 हजार की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। संविदाकर्मी ने ब्लॉक में आपूर्ति की गई सामग्री के भुगतान के नाम पर पैसों की डिमांड की थी।एंटी करप्शन ने उसके खिलाफ सिद्धार्थनगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार ई-टेंडरिंग के माध्यम से कुछ दिन पूर्व ब्लॉक में जरूरी सामान की आपूर्ति हुई थी,इसके भुगतान के लिए विगत कई दिनों से संबंधित आपूर्तिकर्ता ब्लाक के चक्कर लगा रहा था।यहां उसकी मुलाकात पंकज कुमार से हुई जिसने ब्लॉक के उच्चाधिकारी से भुगतान कराने का आश्वासन दिया और इसके बदले में कमीशन की मांग की।कई बार दौड़ाने के बाद भी जब भुगतान की पत्रावली आगे नहीं बढ़ी तो पीड़ित ने एंटी करप्शन से संपर्क किया।एंटी करप्शन की टीम ने पंकज कुमार को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।बुधवार की दोपहर आपूर्तिकर्ता ब्लाक परिसर में स्थित राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ब्लाक मिशन मैनेजर पंकज कुमार को 10 हजार का घूस दिया।

## दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उ0प्र0 सरकार प्रतिबद्ध




**लखनऊः** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, (स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के माध्यम से समाज के निर्धन एवं जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन योजनाओं के सफल संचालन के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिव्यांग पेंशन योजना हेतु ?1,47,004.69 लाख तथा कुष्ठावस्था पेंशन योजना हेतु ?4,860.00 लाख का बजट निर्धारित किया गया है, ताकि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पेंशन उपलब्ध कराई जा सके। वर्तमान वित्तीय वर्ष में लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार द्वारा इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये जा चुके हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के जनपदों द्वारा 91.50 प्रतिशत लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन कार्य को पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्ष दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के अंतर्गत 1,43,923.26 लाख की धनराशि व्यय करते हुए 12,23,295 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया था। वहीं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत ?4,785.30 लाख की धनराशि व्यय कर 13,667 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप विभाग द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना को एनएसएपी (छंजपवदंस वबपंस ेपेजंदबम च्तवहतंउउम) पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिसके पूर्ण होने पर लाभार्थियों को बिना किसी तकनीकी बाधा के पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी ढंग से एवं समयबद्ध रूप से पेंशन हस्तांतरित की जा सकेगी। **सम्पर्क सूत्र- मो0 इकबाल खान**

## दहेज उत्पीड़न, मारपीट व प्रताड़ित करने के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुरः** गोला थाना क्षेत्र में एक गांव की विवाहिता द्वारा दी गई तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी देने तथा घर से निकालने के आरोप में मुकदमा सुसंगत धाराओं में पंजीकृत हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार, गोला थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गड़री निवासी तन्नु प्रजापति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह तकरीबन 2 वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के दौरान मायके पक्ष की ओर से नकद रुपये, सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान, फर्नीचर एवं अन्य उपहार दिए गए थे। बारात आने पर ससुराल पक्ष ने विवाह में अधिक खर्च होने की बात कहते हुए एक लाख रुपये अतिरिक्त की मांग करने लगे। बाद में समझौते के बाद विवाह संपन्न हुआ।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद पति, सास, ससुर, देवर एवं अन्य परिजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। उसने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी, जिसके बाद पंचायत भी हुई, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना बंद नहीं हुई। महिला ने आरोप लगाया कि इस बीच उसके यहां एक पुत्री का जन्म हुआ, जिसके बाद ससुराल वालों का व्यवहार और अधिक खराब हो गया। बीते 3 जून को पति, सास, ससुर, देवर तथा आजिया सास ने उसके आभूषण और अन्य सामान अपने कब्जे में लेकर उसे केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़िता की शिकायत पर गोला पुलिस ने बीएनएस की धारा 85, 115(2), 351(3) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 एवं 4 के तहत पति समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## यूपी में रोजगार और आजीविका को नई गति देगी वीबी-जी राम जी योजना- केशव प्रसाद मौर्य

● विकसित भारत-जी राम जी योजना का 02 जुलाई को होगा, राज्यव्यापी जन सम्मेलन, लॉन्च इवेंट कार्यक्रम

● देश के साथ ही उत्तर प्रदेश में 01 जुलाई 2026 से लागू हुयी, वीबी-जी राम जी योजना

● 02 जुलाई को राज्यभर में जन सम्मेलन एवं 10,000 कार्यों का होगा शुभारंभ

● 02 जुलाई 2026 को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर वी.बी.जी. राम जी (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण) योजना 01 जुलाई 2026 से पूरे देश सहित उत्तर प्रदेश में भी लागू हो गयी है। श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन मे ग्राम्य विकास विभाग मुख्यालय द्वारा सभी जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा से संबंधित साइन बोर्ड, सूचना पट्टिकाओं आदि को अपडेट कर 'विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना, उत्तर प्रदेश' नाम अंकित करने के निर्देश पूर्व मे ही दिये गये है।

02 जुलाई, 2026 को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज प्रयागराज के ऑडिटोरियम में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वीबी-जी राम जी योजनान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। 02 जुलाई, 2026 को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम निर्धारित दिशा निर्देशो के अनुरूप होगा। 02 जुलाई, 2026 को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ समारोह होगा। इसके अनुरूप उत्तर प्रदेश में भी प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जन सम्मेलन में योजना के अंतर्गत कार्यों का शुभारंभ करना, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ जन सम्मेलन आयोजित होगा। प्रस्तावित कार्यों एवं विकसित ग्राम पंचायत योजना का प्रदर्शन किया जाएगा। विकसित भारत- जी राम जी योजना की मुख्य विशेषताओं, लाभों एवं 125 दिनों के रोजगार गारंटी पर प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, स्टैंडी) का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में कुल 10,000 कार्य 2 जुलाई को शुरू किए जाएंगे। सर्वाधिक कार्य शुरू करने वाले जनपदों में आजमगढ़ (342), जौनपुर (337), गाज़ीपुर (326), सीतापुर (319) आदि शामिल हैं।

बता दें कि योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी को मजबूत करना है,आजीविका संवर्धन एवं विकसित ग्राम पंचायतों का निर्माण करना,पारदर्शिता, डिजिटल प्रणाली एवं विकेन्द्रीकृत योजना बनाना है। आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग श्री जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों/ अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों को निर्देश दिये है कि जन सम्मेलन का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

**सम्पर्क सूत्र- बी0एल0 यादव**

## संक्षिप्त खबरें

### आईजीआईएमएस के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन पुनः प्रथम स्थान पर



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस उद्देश्य की प्रभावी निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पोर्टल संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रत्येक माह माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विभिन्न मानकों, जांच की गुणवत्ता, निस्तारण की प्रभावशीलता तथा आवेदक की संतुष्टि के आधार पर की जाती है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक अधिकारियों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह जून-2026 की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में कानपुर जोन ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र एवं झाँसी परिक्षेत्र तथा जनपद कानपुर देहात, कन्नौज, झाँसी, जालौन व ललितपुर सहित जोन के कुल 98 थानों ने भी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस की प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

### सेवा कार्यों के साथ मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन, रक्तदान और वृक्षारोपण का दिया संदेश



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को सपा जिला कार्यालय में उत्साह और जनसेवा के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत खोवा का केक काटकर और मिष्ठान वितरण के साथ हुई। इस अवसर पर बांसफोर समाज के लोगों ने पारंपरिक सिंगा बजाकर खुशी का इजहार किया। जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में आस्था चैरिटेबल ब्लड सेंटर में कार्यकर्ताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसके बाद राजकीय बाल गृह में बच्चों को फल एवं मिठाइयां वितरित की गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान व्यास यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव ने विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने 1090 महिला हेल्पलाइन, 102 व 108 एंबुलेंस सेवा, लैपटॉप वितरण, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, लखनऊ मेट्रो, मेडिकल कॉलेजों और अन्य विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कानून-व्यवस्था, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया तथा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, पीडीए चौपाल, सदस्यता अभियान और जनसंपर्क के माध्यम से समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवा के अंतिम दौर में बीडीओ ने 22 जून को तालाब व खेल मैदान पर लगवाया फर्जी हाज़िरी

● नौकरी के अंतिम दिन कार्यवाही को नही चली कलम भुगतान को फाइल की दे दी स्वीकृत..सूत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** कप्तानगंज बीडीओ चन्द्रभान उपाध्याय रिटायर्ड की रेखा पर खड़े हुए हैं। और उनके द्वारा किए/कराए गए भ्रष्टाचार की चर्चा जोरों पर बनी हुई है ।पिछले दिनों ग्राम पंचायत नरहरपुर में ललहवा पर तालाब खुदाई कार्य में हुए भ्रष्टाचार को लेकर डीसी मनरेगा बस्ती द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया था। साहब के आदेशों को पैर की जुती समझ कर 20 दिन बाद भी वीडीओ आख्या प्रेषित करना मुनासिब नहीं समझते। जिसका नतीजा यह है कि सचिव पंकज सिंह का भ्रष्ट्राचार रुक नहीं रहा है कार्यवाही न होने से पुनः एक बार फिर उसी साइड पर मस्टररोल जारी कर रोजगार सेवक सुनील राव ने फर्जी हाजिरी लगाना शुरू कर दिया ।रोजगार सेवक सुनील राव के हौसले इस कदर बुलंद है कि बिना काम फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है यदि यही आलम चलता रहा तो अन्य ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक भी सुनील राव की तरह माल समेटने में जुट जाएंगे। सेवानिवृत होने वाले कप्तानगंज वीडीओ चंद्रभान उपाध्याय तो चले जाएंगे लेकिन आने वाले नवागत अधिकारी के ऊपर भ्रष्टाचार के कार्यवाहियों की तमाम चुनौतियां यादगार के लिए दे जा रहे है

प्राप्त समाचार के अनुसार- खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज चंद्रभान उपाध्याय दिनांक 30 जून 2026 सायं 5 बजे कार्यकाल समाप्त हो रहा है। विकास खंड कप्तानगंज में जिस प्रकार से दर्जनों ग्राम पंचायतो में मनरेगा भ्रष्टाचार एवं शिकायत पर फर्जी रिपोर्ट लगना एव परिसर मयखाना में तब्बदील होने की लगातार खबरे प्रकाशित हो चुकी है तो वही स्थानीय मीडिया के साथ राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा ननंद ने बीडीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्ट्राचार को लेकर ऑन कैमरा बीडीओ की पोल खोली गयी है। उससे हर कोई वाकिफ




हैं। बीडीओ का गैर जिम्मेदाराना बयान मीडिया सहित आम जनता में चर्चा का माहौल दिनो दिन बढ़ता जा रहा है।जब मीडिया टिम ने फोन पर बीडीओ कप्तानगंज से ग्राम पंचायत नरहरपुर में ललहवा तालाब खुदाई के संबंधों में जानकारी लेनी चाहि तो माकूल जवाब नही मिला। 22 जून को मनरेगा पटल पर 45 मजदूरों की फर्जी हाजिरी तो लगी है।बड़ा सवाल यह है कि बीडीओ की कार्यवाही एवं मीडिया के सवालो के जबाब जलेबी की तरह होती यदि कार्यवाही हुयी है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता है।

## संकल्प से सिद्धि तकः जनसेवा के प्रति समर्पण का सजीव उदाहरण बनीं दीदी स्मृति इरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** 'कथनी नहीं, करनी' की भावना को चरितार्थ करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की लोकप्रिय जननेत्री दीदी स्मृति इरानी ने एक बार पुनः सिद्ध कर दिया कि जनसेवा उनके लिए केवल दायित्व नहीं, अपितु आत्मीय संवेदना का पवित्र संकल्प है। अपने अमेठी प्रवास के दौरान दीदी स्मृति इरानी शाहगढ़ मंडल के दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्वर्गीय पवन पासी के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुँची थीं।उस अवसर पर स्वर्गीय पवन पासी की धर्मपत्नी ने अपनी श्रवण-संबंधी समस्या से उन्हें अवगत कराया था।दीदी ने उसी समय उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। उसी संकल्प को साकार करते हुए दीदी स्मृति इरानी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, मंडल अध्यक्ष काशी मिश्रा तथा ग्राम प्रधान चिलबिली द्वारा स्वर्गीय पवन पासी जी की धर्मपत्नी को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) उपलब्ध कराया गया।यह केवल एक सहायता



नहीं,बल्कि जनप्रतिनिधि और जनसामान्य के मध्य आत्मीय संबंध, संवेदनशीलता तथा उत्तरदायित्व का अनुपम उदाहरण है। यह घटना स्पष्ट रूप से प्रमाणित करती है कि दीदी स्मृति इरानी अमेठी के प्रत्येक परिवार के सुख-दुःख से आत्मीय रूप से जुड़ी हैं तथा प्रत्येक नागरिक की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानकर उसके समाधान के लिए निरंतर संकल्पित रहती हैं।

ऐसा सेवा-समर्पित एवं संवेदनशील नेतृत्व ही जनविश्वास का वास्तविक आधार होता है। दीदी स्मृति इरानी का यह प्रेरणादायी कार्य अमेठी की जनता के हृदय में उनके प्रति श्रद्धा, विश्वास एवं आत्मीयता को और अधिक सुदृढ़ करने वाला है।

### अखिलेश यादव को बताया संविधान रक्षक, जन्मदिन पर सपाइयों ने लिया 2027 में सरकार बनाने का संकल्प

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर बुधवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान केक काटा गया, लड्डू बांटे गए और पटाखे फोड़कर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। साथ ही मंडल मसीहा शरद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने अखिलेश यादव को 'संविधान रक्षक' और 'पीडीए नायक' बताते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को दो-तिहाई बहुमत हासिल करने से रोककर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि भाजपा का '400 पार' का लक्ष्य पूरा हो जाता तो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न हो सकता था। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों से मुक्ति के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाना जरूरी है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

## आईजीआरएस रैंकिंग में बस्ती रेंज नंबर-1, प्रदेश में लहराया उत्कृष्ट कार्य का परचम

» मुयमंत्री पोर्टल पर दी गई शिकायतों को अनदेखी करके फर्जी रिपोर्ट लगाई गई है जिसके कारण पीड़ित संतुष्ट न होने के कारण और ना तो मामले को निस्तारण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** आईजीआरएस मामले में बस्ती पुलिस अपनी पीठ तक दबा रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है फर्जी रिपोर्ट के सहारे जिले को नंबर वन पर पहुंचने वाले अधिकारी जरा शिकायतों पर ध्यान दें की पीढ़ी द्वारा दिया गया शिकायत उसके घर तक जांच अधिकारी पहुंचे कि फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण करती हैजनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के क्षेत्र में बस्ती परिक्षेत्र ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) की जून 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बस्ती रेंज को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे पुलिस परिक्षेत्र में खुशी का माहौल है और इसे बेहतर कार्यशैली, जवाबदेही तथा जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम माना जा रहा है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी के नेतृत्व में बस्ती रेंज के अंतर्गत आने वाले जनपदों में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शिकायतों की नियमित समीक्षा, लंबित मामलों की सतत निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने से शिकायत निवारण व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है महोदय सच्चाई कुछ और है फर्जी रिपोर्ट के सहारे पुलिस विभाग निस्तारण किया है दर्जनों शिकायत उसे पर फर्जी रिपोर्ट लगाई गई। प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान मिलने के बाद डीआईजी संजीव त्यागी ने परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण तथा बेहतर समन्वय का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने और जनता की शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीआईजी ने कहा कि आईजीआरएस केवल शिकायतों के निस्तारण का माध्यम नहीं, बल्कि पुलिस और आमजन के बीच




विश्वास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान से लोगों का पुलिस व्यवस्था पर भरोसा बढ़ता है, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बस्ती रेंज को प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। लेकिन पिछले सब फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण किया गया घटनाओं को अनदेखी किया गया उच्च अधिकारी इस पर ध्यान दें अधिकारियों का कहना है कि यह उपलब्धि आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगी। आने वाले समय में भी जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि आम नागरिकों को समय पर न्याय और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सके। बस्ती रेंज की यह सफलता प्रदेश की अन्य इकाइयों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण मानी जा रही है।

## दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया- नेहा वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम ने राजकीय इंटर कॉलेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा ने उपस्थित लोगों को बुखार के समुचित इलाज की शपथ भी दिलाई। उन्होने कहा कि दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है या रोग के बाद




शारीरिक और मानसिक विकलांगता भी ला सकता है। इसलिए बुखार होने पर तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में ले जाये। जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है। इस अवसर पर सभी ने अपने गॉव, ब्लाक, जनपद और प्रदेश को दिमागी बुखार मुक्त करने के लिए संकल्प लिया।

उन्होने इसकी प्रतिबद्धता दोहराई कि शौचालय का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे। यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एके गुप्ता, एसीएमओ डा.ए के सिंह, सी एम मल्होत्रा, जिला मलेरिया अधिकारी आर्येन्द्र दूबे, मलेरिया इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, एल.टी मनोज सिंह तथा विभागीय चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहें।

### तकनीक के माध्यम से स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक और प्रभावी पहल



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद इटावा द्वारा विकसित ''Shakit Cop App'' के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ''Shakit Cop App'' की कार्यप्रणाली, प्रमुख विशेषताओं, उपयोगिता एवं पुलिसिंग में इसके प्रभावी उपयोग का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर तकनीक आधारित नवाचारों को अपनाते हुए पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी/सरल, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों एवं महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं को 1090, 112, 181, 1930, 108 और 1076 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए यह जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## एएचएल कोरवा से विनय बाजपेई हुए सेवानिवृत्त

● भव्य समारोह में दी गई भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी की जिला मंत्री आशा वाजपेई के पति एवं एएचएल कोरवा के कर्मठ कर्मचारी विनय बाजपेई के सेवानिवृत्त होने पर एएचएल कोरवा परिसर में भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएचएल के अधिकारियों, कर्मचारियों, भाजपा पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में वक्ताओं ने विनय बाजपेई के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। उनके सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच सदैव लोकप्रिय रहे। वक्ताओं ने कहा कि उनका योगदान संस्थान के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला महामंत्री



विषुव मिश्रा, अमेठी के युवराज कुंवर अनंत विक्रम सिंह, बहूरानी शंभवी सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यज्ञ सैनी, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, विवेक माहेश्वरी, प्रशांत शुक्ला, शंकर बक्श सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।समारोह के अंत में विनय बाजपेई को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का वातावरण भावुकता एवं सम्मान से परिपूर्ण रहा।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वरिष्ठ चिकित्सकों को समाजसेवी ने किया सम्मानित

● डा.देविन्दर शर्मा,डा.पी.पी.पटेल,डा.पूनम पटेल,डा.यू.सी.शुक्ला एवं डा.संजय शुक्ला का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी,** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सामाजिक कार्यो मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने आधुनिक सुविधाओं से लैस सूर्या हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर पहुंचकर वरिष्ठ चिकित्सक डा.देविन्दर शर्मा,आधुनिक सुविधाओं से लैस मेडलाइफ हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर पहुंचकर वरिष्ठ चिकित्सक डा.पी.पी.पटेल एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा.पूनम पटेल,आधुनिक सुविधाओं से लैस इंडोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल पहुंचकर वरिष्ठ चिकित्सक डा.यू.सी.शुक्ला तथा बीएलपी हास्पिटल फुंदनपुर पहुंचकर वरिष्ठ चिकित्सक डा.संजय शुक्ला को चिकित्सा



सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी वहीं डा.देविन्दर शर्मा,डा.पी.पी.पटेल,डा.पूनम पटेल,डा.यू.सी.शुक्ला एवं डा.संजय शुक्ला ने समाजसेवी पी.के.तिवारी का धन्यवाद किया समाजसेवी पी के तिवारी ने चिकित्सकों के अथक प्रयासों एवं समाज के लिए उनके अमूल्य योगदान हेतु आभार व्यक्त किया बताते चलें कि यह दिन पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महान चिकित्सक डा.बिधान चंद्र राय की जयंती एवं पुण्यतिथि के रुप मे मनाया जाता है। इस दौरान समाज सेवी पीके तिवारी ने कहा कि डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है आज विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज बड़े से बड़ा ऑपरेशन सफलता पूर्वक डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।

## नामचीन चिकित्सकों को सम्मानित कर रो. क्लब बस्ती सेन्ट्रल ने की नये सत्र की शुरूआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में रोटरी के नये सत्र 2026-27 के पहले दिन शहर के नामचीन चिकित्सकों एवं चार्टड एकाउंटेन्ट को उनके कार्यस्थल पर जाकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल की ओर से नये सत्र के अध्यक्ष राजेश कुमार ओझा के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम मे चिकित्सकों ने एक दूसरे को डाक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनायें दी औा सेवा के प्रति अपना समर्पण दोहराया। सम्मानित किये जाने वालों मे प्रमुख रूप से आईएमए अध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डा. रंगजी द्विवेदी, डा. अजय कुमार चौधरी, डा. हिमांशी ग्रोवर, डा. वीरभद्र स्वामी, डा. एम.के. सिन्हा तथा चार्टड अकाउंटेन्ट अभिषेक मणि त्रिपाठी शामिल रहे। रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल के असिस्टेन्ट गवर्नर रो. लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने सभी कां चिकित्सा सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान के लिये धन्यवाद दिया और कहा हमे एकजुट होकर स्वास्थ्य शिक्षा व सेवा के क्षेत्र मे नई ऊंचाइयां हासिल करनी हैं।



असि. गवर्नर लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने बताया कि वाराणसी मे पिछले सत्र 2025-26 के समापन पर आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह मे रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल को पर्यावरण, चिकित्सा, शिक्षा, रक्तदान सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिये कुल 14 अवार्ड मिले। जबकि लक्ष्मीकान्त पाण्डेय को डी.जी. द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव रो. मुनीरूद्दी अहमद, उपाध्यक्ष रो. त्रिपुरारी शंकर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, रो. आशीष पुखराल, रो. मनीष कुमार सिंह, रो. कलीमुल्लाह खान, रो. नरेश सडाना आदि का योगदान रहा।

### एक्शनः जिलाधिकारी का लापरवाही पर फटकार

**नगर पंचायत, राशन दुकान और आश्रम विद्यालय का औचक निरीक्षण**

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण कर सरकारी व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। नगर पंचायत बरियारपुर, मेहरौना की सरकारी सस्ता गल्ला दुकान और आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनसुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। वहीं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने वहां की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। बरियारपुर नगर पंचायत में डीएम ने साफ-सफाई, निर्माण कार्य और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे और प्रमाण पत्र के लिए लोगों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करने के भी निर्देश दिए। मेहरौना की सरकारी सस्ता गल्ला दुकान पर निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजिका अद्यतन नहीं मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और कोटेदार को तत्काल अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## ढाई साल पुराने गुमशुदगी मामले का खुलासा, प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या; दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के थाना पचपेड़वा क्षेत्र में वर्ष 2023 से दर्ज गुमशुदगी के मामले का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए प्रेम प्रसंग में हुई हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 15 नवंबर 2023 को गुरचिहवा निवासी काजी नेहाल ने अपने भाई सलामतुल्ला (30) के 5 नवंबर 2023 से लापता होने की सूचना थाना पचपेड़वा में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस का शक राजन गुप्ता उर्फ समीर पर गया। उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल बरामद होने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच तेज की गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी राजन गुप्ता का मृतक की पत्नी से पहले से परिचय था और वह उससे एकतरफा प्रेम करता था। महिला का विवाह सलामतुल्ला से हो जाने के बाद भी वह उससे संपर्क में



रहने की कोशिश करता रहा। इसी वजह से उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सलामतुल्ला की हत्या की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक 5 नवंबर 2023 को आरोपियों ने सलामतुल्ला को घूमने के बहाने कार में बैठाया। रास्ते में उसे ग्लूकोज में नशीली दवा मिलाकर पिला दी। बेहोशी की हालत में रस्सी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को बोरे में भरकर दूसरी गाड़ी से अयोध्या ले जाया गया और एक पुल से नदी में फेंक दिया गया।

जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी मृतक के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर समय-समय पर उसके परिजनों को संदेश भेजते रहे, ताकि सभी को यही लगे कि सलामतुल्ला जीवित है और कहीं बाहर रह रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। इस मामले में राजन गुप्ता उर्फ समीर निवासी महदेइया थाना उतरौला तथा इरफान निवासी महदेइया थाना श्रीदत्तगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं ओसामा और मास्टर नामक दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पूरे मामले का खुलासा थाना पचपेड़वा पुलिस, साइबर सेल, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से हुआ। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है तथा फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बार-बेंच गतिरोध को लेकर अधिवक्ताओं का धरना जारी, न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना आंदोलन जारी रखा, जिसके चलते वादकारियों को बिना काम कराए ही मायूस होकर लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं का कहना है कि बार और बेंच के बीच चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए अधिकारियों और अधिवक्ता एसोसिएशन के बीच वार्ता हुई थी, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। इस मामले में जिलाधिकारी से भी बातचीत की गई, बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि वार्ता के दौरान निर्णित वादों की नकल सहित अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। अधिवक्ता डॉ. विनय भदौरिया ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारियों द्वारा न्यायिक प्रक्रिया का सही ढंग से पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं में नाराजगी है। वहीं पूर्व महामंत्री दल बहादुर सिंह ने बताया कि संगठन ने पीठासीन अधिकारियों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक न्यायिक कार्य का बहिष्कार और आंदोलन जारी रहेगा। धरने में एडवोकेट चित्रेश बहादुर सिंह, शैलेश त्रिवेदी, शिवशंकर पांडेय, सुरेश निगम, संजय अवस्थी, अशोक शुक्ला, हिमांशु श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गांव की पानी की टंकी के पास लाठी-डंडों से हुई मारपीट, कई घायल; पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच शुरू

**चन्दापुर/रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बंजारन मजरे खैराहना में शराब के नशे में हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गांव की पानी की टंकी के पास दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, 28 जून 2026 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह को सूचना मिली कि पूरे बंजारन मजरे खैराहना में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि प्रथम पक्ष के शाकिर, जाकिर, शाकिर और मकबूल तथा द्वितीय पक्ष के गुलजारी, अरमान, भोले और शाहरुख के बीच शराब के नशे में कहासुनी हुई थी। बताया गया कि शाम करीब 7:30 बजे दोनों पक्ष गांव की पानी की टंकी के पास फिर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से गाली-गलौज, जान से मारने की धमकियां तथा लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि घटना से गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हुई। उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह की तहरीर पर दोनों पक्षों के आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीताग्रुप के छात्रों ने सीएचसी अधीक्षक समेत कई डॉक्टरों का जताया आभार



**महमूदाबाद-** सीतापुर चिकित्सा एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा का माध्यम है। चिकित्सकों की कर्तव्यनिष्ठा और अथक प्रयासों से ही समाज स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त बनता है। समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा अनुकरणीय है। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने चिकित्सकों के समर्पण, सेवा-भाव और समाज के प्रति निस्वार्थ योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीता ग्रुप की सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने नगर में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सम्मानित चिकित्सकों का भावपूर्ण अभिनंदन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने महमूदाबाद सीएचसी के अधीक्षक डॉ. आशीष सिंह व उनके समस्त स्टाफ के साथ-साथ डॉ. महाराज सिंह, डॉ. स्वाति पांडेय, डॉ. मीनाक्षी तथा डॉ. विपिन व अन्य चिकित्सकों का रोली-टीका व बैज लगाकर माल्यार्पण करने के साथ मिठाई खिलाकर सम्मान किया। सभी चिकित्सकों ने बच्चों के इस स्नेह और सम्मान के लिए संस्था का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन की शिक्षिका दीक्षा तिवारी, उपांशी, रितेश कश्यप उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर चिकित्सकों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

# सहकारिता क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बना देश के लिए मॉडल

**● एम-पैक्स से डिजिटल क्रांति तक नई पहचान**

**भारत टैक्सी सहकारिता आधारित स्वरोजगार का अभिनव मॉडल, युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार- जे.पी.एस. राठौर.**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में राज्य स्तरीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों, डिजिटलीकरण, किसानों के सशक्तीकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सहकारिता भारतीय संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है। समूह में कार्य करने से विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री के नेतृत्व में देश में सहकारिता आंदोलन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी जैसी पहल युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 के बाद देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है और उत्तर प्रदेश भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश का बजट तीन गुना हुआ है, प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है तथा सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी और कानून-व्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था गंभीर चुनौतियों से जूझ रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में व्यापक सुधारों के परिणामस्वरूप बंद पड़े 16 जिला सहकारी बैंकों का पुनर्जीवन किया गया। आज प्रदेश के 50 में से 46 जिला सहकारी बैंक लाभ में हैं और वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन बैंकों ने 152.78 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 6,840 एम-पैक्स समितियों को उर्वरक व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपये तक की ब्याजमुक्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये किए जाने की तैयारी है। इन समितियों ने लगभग 7,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर करीब 200 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। वर्तमान में 5,686 पैक्स समितियों का कंप्यूटरीकरण, 1,479 समितियों में सोलर रूफटॉप, 1,315 गोदामों का सुदृढ़ीकरण तथा 161 जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक 18 करोड़ रुपये से अधिक का डिजिटल लेन-देन किया जा चुका है। राठौर ने बताया कि सदस्यता महाअभियान के तहत वर्ष 2023 और 2025 में 54 लाख से अधिक नए सदस्य जुड़े, जिससे 113 करोड़ रुपये का शेयर कैपिटल प्राप्त हुआ। वहीं जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए तथा लगभग 550 करोड़ रुपये की नई जमा राशि प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के दौरान सहकारिता क्षेत्र में केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विशेष वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही भारत टैक्सी पहल पर मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) विवेक पाण्डेय ने प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि यह सहकारिता आधारित मॉडल युवाओं को स्वरोजगार, ड्राइवरों एवं वाहन स्वामियों को संगठित मंच तथा सम्मानजनक एवं स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि भारत टैक्सी केवल परिवहन सेवा नहीं, बल्कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण का नया मॉडल है। प्रदेश सरकार सहकारी बैंकों के माध्यम से इस योजना से जुड़े लोगों को रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, बस्ती के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस.के. तोमर ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती में सहकारिता की भूमिका पर व्याख्यान दिया। वहीं उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की शाखाओं में आधार सेवा का शुभारंभ भी किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं और अधिक सरल, सुलभ एवं डिजिटल बनेंगी। समारोह के दौरान सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न पैक्स समितियों, जिला सहकारी बैंकों, पदाधिकारियों तथा ई-केसीसी योजना के लाभार्थी किसानों को सम्मानित एवं प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता अजय शुक्ला, सहकारिता आयुक्त एवं निबंधक योगेश कुमार, पीसीएफ के प्रबंध निदेशक चंद्रभूषण सिंह, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार, यूआईडीएआई के उपमहानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह, विभिन्न जिला सहकारी बैंकों एवं सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, किसान तथा बड़ी संख्या में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सम्पर्क सूत्र- संजय कुमार/ओबैदुर रहमान**

## स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने 10 उप निबंधक कार्यालयों का किया वर्चुअल शिलान्यास

**● रजिस्ट्री कार्यालयों में आमजन को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन सरकार- रवींद्र जायसवाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नवनिर्मित 10 उप निबंधक कार्यालयों एवं अभिलेखागार भवनों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रजिस्ट्री कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को आधुनिक, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम के तहत मथुरा, कुशीनगर, झांसी, गोण्डा, मुरादाबाद, अमरोहा, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ और बाराबंकी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह आयोजित किए गए। मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि नए एवं विस्तारित भवनों के निर्माण से विलेखों के पंजीकरण की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी तथा सरकारी अभिलेखों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आमजन को विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और पंजीयन विभाग में भी आधुनिक तकनीक एवं बेहतर अवसंरचना विकसित की जा रही है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सभी 10 स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समारोह आयोजित किए गए। मथुरा में राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह, सांसद हेमा मालिनी, विधान परिषद सदस्य योगेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह तथा विधायक श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे। कुशीनगर के कप्तानगंज में सांसद विजय कुमार दूबे एवं विधायक विनय प्रकाश गोंड, जबकि झांसी में सांसद अनुराग शर्मा, विधायक राजीव सिंह पारीछा तथा विधायक रवि शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए। गोण्डा में विधायक प्रतीक भूषण सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह (मंजू सिंह) एवं सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, मुरादाबाद में विधायक रितेश कुमार गुप्ता, अमरोहा के हसनपुर में सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी तथा विधान परिषद सदस्य डॉ. हरि सिंह ढिल्लों उपस्थित रहे। सीतापुर में राज्य मंत्री (कारागार) सुरेश राही, राज्य मंत्री (नगर विकास) राकेश राठौर एवं विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, हरदोई में सांसद जय प्रकाश, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल तथा विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार अग्रवाल, लखनऊ के मोहनलालगंज में विधायक अमरेश कुमार रावत तथा बाराबंकी में विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए।

**सम्पर्क सूत्र- डा0 मनोज चन्द्रा**

## जनरल विपिन रावत डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड के लिए 43.76 करोड़ रुपये स्वीकृत

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनरल विपिन रावत डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड के अंतर्गत विकसित की जा रही आधारभूत अवसंरचना को गति देने के लिए आंतरिक सड़कों एवं जल निकासी निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में 43.76 करोड़ रुपये से अधिक की तीसरी किश्त जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना के अंतर्गत जनरल विपिन रावत डिफेंस इण्डस्ट्रियल कारीडोर, झांसी नोड के तहत जनपद झांसी में आन्तरिक सड़कों एवं जल निकासी के निर्माण का कार्य किया जायेगा। इससे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में उद्योगों के लिए आधुनिक एवं विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे रक्षा विनिर्माण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर निवेश तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस संबंध में अवस्थापना विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीकृत धनराशि का आहरण केवल वास्तविक एवं तात्कालिक आवश्यकता के अनुरूप किया जाएगा।

**सम्पर्क सूत्र- सरिता वर्मा**

## रोवर तकनीक से होगी भूमि की सटीक पैमाइश, किसानों को मिलेंगे विवादमुक्त स्वामित्व के अधिकार

**● उत्तर प्रदेश सरकार का 01 जुलाई से 15 अगस्त तक विशेष अभियान, प्रत्येक तहसील में उपलब्ध रहेंगे रोवर उपकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि पैमाइश व्यवस्था को पारदर्शी, आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धारा-24 के अंतर्गत 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक राज्यव्यापी रोवर आधारित पैमाइश अभियान प्रारंभ किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसानों एवं आम नागरिकों को भूमि की इंच-इंच की सटीक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी पैमाइश उपलब्ध कराना है, जिससे राजस्व संबंधी विवादों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक तहसील में अत्याधुनिक रोवर उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इन उपकरणों की सहायता से भूमि की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक एवं डिजिटल तरीके से निर्धारण किया जाएगा। पारंपरिक पैमाइश की तुलना में यह तकनीक

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

अधिक तेज, सटीक और विश्वसनीय है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना नगण्य रहेगी तथा राजस्व अभिलेखों की शुद्धता भी बढ़ेगी। रोवर आधारित पैमाइश से सीमा विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण संभव होगा। साथ ही अनावश्यक मुकदमों में कमी आएगी और किसानों को उनकी भूमि पर स्पष्ट एवं सुरक्षित अधिकार प्राप्त होंगे। यह पहल राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को और अधिक सुदृढ़ करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी किसानों एवं भूमि स्वामियों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ तथा निर्धारित अवधि में अपनी भूमि की पैमाइश कराकर सही अभिलेख सुनिश्चित करें। अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाइट तथा राजस्व परिषद के पोर्टल पर उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र- आशिया खातून**

## 15 जुलाई तक एचएस टीकाकरण अभियान का स्थलीय अनुश्रवण करें अधिकारी : धर्मपाल सिंह

**● गलघोटू और खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए माइक्रो प्लान बनाकर गांव-गांव पहुंचें टीमें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 जुलाई तक चलने वाले एचएस (गलघोटू) टीकाकरण अभियान का स्थलीय अनुश्रवण करते हुए इसकी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने आगामी 22 जुलाई से शुरू होने वाले खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान की माइक्रो प्लानिंग समय से पूरी करने, पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध कराने तथा कोल्ड चेन और अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश भी दिए। बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुओं के संक्रामक रोगों की रोकथाम संबंधी अभियान की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करें, संक्रामक रोगों के लक्षणों की पहचान करें तथा गलघोटू और एफएमडी के विरुद्ध शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक गांव के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाजारों, पशु हाटों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर पशुपालकों को रोगों की रोकथाम, जैव सुरक्षा (बायो सिक्योरिटी) उपायों तथा समय पर टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही पशुपालकों से सीधे संवाद स्थापित कर अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए हरे चारे की बुवाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया (एचएस/ गलघोटू) एक अत्यंत संक्रामक जीवाणुजनित रोग है, जो मुख्य रूप से गाय और भैंस को प्रभावित करता है तथा समय पर उपचार न मिलने पर पशुओं की मृत्यु का कारण बन सकता है। वहीं खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) एक विषाणुजनित रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी, भेड़, सूअर सहित अन्य द्विखुरी पशुओं को प्रभावित कर पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि इन रोगों की रोकथाम के लिए समय पर टीकाकरण, सतत निगरानी और जैव सुरक्षा उपायों का पालन अत्यंत आवश्यक है। पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान विभाग के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5141 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पशुपालक किसी भी संक्रामक रोग की सूचना तत्काल विभाग को दे सकें और समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पशुधन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस अभियान के माध्यम से पशुधन की सुरक्षा के साथ पशुपालकों की आय को भी संरक्षित किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जनपदों के दूरस्थ गांवों तक पहुंचकर टीकाकरण अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता, कोल्ड चेन की प्रभावी व्यवस्था तथा किसानों और पशुपालकों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. संगीता तिवारी, पशुधन विकास परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पी.के. सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**सम्पर्क सूत्र- निधि वर्मा**

## योगी सरकार की पहल से रेशम किसानों की आय में ऐतिहासिक उछाल

**● मंत्री राकेश सचान ने किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण, 08 उत्कृष्ट कीटपालकों को किया सम्मानित**

**पारदर्शी नीतियों और तकनीक से रेशम क्षेत्र में नई क्रांति, अंतिम किसान तक पहुंचेगा योजना का लाभ-मंत्री सचान**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश रेशम उत्पादन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बुधवार को खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने रेशम निदेशालय, गोमतीनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार एवं पीसीएसएफ के अध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योगी सरकार की किसान-हितैषी नीतियों से रेशम किसानों के जीवन में समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया दौर शुरू हुआ है। मंत्री सचान ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार शहतूती, टसर एवं एरी सेक्टर की सभी फसलों के ककून पर एमएसपी लागू की गई है। इसका सीधा लाभ किसानों को मिला है। वर्ष 2026-27 की शहतूती सेक्टर की ग्रीष्म फसल में 410324 कि.ग्रा. कोया का उत्पादन हुआ, जिसे किसानों ने 970.96 लाख रुपए में बेचा। यह पिछले वर्ष 2025-26 की तुलना में 273.44 लाख रुपए अधिक है। यानी रेशम किसानों की आय में 39 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। इस उपलब्धि का उत्सव मनाते हुए मंत्री राकेश सचान एवं अपर मुख्य सचिव बी. एल. मीणा ने ग्रीष्म फसल, 2026 में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाले 08 प्रगतिशील कीटपालकों को प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में गोरखपुर से सत्य प्रकाश सिंह एवं ब्रम्हदेव, गोण्डा से रेनू एवं ठकुराईन वर्मा, लखीमपुर से रामचन्द्र एवं कृष्ण कुमार तथा बहराइच से साहब दयाल एवं मालती शामिल रहे। समीक्षा बैठक में मंत्री सचान ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प है कि हर योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ अंतिम पात्र किसान तक पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि लाभार्थी चयन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में हो और प्रत्येक लाभार्थी का नाम, मोबाइल नंबर व दी गई सहायता का पूरा ब्यौरा तैयार कर भौतिक सत्यापन कराया जाए। इससे योजनाओं में शत-प्रतिशत पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मंत्री सचान ने कहा कि रेशम क्षेत्र को तकनीक से जोड़कर और गुणवत्तापूर्ण सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कर उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी रेशम उत्पादक राज्य बनाया जाएगा। इसके लिए नए और योग्य आपूर्तिकर्ताओं को अवसर देकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जाएगा। रेशम फार्मों की भूमि का अभिलेखीकरण, नर्सरी विकास, पौधारोपण और किसान समितियों को सक्रिय करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों, एमएसपी की सुरक्षा और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी सुविधाओं से रेशम उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि होगी। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**सम्पर्क सूत्र- अमरेश कुमार**

## महानिदेशक कारागार प्रशासन ने विभागीय समीक्षा कर दिए निर्देश

**● कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं श्री पी.सी. मीना द्वारा बुधवार को कारागार विभाग के समस्त उप महानिरीक्षकों, वरिष्ठ अधीक्षकों, अधीक्षकों एवं प्रभारी अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश के सभी कारागार उपमहानिरीक्षक मुख्यालय में बैठक में भौतिक रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कारागार अधीक्षक स्तर पर लंबित विभागीय कार्यवाहियों एवं शिकायतों, विशेषकर मानवाधिकार से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए महानिदेशक ने सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने बंदियों द्वारा आत्महत्या एवं पलायन जैसी घटनाओं की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संवेदनशील स्थान को सीसीटीवी निगरानी के दायरे में लाया जाए तथा सभी क्रियाशील बैरकों की सीसीटीवी कैमरों द्वारा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मेन वाल वायर फेंसिंग, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा मुख्यालय स्थित वीडियो वॉल के माध्यम से श्रंतअपे प्रणाली द्वारा की जा रही सतत निगरानी की भी समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कारागारों में आयोजित किए जा रहे मासिक अलार्म अभ्यास, आदर्श कारागारों में बंदियों के स्थानांतरण की अद्यतन स्थिति, वार्षिक अनुरक्षण हेतु उपलब्ध कराए गए बजट के उपयोग, महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों के कल्याण हेतु जनपद स्तरीय बैठकों की प्रगति, निरुद्ध दिव्यांग बंदियों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत कराने की कार्यवाही तथा मृतक आश्रितों की अनुकम्पा नियुक्तियों से संबंधित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। महानिदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर महानिरीक्षक कारागार धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार कुंतल किशोर, प्रदीप गुप्ता, सुभाष चंद्र शाक्य, श्री राजेश श्रीवास्तव, उपमहानिरीक्षक कारागार पी.एन. पाण्डेय, शैलेन्द्र मैत्रेय, डॉ. रामधनी, वित्त नियंत्रक आबिद अंसारी तथा वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सम्पर्क सूत्र- सी0एल0 सिंह**

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बाईपास रोड स्थित एक उत्सव लॉन में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। कथा शुरू होने से पहले नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, बच्चे और श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा से पहले श्रद्धालु कथा स्थल पर एकत्र हुए। आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल से निकली। यात्रा गांधी चौराहा, बेहटा चौराहा, हनुमान मंदिर सहित नगर के विभिन्न देवालयों से होकर वापस कथा स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। वृंदावन से पधारे कथा व्यास चैतन्य जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया। आयोजक मंडल के दीपप्रकाश शुक्ला ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक होगी। सात जुलाई को कथा का समापन होगा। आठ जुलाई को विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रामस्वरूप यादव, बराती लाल यादव, हनुमान यादव, रामचंद्र मिश्रा, बलराम, राजन यादव, मुन्ना, सुंदरलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जुलाई के पहले दिन इंटर कॉलेज ऐहार में विद्यार्थियों का तिलक-माल्यार्पण से स्वागत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज, ऐहार में गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीन्द्र पांडे ने बताया कि प्रबंधक कार्तिकेय शंकर बाजपेई के निर्देशन में जुलाई के पहले दिन विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन, उत्साह और नियमित अध्ययन की भावना विकसित करना है। स्वागत के बाद सभी विद्यार्थियों को लड्डू वितरित किए गए। प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय आने, पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के ऐसे बच्चों को भी विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया, जो अभी तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, ताकि अधिक से अधिक बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि नए सत्र के पहले ही दिन से विद्यालय की सभी कक्षाओं का नियमित संचालन शुरू कर दिया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का परिचय लेकर उनकी पढ़ाई की तैयारी का भी जायजा लिया तथा पूरे शैक्षणिक सत्र में नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में सहयोग करें, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर शिक्षक दिलीप द्विवेदी, सतीश मिश्रा, राकेश मिश्रा, भीमसेन, गिरजा शंकर, अनुपमा सिंह, संगीता देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम योगी ने सहारनपुर से 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण का किया शुभारंभ

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर से राज्यव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों को नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित कीं तथा जनपद के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस्माइलपुर स्थित सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां शाकुम्बरी की पावन धरती और मां सरस्वती के आशीर्वाद से शिक्षा का यह महायज्ञ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग पूरी ऊर्जा के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश के हर विद्यालय को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया है और शिक्षकों को सम्मान देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया है। इसका परिणाम है कि आज बेसिक शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सर्वोत्तम रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर केवल कार्यक्रम का शुभारंभ नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य को संवारने और हर बच्चे को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है। 'स्कूल चलो अभियान' के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि यह अभियान प्रतिवर्ष दो बार 1 से 15 अप्रैल और 1 से 15 जुलाई तक चलाया जाता है। पहले चरण में मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ के बाद प्रदेश में 20 लाख से अधिक बच्चों का नया नामांकन कराया गया, जिसमें सहारनपुर जनपद में ही 35 हजार से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा गया। अब द्वितीय चरण में 1 जुलाई से फिर अभियान प्रारंभ हुआ है। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता इसी से स्पष्ट है कि विपरीत मौसम और परिस्थितियों के बावजूद कार्यक्रम का शुभारंभ निर्धारित तिथि पर समय से किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत तीन वर्ष के बच्चों को बाल वाटिका में और छह वर्ष के बच्चों को कक्षा एक में नामांकित कराया जाएगा। साथ ही ड्रॉपआउट हो चुके बच्चों को भी वापस शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाएगा। बालिकाओं की सुरक्षा के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है। **सम्पर्क सूत्र- धर्मवीर खरे**

# अमेठी में मुख्यमंत्री आवास योजना से संवर रहे गरीबों के आशियाने

**लखनऊः** किसी भी परिवार के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक घर केवल चार दीवारों का ढांचा नहीं होता, बल्कि यह उसके बेहतर भविष्य, आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा की मजबूत बुनियाद होता है। उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे। इसी जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश में 'मुख्यमंत्री आवास योजना' ग्रामीण का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। यह योजना आज प्रदेश के हजारों जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियों और उम्मीदों की एक नई रोशनी लेकर आई है। वर्ष 2017 से पूर्व इस प्रकार की कोई विशिष्ट योजना संचालित नहीं थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने ग्रामीण गरीबों की इस बुनियादी समस्या को बेहद गंभीरता से लिया और इस योजना को एक सशक्त और प्रभावी स्वरूप प्रदान किया।

इसी कड़ी में जनपद अमेठी में यह योजना ग्रामीण गरीबों, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा प्राकृतिक एवं दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रही है। जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन, प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी के चलते इस योजना का लाभ पात्र लोगों तक पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मूल उद्देश्य उन परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है जो आर्थिक तंगी के कारण आज भी फूस, टिनशेड या अत्यंत जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं। बरसात के मौसम में टपकती छतें, गर्मी का असहनीय तापमान और सर्दी के मौसम में सुरक्षा का अभाव इन परिवारों के जीवन को अत्यंत कष्टप्रद बना देता है।

ऐसे में लाचार परिवारों के लिए यह योजना एक सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन की नई शुरुआत बनकर सामने आई है, जिसमें गरीब परिवारों को पात्रता के आधार पर प्राथमिकता के साथ इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। अमेठी जिले में शासन और प्रशासन के साझा प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2025-26 तक कुल 10,054 पक्के आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। यह संख्या महज कोई सरकारी आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि यह उन हजारों परिवारों की मुस्कान, संतुष्टि और खुशहाली का जीवंत प्रतीक है, जिनके जीवन में इस योजना से एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

प्रशासन द्वारा योजना की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर एक पात्र लाभार्थी का चयन बिना किसी भेदभाव के हो और स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जा सके। विभागीय तंत्र द्वारा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और सतत मॉनिटरिंग ने इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की एक नई मिसाल पेश की है।

तकनीकी और वित्तीय दृष्टि से भी यह योजना अत्यंत सुदृढ़ और लोक- हितैषी है। इसके तहत घर के निर्माण के लिए सरकार द्वारा पात्र परिवारों को सीधे उनके बैंक खातों में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों के नियमों के अनुसार लगभग ?1.20 लाख से ?1.30 लाख तक की यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे ट्रांसफर की जाती है।

वित्तीय सहायता के साथ-साथ इस योजना को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से भी जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत आवास निर्माण के कार्य में मदद के लिए लाभार्थी को लगभग 90 से 100 दिनों तक की अकुशल मजदूरी का लाभ भी प्रदान किया जाता है, जिससे उन्हें अपने ही घर के निर्माण में रोजगार मिल जाता है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के समन्वय से प्रत्येक आवास में शौचालय निर्माण हेतु ?12,000 की अलग से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलू यह है कि यह ग्रामीण आबादी के लिए केवल एक पक्की छत का निर्माण ही नहीं करती है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर खड़े वर्गों के भीतर एक अभूतपूर्व आत्मविश्वास जगाती है। अपना खुद का पक्का घर मिल जाने के बाद इन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल रहा है। घर की मालकियत मिलने से महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक सशक्तिकरण में भारी वृद्धि हुई है। अनेक लाभार्थियों का मानना है कि पक्का आवास मिल जाने के बाद उनके जीवन में एक बड़ा स्थायित्व आया है और शासन की नीतियों के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

वास्तव में, प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल आवास निर्माण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, जीवन स्तर में व्यापक सुधार और एक समावेशी समाज के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण इसी व्यापक दृष्टिकोण का एक मुख्य हिस्सा है, जिसके माध्यम से हर गरीब को सम्मान का अधिकार मिल रहा है। आज अमेठी के हजारों परिवार अपने नए और सुरक्षित आशियाने में एक सम्मानजनक जीवन जीते हुए राज्य सरकार की जनहितैषी सोच और विकासोन्मुखी नीतियों के प्रत्यक्ष गवाह बन रहे हैं। यह योजना उन सभी के लिए आशा और सुरक्षा का एक नया अध्याय लिख रही है, जिनके लिए कभी अपने पक्के घर की कल्पना करना भी एक कठिन स्वप्न जैसा था। **जनपद-अमेठी**

# डॉक्टर डेः सफेद कोट में भगवान, धड़कनों के रखवाले को हजार सलाम

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

1 जुलाई को भारत में 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। ये दिन सिर्फ कैलेंडर की एक तारीख नहीं है। ये उस भरोसे का दिन है जो एक मरीज सबसे ज्यादा दर्द में भी एक अजनबी पर करता है। उस अजनबी का नाम हैः डॉक्टर।

**ये दिन क्यों? डॉ. बिधान चंद्र रॉय की विरासत**

डॉक्टर डे भारत में हर साल 1 जुलाई को पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। डॉ. रॉय MBBS, MRCP और FRCS थे। उन्होंने बिना फीस लिए हजारों मरीजों का इलाज किया। राजनीति में आने के बाद भी वो रोज सुबह 4 बजे उठकर मरीज देखते थे। उनके लिए मरीज भगवान था और सेवा धर्म। इसी सोच को सलाम करने के लिए 1991 से 1 जुलाई को डॉक्टर डे घोषित हुआ। सफेद कोट के पीछे छुपी जिंदगी

हम डॉक्टर को सिर्फ OPD में 5 मिनट देखते हैं। पर उसके पीछे क्या है? नींद की कुर्बानीः 36 घंटे की ड्यूटी, इमरजेंसी कॉल, रात 2 बजे उठकर IC दौड़ना। त्योहार, जन्मदिन, शादी सब हॉस्पिटल की ड्यूटी के आगे सेकेंड पर आ जाता है।

**दिमाग का बोझः** एक गलत दवा, एक छूटा हुआ लक्षण, और किसी की पूरी दुनिया उजड़ सकती है। इसलिए हर केस में 100% दिमाग लगाना पड़ता है। डिप्रेशन और बर्नआउट डॉक्टरों में सबसे ज्यादा है।

**जोखिम उठाकर सेवाः** कोविड-19 में PPE किट पहनकर 12 घंटे काम करना, संक्रामक बीमारियों के बीच खड़े रहना, कभी-कभी मरीजों के परिजनों का गुस्सा झेलना। फिर भी वो भागते नहीं हैं। यही है मानव सेवा। किताबों से नहीं, जिगर से की जाने वाली सेवा। डॉक्टर सिर्फ इलाज नहीं करते, वो उम्मीद देते हैं। गांव का डॉक्टर : जहां MRI-CT नहीं, वहां स्टेथोस्कोप से बीमारी पकड़ लेता है। 50 रुपये फीस में 1 घंटे समझाता है। सर्जनः 8 घंटे टेबल पर झुका रहता है, ताकि किसी और को जिंदगी मिल जाए। बाल रोग विशेषज्ञ : रोते हुए बच्चे को चॉकलेट देकर इंजेक्शन लगाता है, और मां को हिम्मत देता है।

**ग्रामीण MBBS डॉक्टरः** बाढ़, महामारी, एक्सीडेंट में सबसे पहले वही पहुंचता है, एंबुलेंस से पहले। कोविड से लेकर डेंगू, हार्ट अटैक से लेकर डिलीवरी तक, हर संकट में सबसे आगे वो सफेद कोट ही खड़ा मिला। डॉक्टर भगवान नहीं हैं। वो इंसान हैं। उनसे गलती हो सकती है, वो थक सकते हैं। पर इरादा उनका हमेशा सेवा का ही होता है। भरोसा रखिए, सवाल पूछिए : गूगल डॉक्टर से पहले असली डॉक्टर की सुनिए। इज्जत दीजिएः इमरजेंसी में गाली की जगह धन्यवाद दीजिए। वो भी आपके जैसा इंसान है। सेल्फ-केयर : डॉक्टर को भी आराम, सम्मान और सुरक्षित माहौल चाहिए। हिंसा से उनका मनोबल टूटता है, इलाज नहीं सुधरता। निष्कर्षः हजार सलाम कम हैं। डॉक्टर वो पुल है जो 'बीमारी' और 'जिंदगी' के बीच बना है।

वो रात-रात भर जागकर हमारे अपनों की सांसें गिनते हैं। फीस लेते हैं, पर कई बार उम्मीद फ्री में दे देते हैं। इस 1 जुलाई को अपने फैमिली डॉक्टर, अपने शहर के उस सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर, या उस जूनियर रेजिडेंट को एक मैसेज कर दीजिए। कहिएः 'डॉक्टर साहब, आपकी मानव सेवा को हजार सलाम।' क्योंकि जब सब थक जाते हैं, तब भी धड़कन चलती रहती है। और उस धड़कन को चलाने वाला सफेद कोट होता है। लेकिन हम इसे भी नजरंदाज नहीं कर सकते कि चिकित्सा सेवा का व्यवसायीकरण हो चुका है और आम जनता का कहीं कहीं शोषण भी हो रहा है। आज इलाज मानव सेवा न रहकर बेहद महंगा व्यापार बन चुका है। अत्यधिक व्यवसायीकरण के समय में आज कई निजी अस्पताल व नर्सिंग होम लाभ कमाने का केंद्र बन गए हैं। मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी जांचें और दवाइयां लिखी जातीं हैं, जिससे आम आदमी बहुत परेशान है।

# पर्यटन एवं संस्कृति विभाग पीपीपी मॉडल से प्रदेश के ऐतिहासिक इमारतों का होगा कायाकल्प

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित पुरानी इमारतों, किले तथा महलों का कायाकल्प करके देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की शुरूआत की पहल की गई है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है। इसके तहत पुराने जीर्ण-शीर्ण ऐतिहासिक धरोहरों, किलों को सहेज कर भव्य और आकर्षक रूप दिया जायेगा, जिससे पर्यटकों को किले अथवा राजमहल में ठहरने जैसी अनुभूति प्राप्त हो सके। प्रदेश सरकार एडाप्ट हेरीटेज पॉलिसी के अंतर्गत ऐतिहासिक महत्व के भवनों को संरक्षित रखने के साथ विकास और जनसहभागिता के लिए स्मारक मित्रों का चयन कर रही है। पहले चरण में 05 स्मारकों के लिए स्मारक मित्र चयनित किये गये हैं। दूसरे चरण में 26 स्मारकों के लिए स्मारक मित्र चयन करने की कार्यवाही चल रही है। वीरता और पराक्रम के प्रतीक प्रदेश के बुन्देलखण्ड सहित कई जनपदों में पुराने किले तथा महल मौजूद हैं। पर्यटन विभाग निजी सहभागिता के आधार पर इनका सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया है।

इसको लेकर गत वर्ष किलों/महलों के स्वामियों एवं उनके उत्तराधिकारियों को आमंत्रित कर एक संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इसमें जीर्णोद्धार कार्य में लगे हुए लोगों, विशेषज्ञों तथा निवेशकों को भी शामिल किया गया। प्रदेश के तमाम प्राचीन किले एवं महल जर्जर एवं दयनीय स्थिति में हैं। बढ़ती आबादी, औद्योगीकरण, शहरीकरण एवं विकास संबंधी गतिविधियों के चलते इन ऐतिहासिक सम्पत्तियों के आसपास अतिक्रमण एवं बहुमूल्य सामानों के साथ छेड़छाड़ की भी घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। इन किलों से बहुत-सी कहानियां एवं दन्त कथाएं जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा इन किलों का ऐतिहासिक महत्व है। बहुत से किले एवं महल स्थापत्य कला के अद्भुत नमूने हैं।

इनको भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना जरूरी है।

पर्यटन विभाग इन इमारतों को पीपीपी मॉडल पर विकसित कर पर्यटन गतिविधियां संचालित करेगा। इस कदम से जहां एक ओर इन प्राचीन इमारतों का मौलिक सौन्दर्य वापस लौटेगा। इसके साथ ही इन्हें संरक्षित भी किया जा सकेगा। इसके साथ ही दुर्गम एवं बीहड़ स्थानों पर स्थित होने के कारण कहीं-कहीं अवस्थापना सुविधाओं का अभाव है। इनका विकास होने पर दर्शकों एवं पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग ने राजस्थान की तर्ज पर इन धरोहरों को विकसित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार इन ऐतिहासिक धरोहरों को हेरिटेज सर्किट में शामिल करके बुनियादी सुविधाओं से लैस करेगी।

इनकी मार्केटिंग तथा ब्रान्डिंग के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार करके अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को उ0प्र0 की ओर आकर्षित किया जायेगा। इससे उ0प्र0 में रोजगार के साथ-साथ आमदनी के रास्ते खुलेंगे। प्रदेश में आध्यात्मिक सर्किट पर्यटकों को सर्वाधिक आकर्षित कर रहे है। अयोध्या, काशी, मथुरा, कुशीनगर जैसे स्थल पर्यटकों के लिए पसंदीदा गन्तव्य स्थल के रूप में स्थान बनाये हुए हैं। पीपीपी मॉडल पर पुरानी इमारतों को संवारने के बाद पर्यटकों के लिए घूमने के लिए विकल्प के रूप में नये स्थल प्राप्त होंगे।

उ0प्र0 में निवेशकों के लिए पर्यटन नीति-2022 में आकर्षक सुविधाओं के साथ ही सब्सिडी एवं विभिन्न प्रकार की छूट की व्यवस्था की गयी है। उ0प्र0 में औद्योगिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इन्स्पेक्टर राज और लालफीताशाही को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा बेकार एवं अनुपयोगी कानूनों को भी खत्म किया जा रहा है।

वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश की स्थिति में व्यापक बदलाव आया है। अब यह बीमारू राज्य के चक्रव्यूह से निकलकर अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है।

राज्य सरकार प्रदेश में उद्योग-धन्धों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ निवेशकों के साथ खड़ी है। रेल, रोड, सड़क, वायु तथा हेलीपोर्ट एवं अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी विकसित की गई है। यूपी की अर्थव्यवस्था लगातार छलांग लगा रही है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

उ0प्र0 अब सर्वोत्तम प्रदेश की राह पर चल पड़ा है। इससे उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में अपना योगदान अधिक से अधिक देने में सक्षम होगा। राज्य सरकार ने छतरमंजिल लखनऊ, चुनारफोर्ट मिर्जापुर, बरुआसागर फोर्ट झांसी, कोठी गुलिस्ताने एरम, कोठी दर्शन विलास, कोठी रोशन उद्दौला, लखनऊ, बरसाना जलमहल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर देहात, टिकैतराय बारादरी कानपुर सिटी, बुन्देलखण्ड की कुछ सम्पत्तियों-तहरोली फोर्ट झांसी, चिरगॉव फोर्ट झांसी, मडवारा फोर्ट, मस्तानी महल सलारपुर, सेनापति भवन आदि को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के लिए चिन्हित किया है।

इन इमारतों का कायाकल्प होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। प्राचीन स्मारक हमारे गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। इनको संरक्षित, संवर्धित करके बचाये रखना है। इसके साथ ही जनसहभागिता के माध्यम से खासतौर से युवा पीढ़ी देशी व विदेशी पर्यटकों को इन प्राचीन विरासत को बचाने में सहयोग के लिए जागरूकता भी उत्पन्न करता है। **-केवल**

# रकुल प्रीत सिंह की फिल्म जाया जानकी नयका का यूट्यूब पर रिकॉर्ड



» 1 बिलियन व्यूज पाने वाली बनी पहली फिल्म

» रकुल प्रीत सिंह और बेलमकोंडा श्रीनिवास की तेलुगु फिल्म 'जया जानकी नायका' के हिंदी डब वर्जन ने यूट्यूब पर 100 करोड़ व्यूज पार कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है

» जो इसे यह कीर्तिमान स्थापित करने वाली दुनिया की पहली फिल्म बनाता है।

साल 2017 में आई तेलुगु फिल्म 'जया जानकी नायका' ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। रकुल प्रीत सिंह और बेलमकोंडा श्रीनिवास की इस फिल्म के हिंदी डब वर्जन को यूट्यूब पर 100 करोड़ (1 बिलियन) से ज्यादा बार देखा जा चुका है। दुनिया भर में यह रिकॉर्ड बनाने वाली यह पहली फिल्म बन गई है। इस बड़ी कामयाबी से खुश होकर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने कहा कि अगर हम इस संख्या की तुलना सिनेमाघरों में जाने वाले लोगों से करें, तो यह एक बहुत बड़ा आंकड़ा है। यह वाकई हैरान करने वाला और शानदार है।

**फिल्म के फ्लॉप होने की खबरों को बताया गलत**

रकुल ने बताया कि उन्हें इस फिल्म को मिल रहे अच्छे व्यूज के बारे में पता तो था, लेकिन 100 करोड़ का आंकड़ा छूना उनके लिए भी एक बड़ा सरप्राइज था। उन्होंने हंसते हुए कहा कि यह सच है या नहीं, इसे देखने के लिए वह खुद यूट्यूब पर गईं। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेट पर चल रही उन खबरों को गलत बताया जिनमें इस फिल्म को फ्लॉप कहा गया था। रकुल ने साफ किया कि जब यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब भी इसे दर्शकों का बहुत प्यार मिला था और पूरी टीम ने इसकी सफलता का जश्न मनाया था।

**फिल्मों के लिए खुलेंगे नए रास्ते**

रकुल प्रीत सिंह का मानना है कि साल 2020 में कोरोना महामारी के बाद से साउथ की फिल्मों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज्यादा दर्शक मिलने लगे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस फिल्म की सफलता के बाद आने वाले समय में फिल्मों और मेकर्स के लिए नए रास्ते खुलेंगे। रकुल ने कहा कि अभी ओटीटी की दुनिया में सीमित विकल्प हैं, लेकिन यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म के मजबूत होने से नए मेकर्स को अपनी फिल्में लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। आने वाले समय में ऐसी छोटी फिल्में या त्योहारों वाली फिल्में जिन्हें थिएटर नहीं मिल पाते, वे सीधे यूट्यूब पर भी रिलीज की जा सकेंगी।

# भारत में नवजात और छोटे बच्चों के लिए खिलौना बन गया है मोबाइल

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों की सतत देखभाल के लिए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एसएसबीएसके) की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत जन्म से तीन वर्ष तक के सभी बच्चों का न केवल नियमित टीकाकरण किया जाएगा, बल्कि उनके वजन, पोषण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कमजोर एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का उपचार भी सरकार द्वारा निःशुल्क कराया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बताया कि जन्म के बाद प्रारंभिक अवधि में स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्राम स्तर तक प्रत्येक नवजात की नियमित निगरानी करेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, कुपोषण को रोकना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

भारत में आज भी बड़ी आबादी दैनिक मजदूरी पर निर्भर है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण अनेक परिवारों में गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को पर्याप्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। इसका परिणाम यह होता है कि अनेक बच्चे जन्म से ही कमजोर और कुपोषित होते हैं तथा आगे चलकर गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एक महत्वपूर्ण अपील भी की कि नवजात और छोटे बच्चों को मोबाइल फोन से यथासंभव दूर रखा जाए। यह अपील इसलिए आवश्यक है क्योंकि आज मोबाइल धीरे-धीरे छोटे बच्चों का सबसे प्रिय 'खिलौना' बनता जा रहा है।

अक्सर माता-पिता अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को मोबाइल थमा देते हैं। रंग-बिरंगी स्क्रीन और वीडियो में बच्चे इतने खो जाते हैं कि धीरे-धीरे उन्हें मोबाइल की आदत लग जाती है। बाद में जब यही आदत उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, तब दोष केवल मोबाइल को दिया जाता है, जबकि इसके लिए कहीं न कहीं अभिभावकों की भूमिका भी जिम्मेदार होती है। आज प्रश्न यह है कि कितने माता-पिता अपने बच्चों के लिए खिलौने, कहानी की पुस्तकें, कॉमिक्स या रचनात्मक गतिविधियों की व्यवस्था करते हैं? यदि बचपन से ही बच्चों को मोबाइल की जगह पुस्तकों, खेलों और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जाए, तो उनका मानसिक और सामाजिक विकास अधिक संतुलित होगा।

चिकित्सकों का भी मानना है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों की आंखों, नींद, एकाग्रता, भाषा विकास तथा व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसलिए आवश्यक है कि माता-पिता स्वयं भी मोबाइल के उपयोग में संयम बरतें और बच्चों के सामने स्वस्थ उदाहरण प्रस्तुत करें। जब तक समाज स्वयं अपनी इच्छाशक्ति से मोबाइल के अनियंत्रित उपयोग पर अंकुश नहीं लगाएगा, तब तक बच्चों को स्क्रीन की लत, कुपोषण और अन्य विकास संबंधी समस्याओं से बचाना सरकार और समाज दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

**अरविंद रावल**

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन अधिक भागदौड़ से थकान हो सकती है। शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**वृषभ** आज आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात लाभदायक साबित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में मेहनत का उचित फल मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। शुभ रंगः सफेद 7 शुभ अंकः 6

**मिथुन** आज आपकी वाणी और बुद्धिमत्ता लोगों को प्रभावित करेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**कर्क** भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निवेश करें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मजबूत होंगे। शुभ रंगः चांदी 7 शुभ अंकः 2

**सिंह** आज मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिल सकती है। व्यापार में लाभ के योग हैं। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या** कार्यस्थल पर आपकी मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। किसी महत्वपूर्ण योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखें। शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**तुला** आज भाग्य का साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है। शुभ रंगः गुलाबी 7 शुभ अंकः 7

**वृश्चिक** धैर्य और संयम बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ रंगः मैरून 7 शुभ अंकः 8

**धनु** लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 3

**मकर** आर्थिक लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। शुभ रंगः नीला 7 शुभ अंकः 8

**कुंभ** नई योजनाओं पर काम करने का सही समय है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में विश्वास बनाए रखें। शुभ रंगः आसमानी 7 शुभ अंकः 4

**मीन** आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में शुभ समाचार मिल सकता है। शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 7

# कलम से क्रांति, कलम से ही भ्रांति, लेखन का असीमित प्रभाव

**(ज्यादा सोचें, कम बोलें)**

मनुष्य को प्रकृति ने अनेक वरदान दिए हैं, किंतु उनमें सबसे विलक्षण वरदान वाणी और शब्द हैं। शब्द ही मनुष्य को अन्य प्राणियों से अलग पहचान देते हैं। भारतीय चिंतन परंपरा में कहा गया अक्षर कभी नष्ट नहीं होते।शब्द समय की सीमाओं को लाँघकर पीढ़ियों तक जीवित रहते हैं। इसी कारण लेखनी को तलवार से अधिक शक्तिशाली माना गया है। तलवार केवल शरीर को घायल करती है, जबकि शब्द मन, मस्तिष्क और आत्मा तक को झकझोर देते हैं। इसलिए यह कहा गया है कि बोलने से पहले सौ बार सोचो, और लिखने से पहले हजार बार। लेखनी सृजन का भी माध्यम है और विनाश का भी। कलम से क्रांति भी जन्म लेती है और भ्रांति भी फैलती है। इतिहास साक्षी है कि विचारों ने साम्राज्यों को बदला है, क्रांतियों को जन्म दिया है और सभ्यताओं की दिशा निर्धारित की है। महान फ्रांसीसी चिंतक वोल्टेयर का कथन है विचारों की शक्ति तलवार से कहीं अधिक स्थायी होती है। इसी भाव को अंग्रेज़ी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक अर्नेस्ट हेमिंग्वे ने अपने लेखन से सिद्ध किया। उनके शब्द सीधे पाठकों के हृदय में उतर जाते थे। शब्दों की यही संवेदनशीलता उन्हें विश्व साहित्य के शिखर पर स्थापित करती है।

भारतीय साहित्य की परंपरा भी शब्दों की इसी दिव्य शक्ति की साक्षी है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से न केवल भक्ति का अमृत प्रवाहित किया, बल्कि भारतीय समाज को नैतिकता, मर्यादा और मानवता का मार्ग भी दिखाया। कबीर ने सहज और लोकभाषा में ऐसे दोहे रचे जो आज भी सामाजिक चेतना के दीपक हैं। उन्होंने कहा कि

ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय। औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होय॥

यह केवल काव्य नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-दर्शन है। मुंशी प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों और कहानियों के माध्यम से समाज की पीड़ा को शब्द दिए। उनकी लेखनी ने शोषितों, किसानों और वंचितों की आवाज़ बनकर साहित्य को जनजीवन से जोड़ा। देवकीनंदन खत्री की चंद्रकांता और चंद्रकांता संतति ने लाखों लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। यह किसी लेखक की लेखनी की सबसे बड़ी सफलता कही जा सकती है। आधुनिक हिंदी साहित्य में अज्ञेय ने भाषा को नई संवेदनशीलता और बौद्धिक ऊँचाई प्रदान की।

उनकी शब्दावली भले ही गंभीर रही हो, किंतु उसका प्रभाव पाठकों के अंतर्मन तक पहुँचता है। रामधारी सिंह 'दिनकर' ने लिखा था शब्द जब अन्याय के विरुद्ध उठते हैं, तब वे क्रांति बन जाते हैं। यही साहित्य का वास्तविक उद्देश्य भी है।

राजनीति और कूटनीति में शब्दों का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक शब्द युद्ध का कारण बन सकता है तो दूसरा शांति का सेतु। इतिहास में अनेक अवसर ऐसे आए जब नेताओं के भाषणों ने समाज को दिशा दी, तो अनेक बार असावधान वक्तव्यों ने हिंसा और वैमनस्य को जन्म दिया। कूटनीति में तो एक-एक शब्द को अत्यंत सावधानी से चुना जाता है, क्योंकि उसका अर्थ केवल भाषा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रों के संबंधों को भी प्रभावित करता है।

महाभारत का प्रसंग इसका सशक्त उदाहरण है। द्रौपदी के कटु वचनों और अपमान की घटनाओं ने अंततः महायुद्ध का मार्ग प्रशस्त किया। दूसरी ओर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों ने अर्जुन के संशय को दूर कर धर्म और कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त किया। यह शब्दों की ही शक्ति थी। आज के डिजिटल युग में शब्दों की शक्ति और भी बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर लिखा गया एक वाक्य लाखों लोगों तक कुछ ही क्षणों में पहुँच जाता है। एक असत्य सूचना समाज में भ्रम, भय और हिंसा फैला सकती है, जबकि एक सकारात्मक संदेश लाखों लोगों को प्रेरित कर सकता है। इसलिए लेखन और वक्तव्य दोनों में संयम, सत्य और उत्तरदायित्व अनिवार्य हैं।

महात्मा गांधी ने कहा था सत्य और अहिंसा केवल कर्म में ही नहीं, वाणी में भी दिखाई देनी चाहिए।

स्वामी विवेकानंद युवाओं से कहते थे–ऐसा बोलो जिससे लोगों में आत्मविश्वास जागे, निराशा नहीं।

आचार्य विनोबा भावे का मानना था कि वाणी वही श्रेष्ठ है जो मनुष्य और समाज दोनों का कल्याण करे।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी शब्दों का महत्व अत्यंत गहरा है। विश्व के बड़े राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों के वक्तव्य कई बार युद्ध और शांति के बीच की दूरी तय करते हैं। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में संवाद, संयम और कूटनीतिक भाषा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। भारत की पहचान विश्व में शांति, सह-अस्तित्व और संवाद की संस्कृति के कारण रही है। यही कारण है कि अनेक अंतरराष्ट्रीय विवादों में भारत को विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में देखा जाता है।

भारतीय संस्कृति ने सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का संदेश दिया है। हमारी संत परंपरा, साहित्य और दर्शन मधुर वाणी, संतुलित भाषा और सद्विचारों को सामाजिक विकास का आधार मानते हैं। शब्द तभी सार्थक हैं जब वे मनुष्य को जोड़ें, तोड़ें नहीं; आशा जगाएँ, निराशा नहीं; शांति स्थापित करें, संघर्ष नहीं। आज आवश्यकता इस बात की है कि विशेषकर युवा पीढ़ी सोशल मीडिया, सार्वजनिक जीवन और व्यक्तिगत व्यवहार में शब्दों का चयन अत्यंत सावधानी से करे। कम बोलना, अधिक सोचना और सार्थक लिखना ही व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पहचान है। **अंततः** यही कहा जा सकता है कि संसार पर वही व्यक्ति स्थायी प्रभाव छोड़ता है जो अपने शब्दों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना जानता है। गलत शब्द संबंध तोड़ सकते हैं, समाज में विद्वेष फैला सकते हैं और विनाश का कारण बन सकते हैं; जबकि मधुर, संतुलित और सत्यनिष्ठ शब्द टूटे हुए मनों को जोड़ सकते हैं, युद्ध को शांति में बदल सकते हैं और मानवता को नई दिशा दे सकते हैं। कलम केवल स्याही से नहीं चलती, वह विचारों, विवेक, संवेदना और उत्तरदायित्व से चलती है। इसलिए लिखिए भी सोच-समझकर, बोलिए भी तौल-तौलकर क्योंकि कलम से क्रांति भी जन्म लेती है और कलम से ही भ्रांति भी।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नेताओं को नजरबंद मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर कांग्रेस का विरोध

**देवरिया।** अयोध्या में प्रस्तावित दर्शन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस-प्रशासन द्वारा नजरबंद किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने बताया कि मंगलवार सुबह कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन में शामिल होना था कि पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस नेता सुयश मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, मुकुंद भास्कर मणि , हरिहर त्रिपाठी और विजय कुशवाहा को उनके आवासों पर ही नजरबंद कर दिया जिससे कई कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या नहीं जा सके। विजय शेखर ने कहा कि पार्टी का कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा था। ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने से रोकना नागरिकों के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र और सभी धर्मों के सम्मान की भावना में विश्वास करती है। जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा और जिला महासचिव रत्नेश मल्ल ने संयुक्त बयान जारी कर प्रशासन की कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और जनभावनाओं की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इस संबंध में पुलिस-प्रशासन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका है।

### उदा पासी के अदम्य साहस और किशन पटनायक के समाजवादी विचारों को किया नमन

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय में वीरांगना उदा देवी पासी और समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उदा देवी पासी ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि लखनऊ के सिकंदरबाग की लड़ाई में उदा देवी ने पेड़ पर चढ़कर कई ब्रिटिश सैनिकों को मार गिराया था। वे अवध की बेगम हज़रत महल की महिला ब्रिगेड की सदस्य थीं और पति मक्का पासी के वीरगति प्राप्त करने के बाद अंग्रेजों से संघर्ष का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनकी वीरता के कारण उन्हें 'ब्लैक टाइग्रेस' के नाम से भी जाना जाता है। किशन पटनायक को याद करते हुए चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि वे डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रेरित प्रमुख समाजवादी नेताओं में रहे। वर्ष 1962 में लोकसभा सदस्य बनने के बाद उन्होंने संसद में गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के मुद्दों को मजबूती से उठाया। कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह, श्यामराज कन्नौजिया, शंकर गोंड, रामप्यारे यादव, अभिषेक 'गुड्डू' गोंड, नवल किशोर यादव, अयोध्या वर्मा, लक्ष्मी यादव, पारस प्रसाद, विनोद यादव, महेश गोंड, व्यास यादव, गोविंद यादव, लोरिक यादव, मुस्तकीम, अशोक यादव, दयानंद यादव सहित अन्य लोगों ने उदा देवी पासी और किशन पटनायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला वृद्धा का शव, पुलिस जांच में जुटी



**देवरिया।** जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पास सिसवा जंगल में मंगलवार सुबह एक वृद्ध महिला का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे ग्राम प्रधान नारायणपुर ने सूचना दी कि जंगल में एक वृद्ध महिला पेड़ से लटकी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, जिसमें मृतका की पहचान राजमती देवी (65 वर्ष), पत्नी स्व. रामनरेश सिंह, निवासी ग्राम कुड़वा दिलीप नगर (कुंवर टोला), थाना कसया, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस, देवरिया भेज दिया है। मामले के कारणों की जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला के पेड़ से लटके मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद खजनी में हाई अलर्ट- कोचिंग सेंटरों पर एसडीएम का आकस्मिक निरीक्षण

**● सुरक्षा में लापरवाही पर सख्त चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी-गोरखपुर।** लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में गोरखपुर जनपद की खजनी तहसील में बुधवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहनता से जांच की गई और संचालकों को सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन करने के निर्देश दिए गए। खजनी तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित कोचिंग संस्थानों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी किट, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता, आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), विद्युत वायरिंग, भवन की संरचना तथा छात्रों की सुरक्षित निकासी की व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया गया।

एसडीएम खजनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी कोचिंग संस्थान में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी या लापरवाही पाई गई तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया कि सभी अग्निशमन उपकरण समय-समय पर रिफिल कराए जाएं, विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच कराई जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और छात्रों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाए। साथ ही भवन में पर्याप्त वेंटिलेशन और सुरक्षित निकास मार्ग हमेशा खुले रखने के निर्देश दिए गए। इस अभियान में लोक निर्माण विभाग (PWD) के सहायक अभियंता रोहित सिंह एवं जूनियर इंजीनियर सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने कई संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया और जहां आवश्यक सुधार की जरूरत महसूस हुई, वहां तत्काल कमियां दूर करने के निर्देश दिए।

## नई भोजन प्रथा से स्वस्थ जीवन का दावा, बरहज और रुद्रपुर में लगेंगे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रुद्रपुर/देवरिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बरहज एवं रुद्रपुर केंद्रों पर नई भोजन प्रथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ भोजन की आदतों में बदलाव और प्राकृतिक आहार अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने के बारे में जानकारी देंगे। बरहज एवं रुद्रपुर केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके रीना दीदी ने बताया कि बरहज केंद्र पर 2 जुलाई को शाम 6 से 8 बजे तक तथा 3 जुलाई को रुद्रपुर स्थित रामजी सहाय डिग्री कॉलेज के बैडमिंटन ग्राउंड में शाम 6 से रात 8 बजे तक निःशुल्क एनडीएस शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर सीए सुनील कुमार भोजन की नई पद्धति पर व्याख्यान देंगे। आयोजनकर्ताओं का दावा है कि सूर्य के प्रकाश में तैयार या बिना पकाए सात्विक भोजन के सेवन से स्वास्थ्य को लाभ मिल सकता है और जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है। उन्होंने लोगों से दोनों शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का लाभ उठाने की अपील की।

# स्कूल चलो अभियान की पूरी करें तैयारी

**● पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल पहुंचेंगे अफसरः डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शिक्षा विभाग को पूरी तरह अलर्ट कर दिया है। जिला टास्क फोर्स शिक्षा समिति एवं प्रोजेक्ट अलंकार की बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि 2 जुलाई से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान की सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं और पहले ही दिन बच्चों का उत्साह के साथ स्वागत किया जाए। डीएम ने कहा कि विद्यालयों में पंचायत सचिव, लेखपाल, खंड शिक्षा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर बच्चों का स्वागत करेंगे। उन्होंने सभी विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, शौचालय, सोख्ता, स्वच्छ पेयजल, बिजली और जलभराव जैसी आधारभूत सुविधाओं के निर्देश दिए। जहां कमियां हैं, उन्हें तत्काल दूर करने को कहा।

बैठक में डीएम ने आरबीएसके टीम से विद्यालयों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने, प्रेरणा ऐप के माध्यम से छात्रों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज करने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी शत-प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे और नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही मिड-डे मील, रसोइयों, शिक्षामित्रों, स्पेशल एजुकेटर, ईसीसीई शिक्षकों और अन्य शिक्षकों के मानदेय व देयकों का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और देवरिया को 'निपुण जनपद' बनाने के लक्ष्य के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर सेवा-संकल्प, पौधरोपण और फल-पाठ्य सामग्री किया वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** समाजवादी लोहिया वाहिनी, देवरिया ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस पर सेवा और जनसंपर्क आधारित कार्यक्रम आयोजित किए। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर-21 बांस देवरिया स्थित राजेंद्र पार्क में पीडीए पौधरोपण एवं सदस्यता अभियान चलाया गया। इसके बाद बाल सदन पहुंचकर छात्रों को पाठ्य सामग्री और फल वितरित किए गए।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही छात्रों, युवाओं, किसानों, गरीबों और वंचित वर्ग के हितों की सच्ची संरक्षक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ही शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर युवाओं को रोजगार तथा किसानों को सम्मान दिला सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना करते हुए समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अशोक चौहान, काका चौधरी, सुनील आर्य, सोनू पटेल, सोनू खरवार, गुड्डू, विनोद, दिनेश, रेयाज, अजय कुमार, जावेद अंसारी, वीर बहादुर, आकाश, विनय पाल, आकाश गोंड, बृजभान गिरी, सुजीत कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही पर तीन अधिकारियों को नोटिस, डीएम ने जताई नाराजगी

देवरिया। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिशासी अभियंता विद्युत, खंड विकास अधिकारी भाटपाररानी और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) भाटपाररानी द्वारा शिकायतों का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले आईजीआरएस मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत को बिजली बिल संशोधन के दो मामलों, बीडीओ भाटपाररानी को नाला एवं सड़क निर्माण से जुड़े दो मामलों तथा एडीओ (पंचायत) को ग्राम सभा के विकास कार्य से संबंधित प्रकरण में त्रुटिपूर्ण आख्या देने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवेः दो बार धरने के बाद भी नहीं निकला समाधान, टोल कर्मचारियों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ख़जनी गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों का प्रबंधन के खिलाफ असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर दो बार शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के बावजूद समाधान न होने से नाराज कर्मचारियों ने अब व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया, जबकि उनकी समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि दोनों बार धरने के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप पाठक ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक किसी भी मुद्दे पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में निराशा और रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने समय पर वेतन भुगतान, महंगाई के अनुरूप वेतन वृद्धि, 12 घंटे की ड्यूटी समाप्त कर 8 घंटे की नियमित कार्य अवधि लागू करने तथा अतिरिक्त कार्य के बदले नियमानुसार ओवरटाइम भुगतान की मांग की है। इसके अलावा ईएसआई, पीएफ, दुर्घटना एवं जीवन बीमा, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरण, दुर्घटना की स्थिति में तत्काल उपचार एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई है। कर्मचारियों ने साप्ताहिक एवं राष्ट्रीय अवकाश, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बिना उचित कारण किसी कर्मचारी की सेवा समाप्त न किए जाने की भी मांग की है।

कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी मूलभूत समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि श्रम कानूनों के तहत मिलने वाले अधिकार और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित कराना है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन और अधिकारियों की होगी। वहीं, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप पाठक ने कर्मचारियों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों और सुपरवाइजरों को समय पर पूरा वेतन तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उनके अनुसार कुछ स्थानीय सुपरवाइजर कंपनी के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं और कर्मचारियों को गुमराह कर संगठन के भीतर फूट डालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की भी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि परियोजना की कार्य व्यवस्था प्रभावित न हो। ख़जनी टोल असिस्टेंट मैनेजर शिवम तिवारी ने बताया उक्त मांग व ज्ञापन धरना अभी मेरे सज्ञान में नही है।

## मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत निस्तारण में खजनी तहसील का प्रदेश में तीसरा स्थान, एसडीएम राजेश प्रबताप सिंह के नेतृत्व का दिखा असर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद गोरखपुर की खजनी तहसील ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई (आईजीआरएस) पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जून माह की रैंकिंग में खजनी तहसील ने 96 प्रतिशत गुणवत्ता अंक प्राप्त करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल गोरखपुर जिले का मान बढ़ा है, बल्कि तहसील प्रशासन की कार्यशैली और जवाबदेही की भी सराहना हो रही है। इस सफलता का श्रेय उप जिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की कार्यप्रणाली को दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा, संबंधित अधिकारियों से समयबद्ध कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का परिणाम प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जारी रैंकिंग के अनुसार खजनी तहसील को 100 में से 96 अंक प्राप्त हुए, जो जिले की सभी तहसीलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं गोरखपुर की अन्य तहसीलों में सहजनवा को 83 अंक के साथ प्रदेश में 68वां, बाँसगांव को 80 अंक के साथ 87वां, कैम्पियरगंज को 79 अंक के साथ 98वां, चौरीचौरा को 78 अंक के साथ 101वां तथा गोला और सदर तहसील को 74-74 अंक के साथ संयुक्त रूप से 140वां स्थान प्राप्त हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। खजनी तहसील ने इसी दिशा में लगातार बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश की शीर्ष तीन तहसीलों में स्थान बनाया है।

तहसील की इस उपलब्धि पर कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि शिकायतों के समयबद्ध समाधान से प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में भी इसी तरह की कार्यसंस्कृति बनाए रखते हुए खजनी तहसील प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। खजनी तहसील की यह उपलब्धि गोरखपुर प्रशासन के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है और यह साबित करती है कि प्रभावी नेतृत्व, नियमित समीक्षा तथा जवाबदेह कार्यप्रणाली से प्रशासनिक व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डाः** बभनजोत ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं लोकप्रिय भाजपा नेता नीरज पटेल का जन्मदिन बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाने के साथ-साथ उनके दीर्घायु की कामना की। जन्मदिन का कार्यक्रम बभनजोत ब्लॉक कार्यालय पर आयोजित किया गया। सुबह कार्यकर्ताओं ने अपने लोकप्रिय नेता नीरज पटेल के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी, इसके बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने अपने जन्म दिवस पर बड़ा केक काटकर भाजपा पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं और ब्लॉक कर्मचारियों को अपने हाथों से केक खिलाया। सभी ने मिलकर अपने लोकप्रिय नेता के दीर्घायु की कामना की द्य केक काटने के बाद नीरज पटेल ने कहा कि 'ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का पद जनता की सेवा का माध्यम है। आप सभी के आशीर्वाद से ब्लॉक में सड़क, बिजली, पानी और ब्लॉक का काम तेजी से हो रहा है। मेरा सपना है कि मेरा ब्लॉक पूरे जिले में नंबर-1 बने। आपका एक-एक आशीर्वाद मेरे लिए ऊर्जा है। 'इस अवसर पर बीडीओ लक्ष्मण प्रसाद ,प्रधान सुनील, दिलीप कुमार वर्मा, अवधेश वर्मा, गोविंद वर्मा, पप्पू मौर्य, सरवन वर्मा, विनय वर्मा, इंद्र प्रसाद गुप्ता, पप्पू शुक्ला, जितेंद्र पांडे, देवनारायण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### मतदेय स्थलों के पुनर्गठन पर डीएम की राजनीतिक दलों संग बैठक, 15 जुलाई तक मांगे सुझाव

**देवरिया।** आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदेय स्थलों के संभाजन, संशोधन और समायोजन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि भौतिक सत्यापन के बाद 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों का विभाजन किया जाएगा, जबकि कम मतदाताओं वाले केंद्रों का आवश्यकतानुसार समायोजन होगा। जर्जर व अस्थायी भवनों में संचालित मतदान केंद्रों को स्थायी भवनों में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने राजनीतिक दलों से कहा कि यदि किसी मतदेय स्थल में बदलाव आवश्यक लगे तो 15 जुलाई तक लिखित सुझाव संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि जांच के बाद संशोधित प्रस्ताव समय से निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके।

### बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन व टेबल फैन युवक लेकर फरार

**सहजनवाः** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम तेनुआ में मंगलवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे एक युवक ने बरामदे में सो रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन और बगल में रखे टेबल पंखे को उठा कर भागने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी और बाद में थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में तहरीर देने वाले ओमप्रकाश शुक्ल ने बताया कि उनकी माता बरामदे में सो रही थीं। उसी दौरान गांव का एक युवक उनकी माता के गले से सोने की चैन निकालकर और पास रखा टेबल फैन उठाकर भागने लगा। माता के शोर मचाने पर उनके पुत्र राजन शुक्ला और ऋषभ उर्फ कृष्ण कुमार ने युवक का पीछा किया, लेकिन वह बचकर भाग निकला। पीछा करने के बाद परिवार ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि शिकायत मिली है जांच कराई जा रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले गोंडा के सपा नेता सूरज सिंह, जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर जनपद गोंडा के समाजवादी नेता, पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तथा सदर विधानसभा से प्रत्याशी रहे सूरज सिंह ने बुधवार सुबह शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के बाद सूरज सिंह ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें अखिलेश यादव जैसा दूरदर्शी और प्रेरणादायी नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और परिवार के अतिरिक्त उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसा व्यक्तित्व मार्गदर्शन देने वाला मिला है।

उनसे जुड़ा हर पल प्रेम, संस्कार, ऊर्जा, लक्ष्य, साहस, निडरता और जनसेवा की प्रेरणा से परिपूर्ण होता है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय व्यवहार प्रत्येक कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाता है। जब भी उनसे मुलाकात होती है, वे मुस्कुराकर हालचाल पूछते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। सूरज सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें निरंतर जनसेवा का अवसर मिलता रहे और उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा और अधिक सशक्त होती रहे।इस अवसर पर उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, 'तुमको हमारी उमर लग जाए।' साथ ही उन्होंने यह पंक्तियां भी समर्पित कीं–

'आसान नहीं है कोई वतन की शान हो जाए,
एक ही शख्स में पूरा हिन्दुस्तान हो जाए'

### सेवा ही चिकित्सक का सर्वोच्च धर्मः डॉ. अजीत

**चिकित्सक दिवस पर डॉ. मनीष सम्मानित**

**देवरिया।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रुद्रपुर रोड स्थित एक चिकित्सालय में चिकित्सक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष सिंह को उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के प्रांत उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि सेवा को जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य मानकर मानवता की रक्षा में समर्पित सभी चिकित्सक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला चिकित्सक ही हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ लोगों की सेवा करते हैं। डॉ. मिश्र ने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, ऊर्जा और निरंतर जनसेवा की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. उपेंद्र गिरी, डॉ. बी.एल. विश्वकर्मा, समाजसेवी सुरेश गुप्ता, राहुल गुप्ता एवं प्रशांत कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जागरूकता रैली निकालकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला क्षेत्र में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विकासखंड गोला के उच्च प्राथमिक विद्यालय घरावल में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी गोला उदयशंकर राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गांव की गलियों में भ्रमण किया और शिक्षा के महत्व का संदेश देते हुए प्रत्येक बच्चे को विद्यालय भेजने की अपील की। रैली के शुभारंभ के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी गोला उदयशंकर राय ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए शासन द्वारा 'स्कूल चलो अभियान' संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन विद्यालय में कराएं तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. विवेक कुमार पाल ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आवश्यक सुविधाएं तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक घर-घर संपर्क कर नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक हितेश यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 11 माह से पहले लापता हुई थी किशोरी, मिली तो दुल्हन की रूप में; फिरोजाबाद पुलिस ने प्रेमी भेजा जेल



**फिरोजाबाद।** 11 महीने से लापता किशोरी की तलाश में जुटी थाना अरांव पुलिस को आखिरकार बड़ी सफलता मिल गई। ताबड़तोड़ दबिशें देने के बाद पुलिस ने किशोरी को मैनपुरी के रहने वाले उसके प्रेमी रवि कुमार उर्फ रवि चौहान के साथ बरामद कर लिया। आरोपित को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पिछले साल 31 जुलाई को अरांव क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी लापता हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने कई राज्यों में तलाश की और तीन युवकों को भगाने की साजिश में जेल भी भेजा। हाल ही में सूचना मिली कि मुख्य आरोपित रवि अपनी बहन की शादी में मैनपुरी स्थित गांव आया है। इस पर पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाया और सोमवार को घर से बाहर निकलते ही दोनों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ऋषि कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज मुकदमे में बलात्कार और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। किशोरी के बयान दर्ज कराए जा रहे हैं।

### फिरोजाबादः ग्रामीण इलाकों में अपने घर का सपना होगा पूरा, मुख्यमंत्री आवास योजना में बनेंगे 1427 मकान

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शासन से जिले को 1427 आवासों का लक्ष्य दिया गया है। सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने मंगलवार को बताया कि 931 आवास सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों और 496 आवास अनुसूचित जाति के पात्र परिवारों के लिए निर्धारित हैं। सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने बताया कि विकास खंड एका को सर्वाधिक 275 आवास (70 अनुसूचित जाति, 205 सामान्य), फिरोजाबाद को 272 (85 अनुसूचित जाति, 187 सामान्य), हाथवंत को 248 (98 अनुसूचित जाति, 150 सामान्य) प्रस्तावित किए गए हैं।

**मदनपुर, अरांव के लिए आंवटित लक्ष्य**

सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने बताया कि मदनपुर को 149 (53 अनुसूचित जाति, 96 सामान्य), अरांव को 148 (47 अनुसूचित जाति, 101 सामान्य), नारखी को 122 (48 अनुसूचित जाति, 74 सामान्य), शिकोहाबाद को 86 (41 अनुसूचित जाति, 45 सामान्य), जसराना को 74 (22 अनुसूचित जाति, 52 सामान्य) तथा टूंडला को 53 आवास (32 अनुसूचित जाति, 21 सामान्य) का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

**डीएम ने दिए निर्देश**

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पात्र लाभार्थियों का चयन कर आवास साफ्ट पोर्टल पर पंजीकरण तथा स्वीकृति की प्रक्रियाएं पूर्ण कराएं।

### बहराइच में प्रतिबंध के बाद भी बिक रही थी कोडीन सीरप, 2349 शीशी बरामद; एक आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** सीमा पर एक मकान में संचालित पतंजलि आयुर्वेद के स्टोर में 2340 शीशी प्रतिबंधित कोडीन सिरप, कैप्सूल व टेबलेट पुलिस और औषधि प्रशासन ने बरामद किया है। बरामद सिरप को सीज कर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की कार्रवाई से अन्य लोगो में हलचल मच गई है। सरकार ने कोडीनयुक्त सिरप बिक्री करने पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके जिले में भारी मात्रा में सिरप दूसरे जिलों से आ रही है और उसकी बिक्री भी धड़ल्ले से की जा रही है। इसकी जानकारी होने पर सोमवार देर शाम को रुपईडीहा के स्टेशन रोड निवासी आदित्य कुमार मिश्रा के यहां औषधि निरीक्षक विनय कृष्णा, थानाध्यक्ष रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक राहुल सरोज ने संबंधित मकान में छपेमारी की। बंद दरवाजे को कटर से काटकर खोला गया तो पंतजलि के आयुर्वेदिक स्टोर से 2349 शीशी सिरप, प्रतिबंधित 12145 पीस ट्रामाडोल कैप्सूल, निट्राजेट पीएम टेबेल चार किलो, निट्राजोहम 698 टेबलेट, एल्फ्राजोल 509 टेबलेट और अन्य नशीली दवाओं को बरामद किया। बरामद सामान को टीम ने सीज कर दिया है। आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि काफी समय से आयुर्वेदिक दुकान में प्रतिबंधित अंग्रेजी सिरप व नशीली दवाओं के बिक्री की सूचना मिल रही थी। जिस पर टीम ने छापेमारी की। वहीं दवा कारोबार में लगे एक अन्य युवक की तलाश की जा रही है। वह मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी

**● राष्ट्रीय बजरंग दल का अल्टीमेटम कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा धरना**

**जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने डीएम एसपी को वीडियो सहित भेजी शिकायत, दो दिन बाद भी आरोपी बेखौफ; सीएम योगी को सौंपेंगे ज्ञापन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी बिजुआ अंतर्गत कस्बा बिजुआ में निकले मोहर्रम जुलूस के दौरान देश विरोधी नारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। आरोप है कि 35 फीट ऊंचे ताजिया जुलूस में भड़काऊ गाने बजाए गए और सशस्त्र सीमा बल एस एसबी व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने बताया कि जुलूस के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। देश विरोधी नारेबाजी के साथ-साथ पीएम मोदी पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। घटना का वीडियो उनके पास मौजूद है। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला को पूरे मामले की लिखित शिकायत के साथ वीडियो साक्ष्य भेजकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन शिकायत के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा किसी भी आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**बजरंग दल ने दी धरने की चेतावनी**

आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज राष्ट्रीय बजरंग दल ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है।

जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कहा कि यदि शीघ्र आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो राष्ट्रीय बजरंग दल बड़ा धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कनौजिया ने बताया कि संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस मामले का ज्ञापन सौंपेगा और दोषियों पर देशद्रोह व धार्मिक भावना भड़काने की धाराओं में केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग करेगा।

## अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद को जयंती पर नमन किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** बुधवार 01 जुलाई को नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ में अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद को जयंती पर नमन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा एवं पालिका परिवार ने अलीगंज रोड स्थित हमीद मार्केट में पहुँच कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, '1 जुलाई 1933 को जन्में वीर अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सेक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गए युद्ध में अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति प्राप्त की थी जिसके लिए उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र दिया गया था। इस अवसर पर सभासद रियाजुद्दीन, शत्रोहन मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, विजय मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खाद की ओवररेटिंग से किसान परेशान

**● जुआरी फार्म हब पर ओवररेटिंग का आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेहजम, खीरी-** विकास क्षेत्र बेहजम में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। कस्बे की जुआरी फार्म हब की दुकान पर किसानों से उर्वरक के साथ अनावश्यक रासायनिक दवाएं जबरन देने और तय मूल्य से अधिक दाम वसूलने का गंभीर आरोप लगा है।किसानों का कहना है कि धान की रोपाई का सीजन चरम पर है, लेकिन सहकारी समितियों पर यूरिया-डीएपी नहीं मिल रही। मजबूरी में निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। जुआरी फार्म हब पर खाद लेने पहुंचे किसानों को दुकानदार यह कहकर लौटा देता है कि 'अकेले खाद नहीं मिलेगी, साथ में जिंक, सल्फर या कीटनाशक भी लेना होगा।' कई किसानों से डीएपी की बोरी पर 150 से 200 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे हैं।एक पीड़ित किसान ने बताया कि 1350 रुपये की डीएपी के लिए उनसे 1550 रुपये लिए गए और 400 रुपये की दवा भी जबरन थमा दी। मना करने पर खाद देने से इंकार कर दिया गया। अन्य किसानो ने भी इसी तरह की शिकायत की।खाद की कमी और ओवररेटिंग के कारण छोटे किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। खेत सूख रहे हैं, लेकिन खाद नहीं मिल रही। ऊपर से अतिरिक्त बोझ से उनकी कमर टूट रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल छापेमारी कर स्टॉक की जांच की जाए और दोषी विक्रेता पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान समय से फसल की बुवाई कर सकें।सवाल यह है कि जब प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है, तो किसानों का शोषण करने वाले दुकानदारों पर प्रशासन कब जागेगा? अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसानों का आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है।

## संचारीरोग नियंत्रण कार्यक्रम का भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के आज शुभारंभ के अवसर पर विकासखंड भदपुरा की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने अपने पति रवि शंकर गंगवार के साथ क्यों लड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इस भयंकर बीमारी से बचने के लिए आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद प्रमुख पति रविशंकर गंगवार ने समस्त स्टाफ को शपथ दिलाई गई शासन की मंसा के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 जुलाई तक चलेगा उन्होंने यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा मोहम्मद मुगीश भदपुरा की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार के साथ शपथ दिलाई गई पूरे सत्य निष्ठा के साथ संचारी रोग नियंत्रण में कार्य करके अपना योगदान देंगे। जिसके तहत सभी लोग कार्य करें जिससे पूर्व की भांति इस बार भी क्षेत्र को संचारी रोग से पूरी तरह सुरक्षित रखने में कार्य करेंगे इस अवसर पर उन्होंने सरकार की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं से भी अवगत कराया गया और कहां हम सब की यही जिम्मेदारी है क्षेत्र के लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरी तरह लाभ मिले। और लोग निरोग होकर अपना जीवन व्यतीत करें इसके लिए घर से लेकर नालियों तक साफ सफाई होना अति अनिवार्य है प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने भी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा कहीं पर भी जल भराव ना होने दे यदि कहीं पर होता है तो वहां पर मच्छरों के निदान के लिए दवा का छिड़काव कराया जाएगा। यह दवाई ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जा चुकी है जिसे सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक गांव में छिड़काव किया जाएगा हम सब मिलकर संचारी रोग को बिल्कुल भी पनपने नहीं देंगे उन्होंने कहा यदि किसी को किस तरह की समस्या उत्पन्न होती है तो वह शीघ्र आकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी जांच एवं उपचार कारण डरने की आवश्यकता नहीं है।

## लाल्हनपुर तिराहे पर खुलेआम ब्लैक में पेट्रोल की बिक्री 140 रुपये प्रति लीटर वसूली

**बेहजम (लखीमपुर खीरी)-** विकासखंड बेहजम के लाल्हनपुर तिराहा (सिकंदराबाद रोड) पर खुलेआम पेट्रोल की ब्लैक मार्केटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार तिराहे पर स्थित कई पान व जनरल स्टोर की दुकानों पर प्लास्टिक की पिपियों में पेट्रोल भरकर रखा जाता है और जरूरतमंद वाहन चालकों को 140 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में पेट्रोल पंप दूर होने तथा अचानक ईंधन खत्म हो जाने की मजबूरी का फायदा उठाकर दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं।

इससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ज्वलनशील पदार्थ को इस तरह खुलेआम प्लास्टिक की पिपियों( बोतलों )में रखकर बेचना सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा माना जा रहा है। किसी भी समय आग लगने जैसी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर अवैध रूप से पेट्रोल बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा ब्लैक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## राइस मिलर्स एसोसिएशन में तिलहर का बढ़ा सम्मान, कमलेश गुप्ता 'पप्पू' बने प्रदेश उपाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर- शहजहांपुर।** नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन ने तिलहर के प्रमुख उद्योगपति एवं एस.के. इंडस्ट्रीज के स्वामी कमलेश गुप्ता 'पप्पू' को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने उनके मनोनयन की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सक्रिय कार्यशैली का लाभ मिलेगा। नियुक्ति की सूचना मिलते ही तिलहर सहित जिले के राइस मिलर्स, उद्योगपतियों और व्यापारिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और उन्हें बधाई दी। कमलेश गुप्ता लंबे समय से राइस उद्योग से जुड़े हुए हैं। उद्योग के आधुनिकीकरण, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण उन्हें प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। व्यापारिक जगत का मानना है कि उनके मनोनयन से प्रदेशभर के राइस मिलर्स को मजबूत प्रतिनिधित्व मिलेगा और उद्योग से जुड़े मुद्दों को शासन व प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सकेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर कमलेश गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। राइस उद्योग से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उद्योग के विकास तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के राइस मिलर्स के हित सर्वोपरि रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज बुलंद की जाएगी। उनके मनोनयन पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह 'बूटी', भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण



यादव 'चैनू', जितेंद्र गुप्ता एडवोकेट, सुशील बाबू गुप्ता, पंकज गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, रामऔतार गुप्ता, सत्यप्रकाश आर्य, डॉ. मनोज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राइस मिलर्स, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, उद्योगपतियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया।

सभी ने इसे तिलहर के उद्योग एवं व्यापार जगत के लिए सम्मान की बात बताते हुए कमलेश गुप्ता को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष बने ठाकुर गौरीश सिंह, सचिव बने अभिषेक वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ की बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें ठाकुर गौरीश सिंह को अध्यक्ष, अभिषेक वर्मा को सचिव तथा सतीश वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व डीआरआर कर्म सिंह ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष सर्वेंद्र अनुराग वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर गौरीश सिंह ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि क्लब सेवा, सामाजिक सरोकार एवं युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने आगामी सत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, युवा सशक्तिकरण एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी



सदस्यों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में क्लब के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस बैठक में पूर्व डीआरआर कर्म सिंह एवं रिशु महेश्वरी सहित पटेल सुशील वर्मा, पंकज जायसवाल, फरीद अहमद, कुलदीप तिवारी, आशुतोष विश्वास, डॉक्टर दिलीप वर्मा, शुभम पांडेय, अखिलेश वर्मा, हर्षित गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**सपाइयों ने त्रिलोकीनाथ मंदिर में किया वृक्षारोपण**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन के अवसर पर 139 विधानसभा के पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए त्रिलोकीनाथ मंदिर परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थितिः इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, प्रदेश सचिव (पिछड़ा वर्ग) प्रवीण कश्यप, प्रभात श्रीवास्तव, नितिन तिवारी, मेराज खान, निर्मल सिंह, गुंजन मिश्रा और शिवम गुप्ता सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरेली से नोएडा की दूरी हुई खत्म! सांसद ने पहली महिला यात्री से कटवाया केक

**● बरेली और नोएडा (जेवर एयरपोर्ट) के बीच बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा शुरू हो गई है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने पहली महिला यात्री को बोर्डिंग पास देकर इसका शुभारंभ किया, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा सुगम होगी।**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के उड्डयन मानचित्र पर एक और नया अध्याय जुड़ गया है। बरेली और नोएडा (जेवर एयरपोर्ट) के बीच आखिरकार बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा की शुरुआत हो गई है। इस ऐतिहासिक अवसर पर बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने इस नई विमान सेवा की पहली महिला यात्री को पहला बोर्डिंग पास सौंपकर इस यात्रा का शुभारंभ किया। इस उद्घाटन समारोह को बेहद खास और यादगार बनाया गया। सांसद छत्रपाल गंगवार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर पहली महिला यात्री से केक कटवाया। पहला बोर्डिंग पास पाकर रोमांचित नजर आई महिला यात्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, बरेली से नोएडा के बीच हवाई सेवा शुरू होने से दोनों शहरों की दूरी सिमट जाएगी और समय की बचत होगी। उन्होंने यह भी साझा किया कि यह न सिर्फ इस रूट की पहली उड़ान है, बल्कि उनके जीवन का भी यह पहला हवाई यात्रा का अनुभव है।

इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए बरेली एयरपोर्ट के डायरेक्टर अवधेश अग्रवाल सहित एयरपोर्ट का पूरा स्टाफ और विमानन कंपनी के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस हवाई सेवा के शुरू होने से बरेली और आस-पास के क्षेत्रों के व्यापारियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को एक बेहतरीन, सुगम और समय बचाने वाला सफर का विकल्प मिल गया है।

### फिरोजाबाद में 50 हजार का इनामी गैंगस्टर लखन गिरफ्तार

**सिरसागंज (फिरोजाबाद)।** एसटीएफ आगरा और सिरसागंज पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार को किया है। उसे सोमवार रात उखरेंड कट के पास से पकड़ा गया। वह भीड़ वाले स्थानों जैसे नेताओं की सभा, रैली, बैठक, मंदिर आदि जगहों पर मोबाइल, चेन, अंगूठी की चोरी और छिनैती करता है। उस पर फिरोजाबाद, आगरा, मैनपुरी और इटावा सहित कई जनपदों में लूट, चोरी, छिनैती, आर्म्स एक्ट के 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। सीओ सिरसागंज चंचल त्यागी ने बताया कि कठफोरी चौकी क्षेत्र के उखरेंड कट के पास चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर लखन निवासी गिहार कॉलोनी, थाना सिरसागंज को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध जनवरी में गैंगस्टर की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके साथ ही जाली कागजात और चोरी के मामलों में उसकी तलाश थी। मैनपुरी के करहल और भौगांव थाने में आबकारी अधिनियम और सड़क दुर्घटना के दो मामले पंजीकृत हैं। आगरा के थाना बाह में आबकारी अधिनियम और मिलावटखोरी का मामला दर्ज है।

## जनसम्पर्क एवं संवाद से बढ़ेगा जन विश्वास , डॉक्टर कौशल वर्मा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** 139 गोला विधानसभा के नगर स्थित सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक समाजसेवी एवं जाने-माने भाजपा नेता डॉ कौशल वर्मा ने क्षेत्र के दन्नापुर, कोटनाथ कुंभी, गंगापुर, जवाहरपुर, जमुनहा समेत कई गांवों का भ्रमण कर आम जनमानस से संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जन सम्पर्क और संवाद से ही जन विश्वास बढ़ेगा। सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं आयुष्मान स्वास्थ्य भारत योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, किसान सम्मन निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, युवा उद्यमी रोजगार योजना, महिला शक्ति आदि योजनाओं का लाभ लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार में ही सर्व समाज के व्यक्ति का कल्याण सुनिश्चित है। अंतिम पायदान पर बैठे गरीब व्यक्ति तक सरकार योजनाओं का लाभ पहुचा रही है। इस मौके पर कोटेदार संदीप,बूथ अध्यक्ष सोबरन लाल, श्रीपाल सुरेंद्र अर्कवंशी,चरन्जू पाल, अशर्फी अर्कवंशी, रामआसरे पाल, राजीव रघुवंशी, हेमकुमार, पंकज कुमार, अनूप पाल, पिंकू, प्रताप पाल, किसान नेता महादेव प्रसाद वर्मा, अनुज प्रताप सिंह, कवि मुनेंद्र प्रताप, सचिन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एडीएम के निरीक्षण में खुली व्यवस्थाओं की पोल

**● गौशाला, स्कूल और पुल की बदहाली पर जताई कड़ी नाराजगी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर- शाहजहांपु।** विकासखंड ददरौल के ग्राम धन्यौरा में बुधवार को अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार के औचक निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाओं की खामियां उजागर हो गईं। गौशाला से लेकर प्राथमिक विद्यालय और शाहजहांपुर मार्ग पर बने पुल तक का निरीक्षण करते हुए एडीएम ने अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण की शुरुआत गौशाला से हुई, जहां एडीएम ने गोवंशों के लिए चारा, पेयजल, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक गोवंश का उपचार चल रहा था। इस पर उन्होंने पशु चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गौशाला कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गोवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके बाद एडीएम प्राथमिक विद्यालय पहुंचे, जहां छात्र-छात्राओं की अपेक्षा से कम उपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, रसोई की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित पुल तक भी पहुंचे। पुल और संपर्क मार्ग पर गड्ढे तथा क्षतिग्रस्त सड़क देखकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू




कराकर आवागमन सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए और कहा कि यदि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में लापरवाही या अनदेखी मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने कहा कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। सभी विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर कमियों को दूर करें, अन्यथा जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### छत से गिरने से युवक की मौत

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा जी मोड़ स्थित काशीराम आवास में मंगलवार की रात छत से गिरने से लक्ष्मण 32 वर्ष की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर क्षेत्र के टम्मल गज मुहल्ला निवासी लक्ष्मण पुत्र रमापति शाम को मजदूरी करके घर आया खाना पीना खा कर छत पर सोने चला गया किन परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई यह लोगों ने अनभिज्ञता जाहिर की। आवास में मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस दी मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लक्ष्मण को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डीसीएम बाइक की टक्कर दो युवकों की मौत

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के समसपुर गांव स्थित हाइवे पर मंगलवार को देर रात 10 बजे बाइक और डीसीएम ट्रक में पीछे से टक्कर हो जाने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक मिर्जापुर से चुनार आ रहें थे। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान गौरव श्रीवास्तव पुत्र भैरव श्रीवास्तव उम्र 30 निवासी हलुआडीह थाना सिधारीं जनपद आजमगढ़ व सौरभ यादव पुत्र सुभाष यादव उम्र 28 वर्ष निवासी बरामदपुर थाना सिधारीं जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को सूचना देकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया पुलिस द्वारा डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### भदोही के स्थापना दिवस पर 'हमार भदोही' में विकास, शिक्षा और ब्रांडिंग पर मंथन



**भदोही।** जनपद के 33वें स्थापना दिवस पर आदित्य गार्डन में आयोजित 'हमार भदोही' कार्यक्रम में भदोही को वैश्विक ब्रांड बनाने, पर्यटन को बढ़ावा देने और शिक्षा के नए आयामों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में काशी नरेश विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. उमा श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय में आधुनिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने की जानकारी दी। वहीं दूसरे सत्र में सांसद डॉ. विनोद बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों ने भदोही की ब्रांडिंग, कालीन उद्योग और पर्यटन विकास पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक डॉ. विजय कपूर ने प्रस्तुति दी, जबकि हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अंत में संतोष गुप्ता एवं महेश जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

### 'मिशन : सेफ फ्यूचर' के तहत 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों की होगी सघन जांच

**सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर चालान के साथ होगी सख्त कार्रवाई**

**भदोही।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने 'मिशन : सेफ फ्यूचर' के तहत 1 से 15 जुलाई तक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान स्कूल बसों, वैन एवं अन्य स्कूली वाहनों की सघन जांच की जाएगी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह ने बताया कि जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस एवं बैज सहित सभी आवश्यक अभिलेखों की जांच की जाएगी। इसके अलावा फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, इमरजेंसी एग्जिट तथा आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी परीक्षण होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान, वाहन निरुद्ध करने तथा फिटनेस या परमिट निरस्त करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों और वाहन संचालकों से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

# सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही** जनपद भदोही के विकास खंड ज्ञानपुर में गोपीगंज सहकारी संघ पर सहकार से समृद्धि के 5 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर सहकारिता सप्ताह दिनाँक 29 जून से 6 जुलाई 2026 के अंतर्गत कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको डेलीगेट भदोही राजेंद्र कुमार सिंह थे। क्षेत्र अधिकारी इफको, भदोही विमल कुमार जायसवाल द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए सहकारिता सप्ताह के महत्व पर चर्चा की गई। सहकारिता के इन 5 स्वर्णिम वर्षो में इफको नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी देश की खेती में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। यह तकनीक न केवल खेती की लागत को कम करती है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुई है।

किसानो को फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। किसानो को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस, नैनो जिंक ,नैनो कॉपर के प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नैनो डीएपी के 5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम की दर से बीज शोधन एवं 5 मिलीलीटर प्रति लीटर के दर से जड़ शोधन करने के बाद आधा घंटा सुखाए उसके बाद बुवाई/रोपाई कर दे एवं जब फसल में पत्तियां आ जाए तो नैनो यूरिया प्लस या नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का एक साथ 4 मिलीलीटर/लीटर के दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे। नैनो डीएपी के प्रयोग से बीजों का जमाव अच्छा होने के साथ साथ जड़ो का विकास भी अच्छा होता है। खरीफ सीजन में सभी किसान भाई धान के पौध की जड़ों को नैनो डीएपी से शोधित करके ही रोपाई करे।

किसानो को सागरिका, लिक्विड कंसोर्टिया,जल विलय उर्वरक एवं नवीनतम उत्पाद धरामृत, न्यूट्राक्स के बारे में भी जानकारी दी गई।

इफको डेलीगेट द्वारा कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के साथ नैनो तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे सहकार से समृद्धि और आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर कृषि की संकल्पना को साकार किया जा सके। दानेदार उर्वरकों पर भारत सरकार द्वारा दी जा रही भारी भरकम सब्सिडी से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में रमईपुर ज्ञानपुर समिति सचिव बालमुकुंद सिंह, गोपीगंज संघ सचिव विकास सिंह, एसएफए विकास यादव सहित 50 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई फेरी



**चुनार, मीरजापुर।** श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय चुनार द्वारा विंध्याचल मंडल की उप निरीक्षक श्रीमती मंजू शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत फेरी निकाली गई। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अंकित पाठक, मंगलेश मधुर,आयुष आदि छात्रों ने मंगलाचरण तथा स्वागतगान किया। विद्यालय की प्राध्यापिका विभा ने श्रीमती मञ्जू शर्मा व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमापति त्रिपाठी ने नगरपालिका अध्यक्ष मन्सूर अहमद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड सभासद मदनलाल, जोखनराम संस्कृत विद्यालय खैरा की प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी तिवारी, बलभद्र शुक्ल, वरैनी संस्कृत विद्यालय के प्राध्यापक गणपति द्विवेदी, सेवानिवृत्त प्राध्यापक वीरेंद्र चतुर्वेदी, श्याम किशोर पांडे, रमापति दीक्षित वरिष्ठ लिपिक सुनिल दीक्षित, प्रीति पाठक सहित सभी विद्यालयों के छात्र एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महुगढ़ी कंपोजिट विद्यालय में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर बच्चों ने शिक्षा के लिए जागरूक किया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत महुगढ़ी के कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिशत बच्चों का नामांकन और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना था। शिक्षकों ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने मन लगाकर पढ़ाई करने और अन्य बच्चों को भी स्कूल से जोड़ने के लिए प्रेरित किया इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह व अध्यापक हरिश्चंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई रैली इस रैली में विद्यालय के शिक्षक छात्राएं मौजूद रहे उन्होंने गांव की गलियों में भ्रमण कर शिक्षा का संदेश दिया बच्चों ने हाथों में रंग-बिरंगे बैनर पोस्टर ले रखे थे।

शिक्षकों ने घर घर में बच्चों के नामांकन व नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया रैली के दौरान बच्चों ने हर घर का यह है अरमान पढ़ लिखकर बने महान और स्कूल चले हम सपनों को सच करें हम जैसे शिक्षा से जुड़े आकर्षक नारे लगाए जिससे पूरे गांव में सकारात्मक माहौल बना रहा है प्रधानाध्यापक संतोष सिंह व हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए विद्यालय परिवार लगातार गांव के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर संगोष्ठी एवं पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को 'केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं पर संगोष्ठी एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. माधवी शुक्ला ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में केंद्र सरकार द्वारा विगत 12 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल भारत, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।उन्होंने विद्यार्थियों से इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही जनहितकारी योजनाएँ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया। संगोष्ठी में उपस्थित स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया।अंत में सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में आपदा प्रबंधन की बैठक कर जानकारी दी गई




**सीखड़ संवाद,** जिलाधिकारी मीरजापुर के आदेशानुसार विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बगहा ग्राम पंचायत पचरांव में बुधवार को बैठक कर लोगों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को यह बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को एडीओ कृषि रक्षा कौशल कुमार ने सूखा, बाढ़ तथा आकाशीय बिजली जैसी आपदा से निपटने के लिए लोगों को जागरूक किया गया तथा फेमिली आईडी फार्मर रजिस्ट्री शत प्रतिशत बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। बैठक के दौरान लखपति दीदियों को भी प्रोत्साहित किया। तथा बैठक में ग्राम सचिव सुधीर दुबे तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भी लोगों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर एडीओ समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला, सहित दोनों ग्राम पंचायत के प्रशासक एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग केंद्र का शुभारंभ, प्रतिभाशाली युवाओं को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी

**● जिलाधिकारी बोले- कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य संभव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को केएनपीजी कॉलेज, ज्ञानपुर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत स्थापित मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग केंद्र का जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य ऐसे मेधावी युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक अभाव के कारण उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं के सपनों को साकार करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अध्ययन, अनुशासन, समय का सदुपयोग और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों से उन्होंने नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह कोचिंग केंद्र संघ लोक सेवा आयोग, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन के समन्वय से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।



कार्यक्रम में अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शिव प्रकाश, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला समाज कल्याण अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के नोडल अधिकारी पंकज पटेल सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भदोही में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**● विधायक व डीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

**● 31 जुलाई तक चलेगा अभियान, जनजागरूकता रैली निकालकर दिया बचाव का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। गोपीगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय काली मोहाल से औराई विधायक दीनानाथ भास्कर एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं आमजन को संचारी रोगों से बचाव की शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि 'यू.पी. ने ठाना है, संचारी रोगों को हराना है' के संकल्प के साथ सभी नागरिकों को स्वच्छता अपनानी होगी। उन्होंने लोगों से घर और आसपास साफ-सफाई रखने, जलभराव न होने देने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने तथा बुखार होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है।

अभियान के तहत मच्छरजनित रोगों से बचाव, नियमित टीकाकरण, कुपोषण की रोकथाम और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। बच्चों को समय पर मस्तिष्क ज्वर का टीका लगवाने के लिए भी जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, प्रभारी एसीएमओ डॉ. ओ.पी. शुक्ला एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राम आसरे ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों की



संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। जनपद के सभी विद्यालयों, सीएचसी, पीएचसी, विकास खंडों एवं नगर निकायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होगा। अभियान के दौरान बुखार के मरीजों की पहचान, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर कार्रवाई तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाएगी।

# अर्श हॉस्पिटल बेलन बरौधा के स्टाफ के द्वारा मनाया गया डॉक्टर दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के बेलन बरौधा स्थित अर्श हॉस्पिटल के स्टाफ के द्वारा केक काट कर मनाया गया डॉक्टर दिवस। जरा सोचिएः आपको लगातार खांसी हो रही है या कोई ऐसा दर्द है जो ठीक नहीं हो रहा है। ऐसे में आप किसके सलाह लेंगे संभवत सबसे पहले आपके दिमाग में डॉक्टर का ही ख्याल आएगा। डॉक्टर अपने व्यापक ज्ञान और अटूट संपूर्ण के बल पर हमारे स्वास्थ्य के रक्षक हैं। समाज में उनकी इस महत्वपूर्ण भूमिका को हर साल डॉक्टर दिवस पर सम्मानित किया जाता है। इस दिन हम विभिन्न माध्यमों से डॉक्टर के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं कई अस्पताल और चिकित्सा संस्थान अपने कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वही हर्श हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर महानारायण भारती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस



वर्ष भी अस्पताल में स्टाफ के द्वारा केक काटकर डॉक्टर को किया गया सम्मानित और दिया गया डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं वहीं अस्पताल के स्टाफ सहित क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ज्ञानपुर ने किया चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान

भदोही। लायंस क्लब ज्ञानपुर के वर्ष 2026-27 सत्र का शुभारंभ बुधवार को चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मान दिवस के रूप में किया गया। पुरानी तहसील के सामने स्थित रेड क्रॉस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, डिप्टी सीएमओ डॉ. ओ.पी. शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ. रतीश पाठक तथा सीए आर.सी. त्रिपाठी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने लायंस क्लब ज्ञानपुर द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब समाजहित में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन अजीता प्रसाद पांडेय ने की।

# भदोही पुलिस हुई हाईटेक, एसपी अभिनव त्यागी ने किया आधुनिक सर्विलांस कक्ष का उद्घाटन

**● साइबर अपराध, गुमशुदा मोबाइल और तकनीकी जांच में मिलेगी तेजी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी (आईपीएस) ने पुलिस अधीक्षक कैंप कार्यालय परिसर में नवनिर्मित आधुनिक सर्विलांस कक्ष का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बदलते समय में अपराधियों के तौर-तरीकों के साथ पुलिस को भी अपनी तकनीकी क्षमता लगातार विकसित करनी होगी। उन्होंने बताया कि नए सर्विलांस कक्ष के शुरू होने से गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी, साइबर फ्रॉड की जांच, अपराधियों की सटीक लोकेशन ट्रैकिंग तथा



डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों की सहायता से अपराधियों के नेटवर्क पर प्रभावी निगरानी रखी जाएगी और जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को चौबीसों घंटे और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर एवं नारियल अर्पित कर सर्विलांस कक्ष को जनपद की तकनीकी पुलिसिंग टीम को समर्पित किया। इस अवसर पर सर्विलांस प्रभारी सहित कैंप कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस नई तकनीकी इकाई की शुरुआत का स्वागत करते हुए इसे स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# एएसपी ने न्यायालयी कार्यों की समीक्षा की, उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार पैरोकार सम्मानित

**भदोही।** अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बुधवार को मॉनिटरिंग सेल, डीसीआरबी एवं जनपद के सभी थानों के पैरोकारों के साथ समीक्षा बैठक कर न्यायालय में लंबित मामलों, प्रभावी पैरवी एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित मामलों में गुणवत्तापूर्ण पैरवी कर दोषसिद्धि दर बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान न्यायालयी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुख्य आरक्षी मोहम्मद शमीम (गोपीगंज), मुख्य आरक्षी नौशाद अहमद (गोपीगंज), मुख्य आरक्षी शिवदास यादव (सुरियावां) एवं मुख्य आरक्षी अशरफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रभावी पैरवी और मजबूत अभियोजन के माध्यम से ही अपराधियों को सजा दिलाई जा सकती है। उन्होंने सभी पैरोकारों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ न्यायालयी कार्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# मतदेय स्थलों के संभाजन एवं संशोधन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ एडीएम की बैठक संपन्न

**● निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप भौतिक सत्यापन कर समयबद्ध प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश**

**12 जुलाई तक राजनीतिक दलों से मांगे गए सुझाव, पारदर्शी एवं सुगम मतदान व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोहीः-** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में मतदेय स्थलों के संभाजन, संशोधन एवं समायोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद के राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त किया तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आयोग के दिशा-निर्देशों की प्रतियां सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कर 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों का संभाजन किया जाएगा। वहीं, निर्धारित मानक से कम मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों का तार्किक परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उसी परिसर अथवा समीपवर्ती उपयुक्त मतदेय स्थलों में समायोजन किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जर्जर अथवा अस्थायी भवनों में संचालित मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थायी एवं सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित किया जाए। इसके अतिरिक्त ऐसे मतदेय स्थलों को भी चिन्हित किया जाए जो मुख्य गांव अथवा बस्ती से अधिक दूरी पर स्थित हैं, ताकि उन्हें मतदान क्षेत्र के भीतर अधिक सुविधाजनक एवं सुगम भवन में स्थानांतरित किया जा सके। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नए मतदेय स्थल की दूरी दो किलोमीटर से अधिक न हो।

अपर जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि भौतिक सत्यापन के उपरांत यदि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसी मतदेय स्थल में संशोधन या परिवर्तन आवश्यक प्रतीत होता है, तो उसका लिखित प्रस्ताव 12 जुलाई 2026 तक संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए संशोधित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव समयबद्ध रूप से



मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं मतदाता हितैषी बनाने में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अपना दल (एस) सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान कोषाध्यक्ष लायन हरेन्द्र प्रताप सिंह, सर्विस चेयरमैन लायन कमल कुमार सहित लायन अरविंद भट्टाचार्य, लायन प्रमोद कुमार, लायन विनोद कुमार, लायन विमलेश पांडेय, लायन अभय श्रीवास्तव एवं लायन आनंद प्रकाश तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान कर उनके योगदान को रेखांकित करना रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर के सर्राफा व्यवसाई अब बिना जीएसटी नंबर के नहीं करेंगे खरीद फरोख्त, रिकार्ड भी रखेंगे सुरक्षित



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सराफा व्यापार मंडल के सदस्यों ने आज डीसीपी अपराध श्रवण कुमार सिंह से मुलाकात कर कहा कि अब सभी सराफा व्यवसाई जीएसटी नंबर से ही माल खरीदें और बेचेंगे और उसका रिकार्ड सुरक्षित रखेंगे। जिससे की विषम परिस्थितियों में उनके ऊपर दबाव न पड़े और वह कानूनी पचड़ों से बचे रहेंगे। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि सराफा व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने जीएसटी नंबर सहित स्वर्ण खरीद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की नई व्यवस्था शुरू की है। पुलिस ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ईमानदार व्यापारियों की प्रतिष्ठा सुरक्षित रहेगी, जांच में सहयोग मिलेगा और अवैध गतिविधियों व ब्लैकमेलिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब कहीं चोरी होती है तो चोर माल बेचने में किसी का भी नाम ले देता है और उस सर्राफ की छवि धूमिल होती है और वह कानूनी पचड़ों में घिर जाता है। डीसीपी अपराध श्रवण कुमार सिंह ने सराफा व्यापार मंडल की इस पहल का स्वागत किया है और कहा है कि इससे ईमानदार सराफा व्यवसाई को मदद मिलेगी। और जांच में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी और सही व्यवसायी का उत्पीड़न नहीं होगा।

## जिलाधिकारी ने नवप्रवेशी बच्चों को वितरित किया बैग



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने स्कूल चलो अभियान का आगाज पीएम श्री कंपोजिट स्कूल सुखपाल नगर ब्लॉक सदर से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीतों से अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर डीएम ने नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री वितरित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए रोज स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है और हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।बीएसए देवव्रत सिंह ने बताया कि 1 से 15 जुलाई तक संचालित होने वाले स्कूल चलो अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने, ड्राप आउट में कमी लाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा रहे। सदर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों व छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डॉक्टर्स डे के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने डॉक्टरों को किया सलाम, जताया आभार



**प्रतापगढ़।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कटरा रोड के लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने कालेज के शिक्षकों के साथ प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल पहुंचकर प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज-डॉ सोमनाथ, डॉ मनोज खत्री, डॉ वकील अहमद, डॉ के के तिवारी, डॉ कुलदीप, डॉ अद्भुत, डॉ दीपिका केसरवानी आदि को कार्ड और पुष्प भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्चों ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से लेकर रोजमर्रा की बीमारियों तक, डॉक्टर दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। उनका समर्पण ही हम सबको स्वस्थ जीवन देता है।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं जिला अस्पताल के सीएमएस ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह सम्मान डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाता है और उन्हें और अधिक सेवा के लिए प्रेरित करता है।विद्यालय की मुखिया डॉ शाहिदा ने बताया कि बच्चों में डॉक्टरों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से यह भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार सोनी ने कहा कि डॉक्टर समाज के सच्चे नायक हैं और भावी पीढ़ी को उनके त्याग से सीख लेनी चाहिए।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मौत की रफ्तारः डिवाइडर लांघकर बस ने कार को रौंदा, एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत

● उन्नाव के बांगरमऊ क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा, 12 घायल; बस चालक पर लापरवाही और नशे में वाहन चलाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के बांगरमऊ क्षेत्र के पास एक भीषण सड़क हादसे ने पांच लोगों की जान ले ली। तेज रफ्तार स्लीपर बस अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार सवार परिवार संतकबीरनगर से वृंदावन दर्शन के लिए निकला था। हादसे में चालक विनोद, अंजू, उनकी बेटी अमृता, नाना धुनमुन तथा नातिन दिव्या की मौत हो गई। वहीं महिला, दो बच्चों समेत चार अन्य कार सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बस में सवार आठ यात्रियों को भी चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कार करीब 20 फीट तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय बस हरियाणा से बिहार जा रही थी, जबकि कार लखनऊ से आगरा की ओर जा रही थी। दोनों वाहन अलग-अलग लेन में थे। आशंका है कि तेज रफ्तार के कारण बस चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गया। घायल यात्रियों ने आरोप लगाया कि बस चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। हालांकि पुलिस का कहना है कि चालक की मेडिकल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही इस पहलू की पुष्टि की जाएगी।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। क्षतिग्रस्त



वाहनों को हटाकर एक्सप्रेस-वे पर यातायात सामान्य कराया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**विशेषः** यह हादसा एक बार फिर एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही और सड़क सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि प्रारंभिक आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि घोर लापरवाही का मामला भी माना जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** थाना त्रिलोकपुर पुलिस ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के निर्देशन में उपनिरीक्षक शिव नारायण सिंह ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए कठौतिया पांडेय निवासी कृष्णा उर्फ किशन यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध नाबालिग से दुष्कर्म, संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत थाना त्रिलोकपुर में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल धनंजय दूबे और महिला कांस्टेबल इंद्रा तिवारी भी शामिल रहीं।

# चकेरी में घटित डकैती की घटना का 50 हजार का ईनामी अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार

● अभियुक्तों द्वारा अवैध लेन-देन का भी खुलासा, ईडी कर रही है जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना चकेरी क्षेत्र में घटित डकैती की घटना में शामिल 50,000 का इनामी अभियुक्त को चकेरी पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले चकेरी पुलिस अन्य सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभियुक्तों के पास से अवैध लेन-देन का भी खुलासा हुआ है जिसकी सूचना ईडी को दे दी गई है और ईडी ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि माह फरवरी 2026 में थाना चकेरी क्षेत्र में हुई डकैती की घटना में पुलिस ने ?50,000 के इनामी वांछित अभियुक्त फैज़ को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। घटना का सफल



अनावरण करते हुए चकेरी पुलिस ने पूर्व में सभी मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा तथा लूटी गई धनराशि भी बरामद की थी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि विवेचना में स्लॉटर हाउस से जुड़े अवैध वित्तीय लेन-देन, गरीब व्यक्तियों के बैंक खातों के दुरुपयोग तथा स्क्रैप कारोबार में फर्जी ई-वे बिल एवं जीएसटी इनवॉइस के माध्यम से कर चोरी का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मामले की सूचना ईडी (ED) को दी गई है, ईडी ने इस प्रकरण को संज्ञान में लिया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोलने एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर भगवंतनगर में पीडीए वृक्षारोपण अभियान का आगाज़

● एक सप्ताह तक चलेगा पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक न्याय का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में 'पीडीए वृक्षारोपण अभियान सप्ताह' का शुभारंभ विकासखंड बीघापुर के ग्राम लालगंज प्रथम से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंकित सिंह परिहार ने किया। अभियान के तहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सामाजिक न्याय, समता और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीति समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने की राजनीति है। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और समावेशी विकास का जनआंदोलन है। उन्होंने बताया कि जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रारंभ किया गया यह अभियान पूरे



विधानसभा क्षेत्र में एक सप्ताह तक निरंतर चलाया जाएगा। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और पीडीए की एकजुटता को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना करते हुए प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर रूप नारायण पटेल, सत्येंद्र यादव, गुड्डू शुक्ला, रमाकांत पटेल, विजय यादव, डॉ. के.के. कनौजिया, शिव नारायण गौड़, जसवंत सिंह, सलमान खान, इंद्रसेन यादव, भानु पटेल, पूर्णेंद्र शौर्य, प्रेम टेलर, देव शरण यादव, सुनील कुमार, विमल सैनी, राज सिंह, शिव बहादुर गौतम, राम बिलास पासवान, सुनील बाबा, दुर्गेश यादव, डॉ. देवराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## तालाब में मछली पकडना पड़ा भारी, दलदल में फंसने से युवक की मौत, परिजन बेहाल



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर कस्बे के एक तालाब में मछली पकड़ने गए दो युवकों में एक की दलदल मे फंस कर डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, घाटमपुर में कस्बे में स्थित एक तालाब में मछली पकड़ने गए दो युवकों में से एक की दलदल में फंस कर डूबने से मौत हो गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, हादसे की सूचना पर युवक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी दो युवक बुधवार को पास के ही एक तालाब में मछली पकड़ने गए थे। मछली पकड़ने के दौरान अचानक एक युवक का पैर गहरे दलदल में फंस गया, काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। दलदल अधिक गहरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और वह डूब गया,साथ गए दूसरे युवक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची, काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

# 'चिकित्सकों का समर्पण स्वस्थ समाज की सबसे बड़ी शक्ति'- डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाज के प्रति चिकित्सकों के अमूल्य योगदान, समर्पण एवं सेवा-भाव के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय में दिनांक 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस के अवसर पर विद्यालय में एनयूपीपीएल परियोजना के चिकित्सीय कर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रति चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा, समर्पण एवं योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ, जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर एनयूपीपीएल परियोजना के डॉ. अभिनव द्विवेदी, डॉ. शांति लाल एवं उनकी चिकित्सीय समूह का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। अपने संबोधन में चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभी से अनुशासित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि एक सफल चिकित्सक बनने के लिए ज्ञान के साथ-साथ धैर्य, संवेदनशीलता, सेवा-भाव एवं मानवीय दृष्टिकोण का होना अत्यंत आवश्यक है। छात्रों ने स्वास्थ्य एवं आजीविका से जुड़े प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपने संबोधन में चिकित्सकों के समाज के प्रति अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'स्वस्थ जीवनशैली से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। चिकित्सकों की सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाएँ समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।' उन्होंने विद्यालय की ओर





से परियोजना के चिकित्सीय दल के साथ-साथ इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले एनयूपीपीएल परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO), मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) तथा मानव संसाधन विभाग (HR) के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी चिकित्सकों की समर्पित सेवाओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# ग्रीष्मावकाश के बाद खुले स्कूल, पौधे देकर हुआ बच्चों का स्वागत

● शिक्षा के साथ- साथ प्रकृति से भी करें जुड़ाव होनहार बच्चे- डीएफओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** वन विभाग प्रतापगढ के द्वारा मंगलवार को सदर रेंज के न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रतापगढ़ में ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय के प्रथम दिवस पर छात्रों का अनोखे अंदाज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, प्रभागीय निदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया गया कि वन महोत्सव (01 जूलाई से 07 जुलाई ) तक मनाया जा रहा है बच्चों को पौधे वितरित किए गए।यह कार्यक्रम एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशन लाल उमरवैश्य के संयोजन में हुआ। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि एक पौधा लगाना सौ जीवन बचाने के बराबर है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ाव पर भी जोर दिया।विद्यालय परिवार की मुखिया डॉ. शाहिदा ने सभी छात्रों का नए सत्र के लिए उत्साहवर्धन किया और पौधरोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की एवं मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त्त करते हुए उन्हें बुके तथा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार सोनी ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल के पहले दिन पौधे देकर बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना शासन और प्रशासन की बहुत ही अच्छी सोच है।

इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। बच्चों ने अपने-अपने नाम के पौधे लेकर उन्हें सहेजने और बड़ा करने का



फोटो स्कूली बच्चों का स्वागत

संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में सामूहिक पौधरोपण भी किया गया। पौधे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल का पहला दिन उनके लिए यादगार बन गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी सदर जगन्नाथ प्रसाद, वन दरोगा सत्यम विष्वकर्मा, राहुल गौतम, अजीत कुमार, वन रक्षक,सूरज कुमार, बीरेन्द्र कुमार, अजय कुमार और अन्य समाज सेवी स्कूल के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे पर लायन्स क्लब प्रतापगढ़ 'अवध' एवं 'शक्ति एक पहल फाउंडेशन' ने किया चिकित्सकों का भव्य सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब प्रतापगढ़ 'अवध' एवं 'शक्ति एक पहल फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित एवं समर्पित चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट चिकित्सा योगदान, सेवा भावना तथा समाज के प्रति समर्पण के लिए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक समाज के सच्चे सेवक हैं, जो दिन-रात मानव जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का सम्मान करना समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में प्रमुख रूप से डॉ. अच्युत नारायण प्रसाद (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रतापगढ़), डॉ. शैलेन्द्र कुशवाहा (सीएमएस पुरुष), डॉ. रमेश कुमार पांडेय (सीएमएस महिला), डॉ. सोमनाथ (प्राचार्य, एएसएमसी प्रतापगढ़), डॉ. नितिन पांडेय (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन), डॉ. राशि त्रिवेदी (एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजी), डॉ. प्रणव कुमार मिश्रा (संजीवनी हॉस्पिटल, सांगीपुर), डॉ. अम्बर केसरवानी (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. दीपिका केसरवानी, डॉ. शशि प्रभा गुप्ता, डॉ. अजीत कुमार कुलश्रेष्ठ (ईएनटी विशेषज्ञ) तथा डॉ. क्रांतिकारी सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन्स क्लब प्रतापगढ़ 'अवध' एवं 'शक्ति एक पहल फाउंडेशन' की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में क्लब अध्यक्ष ला. रामकुमार पाण्डेय, सचिव ला. शिव सागर शुक्ला, कोषाध्यक्ष ला. उमाकान्त ओझा, डायरेक्टर ला. नीलेंश कुमार मिश्रा, संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रशासक ला. संतोष कुमार पाण्डेय तथा चेयरपर्सन दीपिका सिंह व प्रेम सिंह ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन लायंस क्लब हर्ष के सचिव संतोष भगवन ने किया।

## बीयर लदा ट्रक अनियंत्रित हो कर पलटा



**बिस्कोहर।** बलरामपुर से इटवा की तरफ जा रही एक ट्रक बलरामपुर-बिस्कोहर सीमा के पास बुधवार सुबह तड़के करीब साढ़े चार बजे बीयर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नगर पंचायत बिस्कोहर के प्रवेश द्वार से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गया। हादसे में नगर पंचायत का गेट क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। घटना से आवागमन भी प्रभावित नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रक (यूपी 30 डीटी 8287) में लगभग 1400 पेटी बीयर लदी थी, जिसे अलीगढ़ से महाराजगंज ले जा रहा था। चालक नाजिम पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी ग्राम मुजहा, थाना मझिला, जनपद हरदोई ने बताया कि अचानक नींद की झपकी आने से वाहन अनियंत्रित हो गया और नगर पंचायत के गेट से टकराने के बाद पलट गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बिस्कोहर अमित कुमार शाही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखी और स्थिति का जायजा लिया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# कानपुर में लगातार हो रही है ओवर स्पीड वाहनों पर कार्यवाही, 278 वाहनों के चालान

● हर 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर, ताकि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 1.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 3 ट्रक, 1 बस 56 चार पहिया/दो पहिया 60 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 02 बस, 111 चार



पहिया/दो पहिया 116 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 62 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया ।यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## पुलिस ने साइबर जागरुकता अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत तरघौना गांव में लोगों को वर्तमान मे हो रहे पैसों की धोखाधडी/साइबर फ्राड/ व सोशल मीडिया (व्हाट्स एप्प फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग जैसे अपराधों और साइबर अपराध के प्रति लोटन कोतवाली पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। बुधवार को थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने तरघौना गांव के लोगों को साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी। अपराधों के रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और एनसीआरपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशों से अवगत कराया गया ।सभी ऑनलाइन खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग करने से बचें। व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी कभी भी किसी अज्ञात फोन कॉल या ईमेल पर साझा न करें।अज्ञात स्रोतों से आए लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से बचें।अपने सभी उपकरणों पर एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें और उसे अपडेट रखें।सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें।

# सपाइयों ने रक्तदान व पौधरोपण के साथ मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गरीबों, मजलूमों, किसानों और नौजवानों की आस पीडीए के महानायक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिवस समारोह समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता एवं डुमरियागंज की विधायक सैयदा खातून की उपस्थिति में सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया गया तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण किया गया और पीडीए पेड़ लगाया गया और महिलाओं में अंग वस्त्र साड़ी वितरित किया गया एवं पार्टी कार्यालय पर नगर अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल की अगुवाई में रक्तदान शिविर लगाकर समाजवादियों ने रक्तदान किया।

इस दौरान सपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को मिठाइ खिलाकर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई और 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व



में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय पासवान ,पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, पूर्व विधायक अनिल सिंह, बेचई यादव, अफसर रिजवी, राममिलन भारती, विभा शुक्ला, इंद्राससना त्रिपाठी, सुरेश यादव, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, घिसियावन यादव, प्रदीप पथरकट, मोहम्मद इदरीश पटवारी, अनूप यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, रिंदु पासवान, फिरोज आलम, सोनू यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, सैयद कुतुब, तुफैल अहमद, कन्हैया लोधी, कमालुद्दीन खान, बृजभान यादव, रामसेवक लोधी, जेपी यादव, अखिलेश मौर्या, मोहम्मद हारुन, सुनीता गोस्वामी, घनश्याम जायसवाल, चंद्रभान पहलवान, विजय चौधरी, जोखन चौधरी, राजेंद्र प्रसाद अंबेडकर, शैलेंद्र शर्मा, रियाज अहमद एडवोकेट, चंद्रहास यादव, खुर्शीद अहमद खान, मोहम्मद जफर, इरशाद आलम, रमजान अली, चंद्रजीत यादव, अब्दुल कलाम खान, मोहम्मद अमून मेंकरानी, जलालुद्दीन खान, अब्दुल लतीफ, मनोज मिश्रा, राजू चौधरी, कपिल देव, रामकृपाल मौर्य, चौधरी विंध्याचल, कलम हाशमी, जुनेद आलम, इरफान मिर्जा, पप्पू सिद्दीकी, मतीउल्लाह नुरुल हुदा, सुमन यादव, सुधा त्रिपाठी, राज कुमार यादव, मोहम्मद इदरीश, मकसूद आलम, शफीक अहमद, अंगद यादव आदि उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल को मिले नए प्रभारी उपाधीक्षक, डॉ. उमेश कुमार



**त्रिवेणीगंज (सुपौल):** अनुमंडलीय अस्पताल में नए प्रभारी उपाधीक्षक के रूप में डॉ. उमेश कुमार ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। सिविल सर्जन द्वारा जारी आदेश के तहत उन्हें निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ) का भी दायित्व सौंपा गया है, जिसके साथ अस्पताल की वित्तीय शक्तियां भी उनके अधीन रहेंगी। डॉ. उमेश कुमार की नियुक्ति अस्पताल के पूर्व प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. इंद्रदेव यादव के 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद वरीयता के आधार पर की गई है। कार्यभार संभालने के बाद डॉ. उमेश कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना होगी। उन्होंने बताया कि सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की समय पर उपस्थिति एवं नियमित ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अस्पताल कर्मियों ने भी उनसे बेहतर कार्य व्यवस्था की उम्मीद जताई है।

### धनबाद मुआवजा घोटाला: हाई कोर्ट ने 18 आरोपितों की जमानत याचिका एससी/एसटी कोर्ट को भेजी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण मुआवजा वितरण में कथित घोटाले से जुड़े 18 आरोपितों की जमानत याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने माना कि मामला अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित है। ऐसे में इसकी सुनवाई एसीबी कोर्ट के बजाय एससी/एसटी मामलों के विशेष अदालत में होनी चाहिए थी। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने धनबाद की एसीबी कोर्ट के आरोपितों की जमानत याचिका खारिज किए जाने के आदेश को रद कर दिया। साथ ही निर्देश दिया कि मामले से संबंधित आगे की सुनवाई एससी/एसटी मामलों की सक्षम अदालत में की जाए। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया कि यह मामला एससी/एसटी अधिनियम के दायरे में आता है, इसलिए इसकी सुनवाई एसीबी कोर्ट के बजाय एससी/एसटी विशेष अदालत में होनी चाहिए थी। विशाल कुमार समेत 18 आरोपितों ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल कर धनबाद एसीबी कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। प्रार्थियों में सुशील प्रसाद, विशाल कुमार, अशोक कुमार महथा, कुमारी रत्नाकर, दिलीप गोप, बापी राय चौधरी, सुमेश्वर शर्मा, शंकर प्रसाद दुबे, अनिल कुमार, नीलम सिन्हा, हर्ष कुमार, उमेश महतो, उदय कांत पाठक, राम कृपाल गोस्वामी, रवींद्र कुमार, आलोक बरियार, काली प्रसाद सिंह और अनुपम कुमारी शामिल हैं। मामले में आरोप है कि धनबाद रिंग रोड परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान वास्तविक रैयतों के बजाय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अन्य लोगों को करोड़ों रुपये का मुआवजा भुगतान कर दिया गया।

### प्रेमिका की शादी के बाद भी सोशल मीडिया पर प्रेमी डाल रहा था फोटो, भिड़े दो पक्ष

**उपहारा गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के दरधा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर फोन पर स्टेटस डालना एक युवक को महंगा पड़ गया। इसको लेकर बुधवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से तीन महिला तीन पुरुष घायल हो गए। घायलों में हकीम शाह, बसीर साह, मोकिम साह,शयरुन खातून , रवीना खातून, हुस्ना खातून, सहित अन्य शामिल हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में इलाज कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही रिजवान की पुत्री से बसीर का दो वर्ष पहले प्रेम प्रसंग था। हालांकि परिवार के सहमति से उस लड़की की शादी किसी दूसरे लड़के से हो गई है। लेकिन दरधा गांव निवासी बसीर शाह उस लड़की के शादी के बाद मोबाइल से सबंधित फोटो अपने इंस्टाग्राम, फेसबुक अकाउंट पर बराबर स्टेटस लगा रहा था। जिससे लड़की पक्ष के लोग कई बार समझौता भी किया गया था लेकिन बसीर शाह नहीं माना। ग्रामीणों ने बताया कि उसी विवाद को सुलझाने के लिए फिर से समझौता किया जा रहा था, इसी दौरान दोनों तरफ से तू-तू-मैं-मैं होते होते गाली गलौज के साथ घटना मार-पीट में बदल गया। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर लाठी डंडे से लगातार हमला करते नजर आ रहे हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ितों के द्वारा आवेदन मिला है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून की कमजोरी से अपर्याप्त वर्षा और तीखी धूप ने बढ़ाई प्रखंड के किसानों की चिंता

**● दस दिनों में धान का बीज तैयार होने की संभावना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** संपूर्ण देश में फिलहाल अल-नीनो के व्यापक प्रभाव के कारण मानसून की वर्षा कम होने की आशंका जताई जा रही है। इसका असर पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड के कृषि क्षेत्र पर भी दिखाई देने लगा है। विशेषकर खरीफ फसलों की पैदावार अपेक्षा से कम होने की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि किसानों का मानना है कि प्रकृति का मिजाज कब बदल जाए, यह कहना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव है। इन दिनों मौसम विभाग संचार उपग्रहों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मौसम का अनुमान लगा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में केंद्र और राज्य सरकारों को कम पानी में होने वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों को सहयोग करना चाहिए। इस वर्ष मई महीने में हल्की बारिश होने से खेतों में पर्याप्त नमी बनी रही। इससे किसानों को खेतों की जुताई करने और मवेशियों के लिए चारा उपलब्ध कराने में सुविधा हुई। वहीं 25 मई से रोहिणी नक्षत्र में कई किसानों ने धान का बीज डाला। हल्की वर्षा और तेज धूप के बीच शेष किसानों ने भी समय पर धान की बुआई कर दी। अब सभी किसान धान की रोपाई के लिए अच्छी मानसूनी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। 1 जुलाई को किसानों ने बताया कि लगभग दस दिनों में धान का बीज रोपाई योग्य हो जाएगा। उनका कहना है कि यदि जुलाई में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई और समय पर रोपाई नहीं हो सकी तो फसल अपेक्षित उत्पादन नहीं दे पाएगी। बुधवार को दोपहर लगभग एक बजे हल्की वर्षा हुई, लेकिन धूप काफी तेज रही। इस प्रकार अब तक प्रखंड में बीच-बीच में हल्की बारिश ही हुई है। इस वर्ष अब तक कितनी मिलीमीटर वर्षा हुई है, इसकी आधिकारिकि जानकारी उपलब्ध नहीं है। फिर भी किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बारिश काफी कम हुई है। हल्की वर्षा से बाजार की पक्की नालियों और सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया, लेकिन 1 जुलाई तक किसी भी खेत में जलभराव नहीं हो पाया। खेतों में हरी-भरी घास होने से पशुओं को चारा मिलता रहा और हल्की बारिश से धान के बीजों को भी कुछ लाभ मिला। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रशांत महासागर में सक्रिय हो रहा अल-नीनो वर्षा को कमजोर करने के संकेत दे रहा है। वहीं हिंद महासागर में भारतीय ओशन डाइपोल उसके प्रभाव को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है। यदि डाइपोल मजबूत रहा तो जुलाई और अगस्त में अल-नीनो का प्रभाव कम हो सकता है तथा अगस्त और सितंबर में वर्षा की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। फिलहाल एक जुलाई तक मानसून कमजोर रहने के कारण सूखे जैसी



स्थिति बनने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसका सीधा असर झारखंड के पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड में खरीफ सहित अन्य फसलों पर पड़ सकता है।

इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है क्योंकि यहां की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है। प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चेक डैम, बड़े और छोटे तालाबों का जीर्णोद्धार, नए तालाबों का निर्माण तथा सिंचाई कूप बनाए गए हैं। इनसे किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलती रही है और धान के अलावा रबी तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती भी बड़े पैमाने पर होती रही है। लेकिन इस बार पर्याप्त वर्षा नहीं होने से इन जलस्रोतों में भी पानी का भराव नहीं हो पाया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही लगातार रिमझिम या अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान का बीज खराब हो सकता है और रोपाई प्रभावित होगी। इसके बावजूद किसानों को विश्वास है कि वर्षा होगी और खेती भी सफल होगी।

### सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट के लिटिल चैंप वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर बना विजेता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड मैदान में आयोजित सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट के लिटिल चैंप वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय (यूएचएस) खोड़ाहर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में चार टीमों ने भाग लिया, जिनमें पीएस ब्लॉक कैंपस, यूएमएस बरहीडीह, एमएस बॉयज़ मिडिल स्कूल बरही तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर शामिल थे।सेमीफाइनल मुकाबले में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर का सामना एमएस बॉयज़ मिडिल स्कूल बरही से हुआ। दोनों टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में खोड़ाहर की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को बीपीएम अरुण कुमार, संजय दुबे, मथुरा प्रसाद, कृपाल राम, मनोज घोष, तुलसी दास सहित अन्य शिक्षकों ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### लक्ष्य के करीब पहुंचा धनरुआ का पल्स पोलियो अभियान

**● 36 हजार बच्चों में से 22 हजार से अधिक को पिलाई गई दवा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धनरुआ:** प्रखंड में चल रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। 28 जून से शुरू हुआ यह अभियान 2 जुलाई तक चलेगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 36 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 22 से 23 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है। ब्लॉक हेल्थ मैनेजर रामनारायण प्रसाद ने बताया कि पिछले पांच दिनों से अभियान लगातार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर शेष बच्चों तक भी पहुंचकर लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, बीसीएम सुबोध कुमार ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे प्रखंड में 113 मोबाइल टीम,




13 ट्रांजिट टीम, 9 सब-डिपो तथा 34 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। सभी टीमें घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक दवा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नोडल पदाधिकारी मोहम्मद रिजवान भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी कारणवश किसी बच्चे को अभी तक पोलियो की खुराक नहीं मिल सकी है, तो शनिवार को बी-टीम (B-Team) द्वारा पुनः घर-घर भ्रमण कर ऐसे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभिभावक स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।

### विधायक ने पाकुड़िया में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी एवं केंद्रीय कमेटी सदस्या सह युवा नेत्री उपासना मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 5 किलोमीटर दूर तलवा चौक तथा पाकुड़िया सिदो-कान्हू मोड़ स्थित वीर सिदो-कान्हू की युगल प्रतिमाओं पर 171वें हूल दिवस के शुभ अवसर पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आदिवासी परंपराओं के अनुसार विधायक और युवा नेत्री का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात सभी पैदल मार्च करते हुए सतीघाट मैदान पहुंचे, जहां झामुमो प्रखंड कमेटी की ओर से तीरंदाजी, मटका फोड़, लागड़े एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने हूल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 'हूल' शब्द का अर्थ 'क्रांति' है। 30 जून 1855 को तत्कालीन शासन व्यवस्था और महाजनों के शोषण के विरुद्ध साहिबगंज के भोगनाडीह गांव से सिदो-कान्हू के नेतृत्व में संथाल हूल की शुरुआत हुई थी, जिसका व्यापक प्रभाव आगे चलकर देखने को मिला। नौ महीने तक चली इस क्रांति के बाद अंग्रेजों ने प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करने के लिए संथाल परगना को अलग जिला बनाया और कई विशेष कानून लागू किए। उन्होंने कहा कि 30 जून 1855 को सिदो-कान्हू के नेतृत्व में साहिबगंज के बरहेट स्थित भोगनाडीह से 10 हजार आदिवासियों ने विद्रोह का बिगुल फूंका, जो नौ महीने तक धधकता रहा। कहा जाता है कि इस आंदोलन में 30 से 50 हजार लोग शामिल हुए थे। संथालों ने विदेशी अंग्रेजों और स्वदेशी महाजनों दोनों के शोषण के खिलाफ संघर्ष छेड़ा। आज का संथाल परगना क्षेत्र उसी संथाल हूल का प्रतिफल है, जिसमें केवल संथाल ही नहीं बल्कि अन्य कई जाति-समुदायों के लोगों ने भी भाग लिया था। केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी ने कहा कि इस आंदोलन में महिलाओं की भी बड़ी भूमिका रही। सिदो-कान्हू की बहन फूलो और झानो ने महिलाओं का नेतृत्व किया था। इस क्रांति में किशोरियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी थी।

संथाल हूल एक समग्र क्रांति थी, जिसमें शासन और शोषण के खिलाफ हजारों आदिवासी और गैर-आदिवासी एकजुट होकर खड़े हुए। इस आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जनजागरण का कार्य किया और क्रांति को आगे बढ़ाया। उन्हीं हजारों वीर शहीदों की स्मृति में हर वर्ष हूल दिवस मनाया जाता है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार उपस्थित लोगों के समक्ष रखे। इसके बाद खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी तथा अन्य अतिथियों ने




पुरस्कार वितरित किए। इससे पूर्व सुबह 7:30 बजे झामुमो प्रखंड कमेटी की ओर से सिदो-कान्हू की प्रतिमा का आदिवासी रीति-रिवाज एवं पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद, प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ नेता देबीलाल हांसदक, खुर्शीद आलम, जीप अध्यक्ष जुली हेम्ब्रम, कलम मुर्मू, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, नजरुल इस्लाम, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, अरविंद टुडू, शिवलाल टुडू, अब्दुल बनीज, रेफाइल मुर्मू, सुभाषिनी मुर्मू, छोटू भगत, विश्वजीत दास, मैनेजर मरांडी, नेगार अंसारी, लालबाबू अंसारी, बिनोद भगत, मुजीबुल शेख, मंजूर अंसारी, तोहिदुल शेख, मनोज सोरेन, अकबर अली, बुलबुल शेख, एनोस मुर्मू, छोटू दास, रोशन अंसारी, खुदूलाल भगत, परमेश्वर मरांडी, कारण गुप्ता, नरेश हांसदा, रोहित हांसदा, सुनील टुडू सहित पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अरवल में दुकान खोलने जा रहे बाइक सवार कारोबारी को बालू लदे ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**अरवल।** कलेर थाना क्षेत्र में पटना -औरंगाबाद एनएच-139 पर बुलाकी बिगहा मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी मुन्नी साव के 26 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है। घायल सुधीर कुमार भी अरई गांव निवासी मदन साव के पुत्र हैं। दोनों युवक कलेर बाजार में कपड़े की दुकान चलाते थे और प्रतिदिन की तरह मंगलवार की सुबह भी अपनी दुकान खोलने के लिए बाइक से कलेर आ रहे थे। बुलाकी बिगहा मोड़ के समीप बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छोटू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुधीर कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए और इसकी जानकारी कलेर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलेर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने छोटू कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल सुधीर कुमार का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ उग्र होने लगी, पुलिस ने तत्काल लोगों को समझाकर स्थिति को सामान्य कराया और यातायात बहाल कराया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि फरार ट्रैक्टर एवं उसके चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मनरेगा योजना की हुई समीक्षात्मक बैठक

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** बीते बुधवार को नारायणपुर प्रखंड सभागार में बीडीओ कमलेश कुमार दास की अध्यक्षता में मनरेगा और आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ कमलेश कुमार दास ने कहा कि शेष रह गए आवास निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करें, इसमें बहाने बाजी नहीं चलेगी। साथ ही मनरेगा की योजनाओं को क्लोज करने का कार्य करें। कई पंचायतों में मनरेगा योजना को पूर्ण कर क्लोज करने का प्रतिशत काफी कम है जो चिंताजनक है। बैठक में ससमय कार्य को पूर्ण करने पर बल दिया गया। प्रखंड के चंदा डीह लखनपुर में 503, कुरता 680, मदनाडीह 602 , रूपडीह 651, टोपाटांड़ में 530 आवास पेंडिंग है। बताया गया कि दो फीसदी और योजना क्लोज करने पर जिला में इस प्रखंड का द्वितीय स्थान होगा, अभी चौथे स्थान पर है। प्रखंड के बंदचुवां पंचायत में 77 फीसदी दिघारी में 77 फीसदी नारायणपुर 75 फीसदी योजनाएं ही क्लोज हुई है। उक्त कार्य में गति लाए। बैठक में एई कुमार अनुराग, कनिय अभियंता रवि उरांव, कैलाश मंडल, वकील मरांडी, सुशांत कुमार, शिशु धीवर, पंपा माझी, पूजा माझी, राधेश्याम पंडित, मो सुल्तान आदि, अनिल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# हाईवा की टक्कर से महिला की मौत

**● दामाद व पांच वर्षीय बच्चा घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना):** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ स्थित एनएच-22 पर मंगलवार को तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका दामाद और पांच वर्षीय बच्चा घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने करीब चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस और प्रशासन के समझाने-बुझाने के बाद यातायात सामान्य कराया गया। मृतका की पहचान टरवां गांव निवासी कुंती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कुंती देवी अपने दामाद अरुण कुमार और पांच वर्षीय बच्चे के साथ जहानाबाद से इलाज कर बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान गोपालपुर मठ के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कुंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि दामाद और बच्चा को मामूली चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही



मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने कुंती देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर एनएच-22 को जाम कर दिया। करीब चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर लोगों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फरार हाईवा और उसके चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन मालिक और बीमा संबंधी दस्तावेजों का भी सत्यापन किया जा रहा है। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने तथा मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# चुट्टूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित ट्रेलर ने 12 वाहनों को मारी टक्कर

**● छह कार, तीन बाइक, दो कंटेनर और एक बस दुर्घटना की चपेट में, कई घायलों की हालत गंभीर, घंटों बाधित रहा एनएच-33**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रामगढ़, झारखंड:-** रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-33) स्थित चुट्टूपालू घाटी में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रेलर ने आगे चल रहे वाहनों को एक के बाद एक टक्कर मार दी, जिससे छह कार, तीन मोटरसाइकिल, दो कंटेनर और एक बस सहित कुल 12 वाहन दुर्घटना की चपेट में आ गए। हादसे में 25 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें 12 से अधिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर चुट्टूपालू घाटी से तेज गति से नीचे उतर रहा था। घाटी में वाहनों की लंबी कतार होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर ने सामने चल रहे वाहनों को एक-एक कर टक्कर मारनी शुरू कर दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार ट्रेलर और कंटेनर के बीच बुरी तरह दब गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे और सब-इंस्पेक्टर सुरेश उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत कार्य तेज करते हुए क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने का अभियान शुरू किया। हादसे के कारण रांची से हजारीबाग जाने वाली लेन लंबे समय तक बाधित रही, जिसके बाद वन-वे व्यवस्था लागू कर यातायात संचालित किया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अनियंत्रित ट्रेलर द्वारा कई वाहनों को टक्कर मारने की बात सामने आई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, सब-इंस्पेक्टर सुरेश उरांव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य करने का प्रयास जारी है। हादसे में घायल वाहन चालक समीर कुमार ने बताया कि वे घाटी से नीचे उतर रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर आता दिखाई दिया। आगे वाहनों की रफ्तार धीमी होने के कारण ट्रेलर चालक नियंत्रण नहीं रख सका और कई वाहनों को टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि कुछ समझ पाते, उससे पहले चारों ओर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से उनकी जान बच सकी। इस भीषण दुर्घटना के बाद चुट्टूपालू घाटी की सड़क सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घाटी में आए दिन बड़े सड़क हादसे होते हैं, लेकिन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अब तक प्रभावी और स्थायी उपाय नहीं किए गए हैं। लोगों ने ओवरस्पीडिंग पर सख्ती से नियंत्रण, भारी वाहनों की निगरानी, आधुनिक चेतावनी संकेत, स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम तथा घाटी क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो चुट्टूपालू घाटी मौत की घाटी के रूप में बदनाम होती जाएगी।

# सम्राट कैबिनेट में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**● पंचायतों को मिलेगा 51 हजार करोड़ से ज्यादा अनुदान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए भारत सरकार से प्राप्त होने वाले कुल 51,923 करोड़ रुपये के बेसिक एवं निष्पादन अनुदान के वितरण, उपयोग, क्रियान्वयन और व्यय को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सम्राट चौधरी की सरकार ने 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए यह स्वीकृति दी है। इस निर्णय से ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। बैठक में 29 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि यह राशि अगले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्र सरकार से प्राप्त होगी। सरकार ने इसके वितरण और उपयोग की



रूपरेखा को भी मंजूरी दे दी है, ताकि सभी स्तर की पंचायती राज संस्थाएं योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों का संचालन कर सकें। विभाग का कहना है कि इस अनुदान से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सामुदायिक परिसंपत्तियों के रखरखाव तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप अन्य विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। साथ ही, बेहतर कार्य निष्पादन करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को निष्पादन अनुदान का भी लाभ मिलेगा, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का मानना है कि 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप उपलब्ध कराई जा रही यह राशि राज्य की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बनाएगी और ग्रामीण विकास की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### औरंगाबाद जिले का बदलेगा नाम, केंद्र के निर्देश पर बिहार सरकार कर रही विचार

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड मुख्यालय स्थित सहदेव चौधरी पुस्तकालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के केंद्रीय सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने की, जबकि संचालन दीपक गुप्ता ने किया। इस बैठक में जिले का नाम देव करने के लिए चल रहे संघर्ष पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने बताया कि बिहार के अन्य जिलों की तरह औरंगाबाद जिले का नाम देव करने के लिए 1992 से प्रयास जारी हैं। तीन जुलाई 2026 को एक दिवसीय प्रदर्शन और जिला पदाधिकारी कार्यालय का घेराव कर मांग पत्र समर्पित करने की योजना बनाई गई थी।इसी बीच, गृह मंत्रालय भारत सरकार ने बिहार सरकार को इस मांग के समर्थन में नियमानुकूल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है और बैठक में बिहार तथा केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तीन जुलाई को प्रस्तावित प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम को तत्काल स्थगित कर दिया गया।

### पेंशन पर झारखंड हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, संविदा सेवा को नजरअंदाज नहीं कर सकती सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के उन पारा शिक्षकों को बड़ी राहत दी है, जो बाद में नियमित इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक बने और सेवानिवृत्त हुए। अदालत ने स्पष्ट किया कि नियमित नियुक्ति से पहले पारा शिक्षक के रूप में दी गई संविदा सेवा को भी पेंशन की गणना में जोड़ा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि जब सरकार ने नियमित नियुक्ति के लिए पारा शिक्षक के अनुभव को पात्रता का आधार बनाया था, तब उसी सेवा को पेंशन के समय नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़ और पाकुड़ के पांच सेवानिवृत्त शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। प्रार्थियों का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता मनोज टंडन और सिद्धार्थ रंजन ने अदालत को बताया कि प्रार्थी पहले आठ से 12 वर्षों तक पारा शिक्षक रहे और बाद में चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियमित इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्त हुए। नियमित सेवा के दौरान वे 10 वर्ष की अनिवार्य अवधि से कुछ दिन या कुछ महीने कम रहने के कारण पेंशन से वंचित हो गए थे। अदालत ने कहा कि नियमित शिक्षकों की 50 प्रतिशत सीटें ऐसे पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित थीं, जिन्होंने कम से कम दो वर्ष की लगातार सेवा दी थी। जब सरकार ने नियुक्ति के समय उसी अनुभव को मान्यता दी, तो पेंशन के मामले में उस सेवा को नहीं गिनना उचित नहीं है। कोर्ट ने इसे राज्य का विरोधाभासी रुख बताया। कोर्ट ने यह भी कहा कि पेंशन कोई दया या अनुग्रह नहीं, बल्कि कर्मचारी का वैधानिक अधिकार है। यदि किसी कर्मचारी ने पहले संविदा पर और फिर उसी विभाग में नियमित रूप से सेवा दी है, तो उसकी पूरी सेवा को पेंशन के लिए माना जाना चाहिए। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का भी हवाला दिया। राज्य सरकार की इस दलील को भी अदालत ने खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ताओं ने 10 वर्ष की नियमित सेवा पूरी नहीं की है। कोर्ट ने कहा कि इन शिक्षकों ने बिना किसी सेवा व्यवधान के पहले पारा शिक्षक और फिर नियमित शिक्षक के रूप में एक ही विभाग में कार्य किया है, इसलिए उनकी संविदा सेवा को पेंशन के लिए जोड़ा जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सभी प्रार्थियों की पारा शिक्षक के रूप में दी गई सेवा अवधि को पेंशन की निर्धारित सेवा में शामिल कर उनके पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का पुनर्गणना कर निर्धारित अवधि में भुगतान किया जाए।

# त्रिनेत्र योजना में करोड़ नहीं, लेकिन लाखों के घोटाले के आरोप!

● बिराहिमपुर में सीसीटीवी कैमरों को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

.....16 सीसीटीवी कैमरों में करीब दो लाख रुपये के कथित हेरफेर का आरोप, रिकॉर्डिंग तक प्रधान के करीबी लोगों की पहुंच होने का दावा; महिलाओं की निजता पर भी उठे गंभीर सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग तेज।





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत बिराहिमपुर के मजरा रामपुर बस्ती में सरकार की महत्वाकांक्षी त्रिनेत्र योजना विवादों में घिर गई है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और संबंधित पंचायत अधिकारियों पर योजना के क्रियान्वयन में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में त्रिनेत्र योजना के तहत 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिनकी खरीद और स्थापना पर करीब दो लाख रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि इतने कैमरों की वास्तविक बाजार कीमत लगभग 35 से 40 हजार रुपये के बीच है। ऐसे में ग्रामीणों ने शेष धनराशि के कथित हेरफेर की आशंका जताते हुए तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट कराने की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखने का अधिकार केवल अधिकृत सरकारी अधिकारियों के पास होना चाहिए, लेकिन गांव में प्रतिदिन रात करीब आठ बजे ग्राम प्रधान के कुछ करीबी लोगों द्वारा रिकॉर्डिंग देखे जाने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह कार्य किसी अधिकृत सरकारी कर्मचारी की मौजूदगी के बिना किया जाता है, जिससे व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मामले का सबसे संवेदनशील पक्ष महिलाओं की निजता से जुड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कैमरों का उपयोग गांव की सुरक्षा के बजाय महिलाओं और युवतियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है। यदि जांच में यह आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल सरकारी योजना के उद्देश्य के विपरीत होगा बल्कि निजता और सम्मान के अधिकार से जुड़ा गंभीर मामला भी माना जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि हाल के न्यायिक आदेशों के बाद ग्राम पंचायत के कार्यों की निगरानी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। ऐसे में यदि सीसीटीवी रिकॉर्डिंग तक अनधिकृत लोगों की पहुंच है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है, इस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि त्रिनेत्र योजना में हुए कथित खर्च का स्वतंत्र तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट कराया जाए, कैमरों की खरीद और भुगतान से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच की जाए, सीसीटीवीरिकॉर्डिंग तक किस-किस की पहुंच है इसका सत्यापन किया जाए तथा यदि किसी भी स्तर पर वित्तीय अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाएं गांव की सुरक्षा और जनहित के लिए बनाई जाती हैं। यदि इन योजनाओं का दुरुपयोग कर सरकारी धन का कथित दुरुपयोग किया जा रहा है और लोगों की निजता प्रभावित हो रही है, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाती है या मामला अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाता है। फिलहाल ग्रामीणों ने शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों में हुई मारपीट, वीडियो वायरल

**कोंच (जालौन)-** मंगलवार देर रात करीब 11 बजे गल्ला मंडी गेट के सामने सड़क पर दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में गाली गलौच के साथ जमकर मारपीट और पथराव हो गया। घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। आसपास मौजूद लोगों एवं राहगीरों ने किसी तरह खुद को सुरक्षित किया। उक्त पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद हरकत में आई पुलिस अब घटना में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गया। हालांकि, विवाद की वास्तविक वजह फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ समुचित कार्रवाई की जाएगी।

### सर्प दंश से युवक की हालत बिगड़ी



**कोंच (जालौन)-** ब्लॉक कोंच क्षेत्र के लौना गांव में मंगलवार/बुधवार की रात्रि एक 35 वर्षीय युवक को सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। झाड़फूंक के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लौना निवासी दिलीप पुत्र संतराम बीती रात घर में सो रहा था। घटना के समय गांव की बिजली आपूर्ति गुल थी। इसी दौरान वहां निकले एक जहरीले सर्प ने दिलीप को काट लिया और कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक कराने में लग गए लेकिन हालत में सुधार होने के बजाय और बिगड़ने लगी। डर के मारे परिजन बुधवार को उसे सीएचसी कोंच लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। फिलहाल दिलीप की हालत में सुधार होना बताया जा रहा है।

### पतंजलि योग समिति सोनभद्र 5 जुलाई को राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी का करेगी सम्मान

**योग के प्रति निष्ठावान लोगों को भी किया जाएगा सम्मानित: रवि प्रकाश त्रिपाठी**



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** योग के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य करते रहने के लिए पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी को योग गौरव सम्मान से लखनऊ में सम्मानित किया गया है। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र द्वारा आगामी 5 जुलाई को राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा योग के प्रति निष्ठावान लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राबर्ट्सगंज नगर स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में प्रातःकालीन योग कक्षा में प्रातः 5 बजे से 7 बजे के बीच होगा। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया कि पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्व दुर्गेश योगी को योग गौरव सम्मान लखनऊ में प्राप्त हुआ है। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के सभी संगठनों ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया है कि भारत स्वाभिमान राज्य प्रभारी भगवान सिंह की गरिमामय उपस्थिति में व सोनभद्र जनपद के कुशल मार्गदर्शक ,संयोजक, संरक्षक के मार्गदर्शन में राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी का सम्मान समारोह 5 जुलाई 2026 दिन रविवार को प्रातः 5:00 से 7:00 बजे के बीच मारवाड़ी धर्मशाला बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास राबर्ट्सगंज सोनभद्र में होना सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा योग के प्रति निष्ठावान लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने ने राज्य प्रभारी के सम्मान समारोह में समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने का सभी से आग्रह किया है।

## सपाइयों ने उत्साह के साथ मनाया अखिलेश का जन्मदिन





● सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव सहित कार्यकर्ताओं ने केक काटकर रोपे पौधे, दरिद्रों को कराया भोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा नेता और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की, साथ ही पौधारोपण कर दरिद्रों को भोजन कराकर सेवाभाव का संदेश दिया। सपा नगर अध्यक्ष/सभासद अमित यादव के नेतृत्व में जुटे सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मोहल्ला गांधीनगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति के आश्रम में अपने नेता अखिलेश यादव का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया। मौजूद लोगों ने जिंदाबाद के नारों और तालियों के बीच केक काटकर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की और एक दूसरे को केक खिलाई।

इस दौरान आश्रम परिसर में कार्यकर्ताओं ने फल एवं छायादार पौधे रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आश्रम में मौजूद दरिद्रों असहायों को सपा नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग मिलकर भोजन भी कराया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि देश में समाजवाद के सशक्त हस्ताक्षर कोई है तो वह अखिलेश यादव हैं, जो डॉ. राम मनोहर लोहिया, जनेश्वर मिश्र और मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं को संकल्प लेना होगा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरकर आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, रामशरण कुशवाहा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, मनोज इकडया, माधव कुशवाहा, सतेंद्र गुर्जर दिक्कू रवा, मुलायम कुशवाहा, रवि यादव मेडिकल, सतीश परिहार, राजेंद्र निरंजन चमरसेना, केशव बबेले, ताहिर कुरैशी, अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, भोलानाथ झा, अजय परैथा, करुणानिधि, अतीक अहमद, घनश्याम, रामकुमार, सामी, सोबी मंसूरी, महंत कृष्णपाल सिंह, अनस खान आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सोनभद्र में विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटाई एवं आदिवासी समुदायों पर मंडरा रहा है संकट

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** पानी पेड़ बचाओ अभियान द्वारा तहसील परिसर में सोनभद्र के में विकास के नाम पर पर्यावरण का दोहन करने के लिए एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अभियान के सह संयोजक एडवोकेट राजेश कुमार यादव ने किया। अभियान के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार सिंह का कहना है कि जिले में पहले से स्थापित औद्योगिक इकाइयों एवं नई विकास परियोजनाओं के लिए हजारों पेड़ों की कटाई की जा चुकी है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। औद्योगिक प्रदूषण के कारण आम नागरिकों का जीवन भी लगातार कठिन होता जा रहा है। अभियान के क्षेत्रीय संयोजक टीटू प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जंगलों का विनाश केवल पर्यावरण का नुकसान नहीं है, बल्कि यह सदियों से जल, जंगल और जमीन पर निर्भर आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर भी सीधा हमला है। सोनभद्र के गोंड, बैगा, खरवार सहित अन्य आदिवासी समुदाय अपनी आजीविका, संस्कृति और जीवन-यापन के लिए जंगलों पर निर्भर हैं। लगातार हो रही वन कटाई के कारण वे अपने पारंपरिक संसाधनों से वंचित हो रहे हैं तथा अनेक गांवों में पलायन जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस अवसर पर रमेश चंद्र सिंह सुरेश सिंह कुशवाहा, रियाज़ खान, शाहनवाज आलम खान, आदर्श देव पांडेय, जितेंद्र कुमार, राजकुमार पटेल, कामता प्रसाद यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## चैनपुर और सागोबांध में बंद रहता होम्योपैथिक चिकित्सालय, कागजों में दर्ज हो रही डॉक्टरों की उपस्थिति

● राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों पर उठे सवाल, जनता पूछ रही सवाल

● कागजों पर इलाज, जमीनी हकीकत में ताला ,ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

● अस्पतालों पर अक्सर लटका रहता है ताला, कागजों में दर्ज हो रही डॉक्टरों की उपस्थिति आखिर किसे मिल रहा इलाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बभनी/म्योरपुर/सोनभद्र-** जनपद के विकास खण्ड बभनी अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर एवं विकास खण्ड म्योरपुर अंतर्गत सागोबांध स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चिकित्सालय कई वर्षों से बंद है, जबकि विभागीय अभिलेखों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति दर्ज की जाती है। इससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश लोगों को यह तक जानकारी नहीं है कि उनके गांव में सरकार द्वारा संचालित होम्योपैथिक चिकित्सालय संचालित है। अस्पतालों के नियमित रूप से बंद रहने के कारण मरीजों को निजी क्लीनिकों या दूर स्थित सरकारी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ग्रामीण भगवानदास, उमा कनौजिया, उदय सिंह, विजय कनौजिया, शिवपूजन गुप्ता, रामलल्लू गुप्ता एवं लालबाबू गुप्ता सहित ग्रामीणों का कहना है कि यदि चिकित्सालय नियमित रूप से संचालित हों और डॉक्टर समय पर उपलब्ध रहें, तो चैनपुर, सागोबांध सहित आसपास के गांवों के हजारों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकता है। लेकिन वर्तमान स्थिति में यह सरकारी सुविधा केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब चिकित्सालयों पर अक्सर ताला लटका रहता है, तो डॉक्टरों की उपस्थिति किस आधार पर दर्ज की जा रही है? क्या संबंधित अधिकारी कभी औचक निरीक्षण करेंगे या फिर सरकारी व्यवस्था इसी तरह चलती रहेगी?

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग से मांग किया है कि चैनपुर और सागोबांध स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों की निष्पक्ष जांच व नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि ऐसे लापरवाह चिकित्स क और कर्मचारियों पर अंकुश लग सके। यदि अनियमितता पाई



जाती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ वास्तव में ग्रामीणों तक पहुंच सके। सबसे बड़ा सवाल है कि उपस्थिति पूरी, सेवा अधूरी–ग्रामीणों के सवालों का जवाब कौन देगा? जनता बार बार पूछ रही है सवाल जब अस्पताल बंद रहता है, तो सरकारी वेतन किस काम का? जबकि ताले में कैद स्वास्थ्य सेवा, जवाबदेही से दूर जिम्मेदार। जब डॉक्टर नहीं, तो इलाज किसका? जब अस्पताल बंद, तो उपस्थिति किसकी? इस बावत जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने कहा कि केन्द्र पर डॉक्टर, फ़ार्मासिस्ट व चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी नियुक्ति है आखिर किन कारणों से डॉक्टरों की उपस्थिति किन परिस्थितियों में नगण्य है। बहरहाल शिकायत की जाँच कर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### बद्रीप्रसाद कॉलेज में एड्स बीमारी पर किया गया जागरूक




**कोंच (जालौन)-** सेठ बद्रीप्रसाद कॉलेज में संचालित एनएसएस इकाई द्वारा एड्स जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया सेठ बद्रीप्रसाद चिकित्सालय के अधीक्षक डॉआरडी सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। एड्स संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का प्रयोग तथा संक्रमित माता से शिशु में फैलता है। महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर एवं पूनम ने कहा कि समय समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार एवं जागरूकता से एड्स जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ बृजेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय व चिकित्सालय स्टॉफ के सदस्यों सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## भाकियू पंचायत में किसानों ने रखी तमाम समस्याएं



● 3 जुलाई को विद्युत अधीक्षण कार्यालय पर दिया जाएगा धरना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई की मासिक पंचायत बुधवार को कोंच ब्लॉक परिसर में संगठन के जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंचायत में मौजूद किसानों ने विभिन्न समस्याओं को सामने लाकर उनके शीघ्र समाधान की मांग की है।

पंचायत में मौजूद क्षेत्र के किसानों ने कहा कि खेतों में धान फसल की बोवाई हो चुकी है, ऐसे में अन्ना पशुओं से फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। इसको देखते हुए अन्ना पशुओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रशासन के स्तर पर तत्काल ठोस व्यवस्था कराई जाए ताकि किसानों की मेहनत बर्बाद न हो। ग्राम पड़री एवं मनोहरी के तालाबों की साफ सफाई, ग्राम मनोहरी में खराब पड़े हैंडपंप का रीबोर, ग्राम पचीपुरा में खड़ंजा निर्माण, ग्राम पड़री में नालों की सफाई और सचिवालय नियमित रूप से खोले जाने, पात्र गरीब किसानों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने, कैथी गांव में खलिहान की भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाने, रामजानकी मंदिर के कुओं के जीर्णोद्धार और प्राथमिक विद्यालय परिसर में खुले नाले की मरम्मत कराने की भी मांग संबंधित गांवों के किसानों ने रखी।

पंचायत के उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण किए जाने की मांग की है। वहीं पंचायत में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्या को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने घोषणा की है कि 3 जुलाई शुक्रवार को सुबह 10 बजे विद्युत अधीक्षण अभियंता के उरई स्थित कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कोंच तहसील क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है। पंचायत में तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पटेल सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

● 1200 मतदाताओं के मानक पर होगा मतदेय स्थलों का सम्भाजन, 3 जुलाई तक पूरी होगी संशोधन प्रक्रिया

निजी एवं अनुपयुक्त भवनों से हटेंगे मतदान केन्द्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन-2026) के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी दलों को अवगत कराया गया तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों पर सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1200 मतदाताओं के मानक के अनुरूप किया जा रहा है। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जर्जर भवनों, अनुपयुक्त स्थानों तथा आवश्यकतानुसार मतदान केंद्रों में संशोधन एवं स्थान परिवर्तन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी मतदान केंद्र को दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी सामुदायिक भवन, विवाह घर अथवा किसी राजनीतिक व्यक्ति के स्वामित्व वाले भवन में संचालित नहीं किया जाएगा। ऐसे केंद्रों को उपयुक्त शासकीय अथवा सार्वजनिक भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। यदि कोई मतदान केंद्र निजी भवन में संचालित है और निकट में शासकीय भवन उपलब्ध है तो उसे भी स्थानांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के संबंध में कोई सुझाव, संशोधन या आपत्ति हो तो उसे दो दिवस के भीतर लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि मतदान केंद्रों के नामों का मानकीकरण किया जाएगा तथा अभिलेखों में अंकित नाम ही स्थल पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों की दूरी, कम मतदाता संख्या वाले केंद्रों तथा अन्य विषयों पर अपने सुझाव रखे। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों पर नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भौतिक सत्यापन रिपोर्ट एवं राजस्व टीम की जांच के आधार पर आवश्यक संशोधन करते हुए 03 जुलाई, 2026 तक अंतिम रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे मतदेय स्थलों के आलेख प्रकाशन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, रामनिहोर यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, संतोष कुमार शुक्ला जिला महामंत्री भाजपा, नन्दलाल आर्य जिला मंत्री सीपीआई एम, डा0 ओम प्रकाश मौर्य प्रभारी बसपा, अमर कुमार मौर्य जिला महासचिव बसपा, रमेश गौतम जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, अनवर अली अंसारी सूचना प्रभारी आम आदमी पार्टी, जगरूप सिंह पटेल सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## सुरक्षा का पाठ पढ़ाने वाले खुद नियमों से बेपरवाह

● NTPC रिहंद के निजी सुरक्षाकर्मी बिना हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाते दिखे, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र-** देश के प्रमुख विद्युत उत्पादन केंद्रों में शामिल NTPC रिहंद परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। परियोजना परिसर में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ निजी सुरक्षाकर्मी कथित रूप से बिना हेल्मेट के दोपहिया वाहन चलाते नजर आए। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जब सुरक्षा नियमों का पालन कराने वाले ही नियमों की अनदेखी करेंगे, तो आम लोगों से नियमों का पालन कराने का नैतिक आधार कैसे बनता है? स्थानीय लोगों का कहना है कि NTPC रिहंद परियोजना में प्रवेश के दौरान कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों और आम नागरिकों से हेल्मेट सहित अन्य सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाता है। ऐसे में यदि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मी स्वयं इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो यह दोहरे मापदंड का संकेत माना जा सकता है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि इससे पहले भी कुछ निजी सुरक्षाकर्मियों पर NTPC कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट तथा अन्य विवादों के आरोप लग चुके हैं। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय सुरक्षाकर्मियों को संरक्षण दिए जाने की शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि परियोजना प्रबंधन सुरक्षा नियमों को सभी पर समान रूप से लागू करे और यदि किसी कर्मचारी या सुरक्षाकर्मी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि सुरक्षा संस्कृति तभी मजबूत होगी, जब नियम सभी के लिए समान होंगे। इस संबंध में NTPC रिहंद प्रबंधन का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। यदि प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

### उप निरीक्षक नामवर सिंह की विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**ग्रामीणों ने बाजार मे नाचते-गाते विदाई की**



**सुरियावां** उप निरीक्षक नामवर सिंह की सुरियावां थाना से रिटायर्ड की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण खरगपुर बाजार में उन्हें भव्यता से विदाई दी। इस दौरान पुरे खरगपुर बाजार घुमाया गया। सुरियावां थाना में तैनात 112 पर तैनात उप निरीक्षक नामवर सिंह का रिटायर्ड होने पर खरगपुर बाजार में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ बाजार में घुमाते हुए विदा किया। इस दौरान भी ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। यह विदाई का नजारा गजब लग रहा था। बता दें कि उप निरीक्षक नामवर सिंह रिटायर्ड सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण खरगपुर में भव्यता से विदाई किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गईउनके रिटायर्ड को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि नामवर सिंह बहुत ही मिलनसार एवं नेक स्वभाव के थे लेकिन कुछ लोग दिलों में जगह बना लेते हैं। इस अवसर पर उनके कार्यों की सराहना की गयी विदाई समारोह में सुभाष यादव, राम बहादुर बिन्द, दिनेश यादव दादा, दिनेश यादव, लाल साहब बिन्द।

### लापरवाही पर जिलाधिकारी ने 5 अधिकारियों को दिया नोटिस

**आंगनबाड़ी निर्माण एक हफ्ते में पूरा करने का अल्टीमेटम**

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए एक ओर आईजीआरएस शिकायतों के खराब निस्तारण पर पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर पोषण समिति और बाल कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधूरे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एक सप्ताह के भीतर पूरा कराने का अल्टीमेटम दिया। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि कई शिकायतों का निस्तारण शासन के मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। इस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी गौरीबाजार, नगर पालिका परिषद देवरिया के अधिशासी अधिकारी तथा सलेमपुर, सदर और बनकटा के तीन सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पोषण समिति की बैठक में डीएम ने वर्ष 2022-23 और 2023-24 के अधूरे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एक सप्ताह के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीडीपीओ, सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित होम विजिट, पोषण ट्रैकर और ई-कवच के माध्यम से निगरानी करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि संबंधित क्षेत्र में मातृ या शिशु मृत्यु होने पर सुपरवाइजर के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि की जाएगी। इसके बाद बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर और प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने कन्या सुमंगला योजना का पंजीकरण बढ़ाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने और उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए तथा इसके लिए विभागीय समन्वय और व्यापक जनजागरूकता जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### केयरटेकर पर हमला, दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी

**नैनी प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत रामपुर तिराहे पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की बस की देख-रेख करने वाले युवक पर जानलेवा हमला और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के अनुसार, पीड़ित अभिनेष पाण्डेय मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत चलने वाली बस (संख्याः UP 70 RT 7055) की देख-रेख का काम करता है। पीड़ित का आरोप है कि क्षेत्र का एक दबंग व गैंगस्टर प्रवृत्ति का व्यक्ति, प्रमोद कुमार तिवारी उसी रूट पर अपनी कई डग्गामार (अवैध) बसें चलवाता है। घटना वाले दिन जब अभिनेष रामपुर तिराहे पर अपनी बस की देख-रेख कर रहा था, तभी आरोपी प्रमोद कुमार तिवारी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोपी ने पीड़ित को अपशब्द कहे और कहा कि 'तुम मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की गाड़ी चलवा रहे हो, जिससे मेरा नुकसान हो रहा है।' जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।जान से मारने की धमकी और कार्रवाई की मांगपीटने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि वह भविष्य में दोबारा बसों की देख-रेख करते हुए दिखा, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। पीड़ित अभिनेष पाण्डेय ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी अवैध डग्गामार बसों को सीज कर संचालन बंद कराया जाए।

### FCRA पोर्टल का शुभारंभ सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम : रजनीकांत श्रीवास्तव

**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ, काशी प्रांत के प्रांत सहसंयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर पारदर्शी, जवाबदेह एवं तकनीक आधारित प्रशासन को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी द्वारा FCRA (Foreign Contribution Regulation Act) से संबंधित प्रक्रियाओं की रियल-टाइम निगरानी एवं प्रभावी संचालन के लिए नए पोर्टल का शुभारंभ एक दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक पहल है। रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि यह पोर्टल विदेशी अंशदान से संबंधित व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं तकनीक-सक्षम बनाएगा। इससे नियमों के प्रभावी अनुपालन के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सुशासन को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने का यह प्रयास विकसित भारत के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं गृह मंत्री अमित शाह जी के कुशल मार्गदर्शन में देश प्रशासनिक सुधारों, डिजिटल गवर्नेंस और पारदर्शिता के नए मानक स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार के ऐसे निर्णय राष्ट्रहित, सुशासन और जनविश्वास को मजबूत करने वाले हैं। रजनीकांत श्रीवास्तव ने FCRA पोर्टल के सफल शुभारंभ पर केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




**प्रयागराज।** थाना उतरांव पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना उतरांव प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम धन्सीपुर के पास से वांछित अभियुक्त अब्दुल माजिद (21 वर्ष) पुत्र कादिर, निवासी ग्राम मकसूदना, थाना उतरांव, कमिश्नरेट प्रयागराज को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि उनकी नाबालिग पुत्री को आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। शिकायत के आधार पर थाना उतरांव में मु.अ.सं. 140/2026 के तहत धारा 137(2) एवं 87 भारतीय न्याय संहिता (BNS) में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: आरोपियों ने कबूली करोड़ों की चोरी, अनिल मिश्रा का नाम फिर आया सामने

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



पुलिस ने कोर्ट की अनुमति के बाद मंगलवार को जेल में बंद राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों से करीब दो घंटे पूछताछ की। सबसे लंबी पूछताछ आरोपी अविनाश मिश्रा से की गई। आरोपियों ने करोड़ों की चोरी स्वीकारते हुए पूरे घटनाक्रम के बारे में भी बताया। इस दौरान ट्रस्टी अनिल मिश्रा का नाम फिर सामने आया। जिसमें बताया गया कि दान राशि की गणना संबंधी प्रक्रिया में अनिल मिश्रा की प्रमुख भूमिका रहती थी। प्रकरण में पुलिस ने बीते बृहस्पतिवार को केस दर्ज किया था। शुक्रवार को चंपत राय के करीबी टिन्नू यादव, गणना इंचार्ज सुभाष श्रीवास्तव व गणनाकर्मी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्रा, करुणेश व अवनीश शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट से अनुमति लेने के बाद पुलिस ने मंगलवार को जेल जाकर आरोपियों से पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक चूंकि सबसे अधिक बरामदगी अविनाश के पास से हुई थी, इसलिए उससे लंबी पूछताछ की गई। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में पता चला कि टिन्नू यादव के पास गणना कक्ष की चाबी रहती थी। दूसरी चाबी बैंक कर्मियों के पास होती थी। इन सभी की मिलीभगत से रकम पार की जाती थी। टिन्नू व बैंककर्मी चोरी की रकम में हिस्सा लेते थे। आरोपियों ने बताया कि टिन्नू की मिलीभगत होने से चोरी आसानी से होती थी। कोई भी सवाल करने वाला नहीं रहता था। उनको पता था कि कैमरे कहां-कहां लगे हैं। इसलिए कैमरे से बचकर चोरी को अंजाम देते थे। कैमरे की नजर से बचने के लिए एक आदमी रकम पार करता था और बाकी लोग उसे घेर लेते थे। फिर रकम बाथरूम में छिपाते थे और मौका पाकर बाहर ले जाते थे। मंदिर परिसर में बने कंट्रोल रूम में सभी कैमरों का कंट्रोल रहता है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि निगरानी के लिए जो लोग लगाए गए थे, वह सिर्फ औपचारिकता करते थे। कोई भी निगरानी नहीं करते थे। ये बात भी आरोपियों को पता थी, इसलिए बेफिक्री से वह रकम पार करते रहे।सूत्रों के मुताबिक चोरी की रकम के इस्तेमाल पर आरोपियों ने जमीन व मकान में रकम खपाने की बात कबूली। ये उम्मीद नहीं थी कि पूरा खेल इतनी जल्द खुल जाएगा।

## 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह-समझौते से निस्तारित होंगे विभिन्न वाद

**सीतापुर(ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के आदेशानुसार 12 सितंबर 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला न्यायालय परिसर के साथ-साथ जनपद के समस्त बाह्य न्यायालयों एवं तहसील स्तर पर भी होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामले, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, किराया, सुखाधिकार, विशिष्ट अनुतोष वाद, बैंकों के प्री-लिटिगेशन मामले सहित अन्य सुलह योग्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने मामलों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं, जिससे समय, धन और ऊर्जा की बचत के साथ त्वरित न्याय का लाभ मिल सके।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने जन्मजात नागरिकता को बरकरार रखा, सभी शर्तें भी खारिज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश की न्यायपालिका से बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बहुमत से दिये फैसले में राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया और जन्म के आधार पर नागरिकता मिलने के व्यापक सिद्धांत को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन द्वारा लगाई गई सभी शर्तों को भी खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने बहुमत के फैसले में कहा कि नागरिकता, तब भी और अब भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में शामिल होने का अधिकार है। चौदहवें संशोधन को बनाने वालों ने इस देश में पैदा हुए हर व्यक्ति से यह वादा किया था। हम आज भी उस वादे को बरकरार रख रहे हैं। अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि जो लोग अमेरिका में गैर-कानूनी या अस्थायी तौर पर रह रहे हैं, उनके बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। न्यायाधीशों ने संविधान के 14वें संशोधन (जिसे गृह युद्ध के बाद अपनाया गया था) की लंबे समय से लागू व्याख्या और हाल के संघीय कानूनों के आधार पर यह फैसला सुनाया कि देश में पैदा होने वाला कोई भी व्यक्ति- कुछ बहुत ही सीमित अपवादों को छोड़कर- नागरिक होता है। प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने बहुमत के फैसले में कहा कि नागरिकता, तब भी और अब भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में शामिल होने का अधिकार है। चौदहवें संशोधन को बनाने वालों ने इस देश में पैदा हुए हर व्यक्ति से यह वादा किया था। उन्होंने संविधान संशोधन के लिए कांग्रेस में हुई बहस का जिक्र करते हुए कहा, ''हम आज भी उस वादे को बरकरार रख रहे हैं।'' हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने फैसले पर कहा, सुप्रीम कोर्ट ने बर्थराइट सिटिज़नशिप को सही ठहराया, जो हमारे देश के लिए बहुत बुरा है, लेकिन हम प्रेसिडेंट के सपोर्ट से कांग्रेस में कानून बनाकर इसे आसानी से ठीक कर सकते हैं, जो अब इस प्रोसेस के दौरान तय हो गया है। किसी लंबे और मुश्किल कॉन्स्टिट्यूशनल अमेंडमेंट की ज़रूरत नहीं है! कांग्रेस को आज ही हमारे देश के लिए महंगी और गलत बर्थराइट सिटिज़नशिप को खत्म करने पर काम करना शुरू कर देना चाहिए। उन्हें मेरा पूरा और टोटल सपोर्ट मिलेगा!

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर फाफामऊ में श्रमिकों संग मना जश्न, 1000 समाजवादी टी-शर्ट वितरित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को फाफामऊ के शांतिपुरम लेबर चौराहे पर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख संदीप यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रमिकों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, देसी घी का हलवा वितरित किया गया तथा करीब 1000 समाजवादी टी-शर्ट बांटी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों, स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में प्रदेश के विकास और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया। श्रमिकों के साथ जन्मदिन मनाने को समाजवादी विचारधारा का प्रतीक बताते हुए संदीप यादव ने कहा कि पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और पिछड़े वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। संदीप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में विकास की नई दिशा देखने को मिली। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, एक्सप्रेसवे, शहरी विकास और जनकल्याण से जुड़ी अनेक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्यों ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश की जनता अखिलेश यादव को विश्वास और उम्मीद के साथ देख रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर जरूरतमंद श्रमिकों के बीच खुशियां बांटना समाजवादी संस्कृति और सामाजिक सरोकार का परिचायक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलबीर सिंह यादव, दूधनाथ पटेल, बब्बन कुशवाहा, आर.डी. पटेल, संदेश यादव, मुलायम यादव, राम किशोर पटेल, मणि मौर्य, रणजीत सिंह, राकेश विश्वकर्मा, मो. सोएब, गिरिजा शंकर सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ, शिक्षा से जोड़ने का दिया गया संदेश

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए परिषदीय विद्यालयों में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय नया कटरा द्वितीय में 'स्कूल चलो अभियान' के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार वर्मा रहे। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षा देश की प्रगति और समृद्धि का आधार है तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिषदीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर विकल्प बन चुके हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का जनआंदोलन है और सभी से इसे सफल बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें व स्टेशनरी वितरित की गई। सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों और प्रथम चरण में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अभियान रैली एवं प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

# जुलाई माह के विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

● जन-जागरूकता रैली को दिखाई गई हरी झंडी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** संचारी रोगों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जुलाई माह में चलाए जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (द्वितीय चरण) का शुभारंभ बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से किया गया। अभियान का उद्घाटन अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. राजेश कुमार, संयुक्त निदेशक डॉ. आशु पाण्डेय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संचालन 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक किया जाएगा, जबकि दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचारी रोगों की रोकथाम, साफ-सफाई, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम तथा जन-जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अंशु ने किया। इस दौरान अपर निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत स्टॉप डायरिया अभियान भी संचालित किया जाएगा, जिसमें आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर डायरिया से प्रभावित परिवारों को ओआरएस, जिंक की गोलियां तथा क्लोरीन की गोलियों का वितरण करेंगी। साथ ही स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. के.के. मिश्रा ने कहा कि जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अतिसंवेदनशील इलाकों में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डायरिया सहित अन्य संचारी रोगों की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण पर राजनीतिक दलों के साथ डीएम की बैठक

● 6 जुलाई तक मांगे सुझाव व आपत्तियां

1200 मतदाताओं के आधार पर होगा समायोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों के तहत बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, सम्भाजन तथा नए मतदेय स्थलों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उपमा पाण्डेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण तथा आवश्यकता अनुसार नए मतदेय स्थलों की स्थापना का कार्य 28 जून 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा पूरा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारिणी एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन प्रत्येक 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर किया जा रहा है, ताकि मतदान प्रक्रिया अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं पारदर्शी बन सके। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों की प्रारूप (आलेख्य) सूची का प्रकाशन 4 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद राजनीतिक दलों सहित अन्य संबंधित पक्ष यदि किसी मतदेय स्थल के परिवर्तन, संशोधन अथवा अन्य किसी विषय पर सुझाव या आपत्ति देना चाहते हैं तो वे 6 जुलाई 2026 तक संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, प्रयागराज में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रकाशित होने वाली सूची का गंभीरता से परीक्षण करें और यदि किसी मतदेय स्थल के संबंध में कोई व्यावहारिक समस्या अथवा सुधार का सुझाव हो तो निर्धारित समय-सीमा के भीतर लिखित रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## अनाथालय में सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को खुल्दाबाद स्थित अनाथ आश्रम में सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सपा नेता मनोज यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर अनाथालय में रह रहे बच्चों के बीच फल, मिठाई, कॉपी और पेंसिल का वितरण किया गया। बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा करते हुए कार्यकर्ताओं ने शिक्षा और सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। बच्चों ने भी केक काटने के कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे परिसर में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा समाज के कमजोर, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और मानवता के संदेश के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस दौरान बच्चा यादव, लालचंद्र कुशवाहा, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

## भरत तिवारी मुठभेड़ मामला: सुप्रीम कोर्ट ने CBI जांच वाली याचिका खारिज की

**ब्यूरो प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की कथित ''न्यायेतर हत्या'' की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया।न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना हाई कोर्ट का रुख करने को कहा।जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया, पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, ''आप कौन हैं?'' छरी ने कहा कि यह जनहित याचिका सार्वजनिक हित में दायर की गई है जिस पर पीठ ने कहा, ''नहीं, माफ करें। हम सुनवाई नहीं करेंगे। हाई कोर्ट जाने की स्वतंत्रता है।''याचिका में यह दावा करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का भी अनुरोध किया गया था कि इस मामले में एक त्वरित स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव के निवासी तिवारी की 17 जून को हुई मौत ने विवाद खड़ा कर दिया है। उनके परिवार का दावा है कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने से पहले उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया था और अपना हथियार छोड़ दिया था।बिहार सरकार ने शनिवार को इस घटना की न्यायिक जांच की घोषणा की थी।

## सीता इंटर कॉलेज में 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आगाज़, निखरेगी ग्रामीण अंचल की प्रतिभा

**महमूदाबाद-** सीतापुर संस्कृति विभाग के संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा 15 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सीता इंटर कालेज के शास्त्री सभागार में बुधवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि प्रदेश के 75 जनपदों में आयोजित नाट्य प्रशिक्षण कार्यशालाओं के क्रम में सीता इंटर कॉलेज में बुधवार एक जुलाई को 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया। जो ग्रामीण अंचल के बच्चों के लिए अपनी छिपी प्रतिभा को निखारने और रंगमंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर है। इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भारतीय संस्कृति से भी परिचित होंगे। कार्यशाला विद्यार्थियों में अभिनय, संवाद अदायगी और मंच प्रस्तुति के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने महमूदाबाद क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की।

## सुगम यातायात की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, दो प्रमुख समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं और जाम से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष दो महत्वपूर्ण मांगें उठाई। जिला व्यापार बंधु की बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए नए यमुना पुल स्थित बंधवा क्रॉसिंग को पुनः खोलने तथा सिविल लाइंस के अस्थायी बस अड्डे पर यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नए यमुना पुल पर स्थित बंधवा क्रॉसिंग महाकुंभ के दौरान बंद कर दी गई थी, जिसे अब तक नहीं खोला गया है। इसके कारण नैनी क्षेत्र से कीडगंज और आसपास के इलाकों में आने-जाने वाले लोगों को लंबा चक्कर लगाकर बांगड़ चौराहा और बैरहना चौराहा होकर गुजरना पड़ता है। इससे इन चौराहों पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों का समय तथा ईंधन दोनों व्यर्थ होता है। व्यापार मंडल ने जनहित में इस क्रॉसिंग को जल्द खोलने की मांग की। दूसरी मांग में संगठन ने कहा कि सिविल लाइंस बस अड्डे को अस्थायी रूप से सीएमपी कॉलेज के सामने संचालित किया जा रहा है, जहां बस चालक मनमाने ढंग से सड़क पर बसें खड़ी कर देते हैं। इससे मार्ग पर अक्सर जाम लग जाता है। यह सड़क जिला अस्पताल जाने का प्रमुख मार्ग होने के कारण मरीजों, एंबुलेंस और तीमारदारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यापार मंडल ने बसों के सुव्यवस्थित संचालन एवं पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने कहा कि इन दोनों समस्याओं का समाधान होने से शहर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार आएगा और आम नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

# स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के तहत नवीन प्रवेश कर की गई अभियान की शुरुआत

● शिक्षा से बड़ी कोई दौलत नहीं इससे हासिल करना हम सबकी जिम्मेदारी है:- गोरखनाथ पटेल ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खैराबाद सीतापुर-** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में जुलाई के प्रथम दिवस से ही स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई है। प्रदेश का कोई भी बच्चा जो पढ़ाई की उम्र का है हर हाल में विद्यालय में नामांकित कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आज पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का एक साथ शुभारंभ किया गया है। जनपद के प्रत्येक विद्यालय में अभियान का सजीव प्रसारण कराया गया। इसी कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर श्री गोरखनाथ पटेल जी द्वारा जनपद के विकास क्षेत्र खैराबाद के हुसैनपुर कैमहरा विद्यालय में अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर एक बच्चे का प्रवेश रजिस्टर पर अपने हाथों से नामांकन किया तथा समस्त नवप्रवेशी बच्चों का फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में स्वागत किया। समस्त नव प्रवेशी बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई जिसमें पेंसिल, रजिस्टर, स्टेशनरी किट, टॉफी आदि चीजें वितरित की गई। बच्चे स्टेशनरी किट पाकर बहुत ही उत्साहित व बहुत खुश हो रहे थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला के प्रत्येक विकास क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा वह स्वयं प्रत्येक विकास क्षेत्र में जाकर कुछ विद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगे व खंड शिक्षा अधिकारियों को भी उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाए ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि इस सत्र में जनपद सीतापुर में एक भी बच्चा आउट ऑफ स्कूल नहीं रहेगा प्रत्येक बच्चे का नामांकन सत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर सजीव प्रसारण भी देखा। तथा समस्त बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील भी की। उन्होंने बच्चों से अन्य बच्चों का प्रवेश करने में सहयोग करने व नियमित रूप से विद्यालय आने को कहा। विकास क्षेत्र खैराबाद के हिंदी एआरपी संजीव पटैरिया ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के



बारे में बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की साफ सफाई, हरा भरा प्रांगण व विद्यालय में पंजीकृत 121 छात्रों के सापेक्ष 77 बच्चे उपस्थित थे तथा अपनी अपनी कक्षाओं में अनुशासनात्मक ढंग से पढ़ते हुए मिले,विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह की प्रशंसा की साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। विद्यालय की अनुदेशिका पूजा व कल्पना के भी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनपद को निपुण जनपद बनने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनपद में एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहेगा। नोडल संकुल शिक्षक धरैंचा काजिम हुसैन तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भी इस अभियान में मौके पर उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्वी दिल्ली के मंडावली में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान, खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन



**पूर्वी दिल्ली।** मंडावली के साकेत ब्लाक में पेयजल संकट और गंदे पानी की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर नजर आने लगा है। गली नंबर 2, 3, 3 ए, 4 और 5 के निवासियों ने बुधवार को खाली बाल्टियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया और जल बोर्ड के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय निवासी अनिल कुमार का कहना है कि वे पिछले करीब डेढ़ साल से पानी की समस्या झेल रहे हैं। उनका आरोप है ज्यादातर समय दिन में पानी आता ही नहीं। कभी कभी रात को 12 बजे पानी आता है वह भी गंदा। विनय ने आरोप लगाया कि अधिकारियों को शिकायत करने पर दो-चार दिन पानी ठीक आता है, लेकिन फिर वही गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई होने लगता है, जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में शामिल उर्मिला ने बताया कि हालात इतने खराब हैं कि कई बार उन्हें आधी रात तक पानी का इंतजार करना पड़ता है, फिर भी पर्याप्त और साफ पानी नहीं मिल पाता। मजबूरी में कई परिवारों को या तो पड़ोसियों से पानी लेना पड़ता है या फिर पानी खरीदकर अपनी जरूरत पूरी करनी पड़ती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने जल बोर्ड से स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## दिल्ली के पहाड़गंज में चल रहा था देह व्यापार का कारोबार, पुलिस ने किया भंडाफोड़; चार महिलाओं को कराया मुक्त



**नई दिल्ली।** मध्य जिले के पहाड़गंज इलाके में स्पा की आड़ में चल रहे देह-व्यापार के धंधे का पुलिस ने भंडाफोड़ कर स्पा के मैनेजर कम मालिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अजय मल्होत्रा के रूप में हुई है। अनैतिक कार्य की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने नकली ग्राहक भेजकर इस पूरे रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने स्पा सेंटर से चार महिलाओं को बरामद किया है। वहीं इस स्पा सेंटर से नकदी, ग्राहक एंट्री रजिस्टर और आपत्तिजनक वस्तुएं व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस आरोपित अजय मल्होत्रा से पूछताछ कर इस बात का पता लगा रही है कि वह कितने दिनों से इसे चला रहा था और उसके इस गंदे काम में कौन-कौन शामिल हैं। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, 30 जून को उनकी टीम को खबर मिली कि पहाड़गंज इलाके में पंचकुइयां रोड पर एक स्पा सेंटर में देह-व्यापार का धंधा चल रहा है। जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने एक नकली ग्राहक को वहां भेजा।

बातचीत के बाद आरोपित अजय ने दो हजार रुपये लेकर एक महिला को उसके सामने पेश किया। इसके बाद नकली ग्राहक ने पास में मौजूद टीम को इशारा कर दिया। बाद में देर रात को सिन स्पा सेंटर, दूसरी मंजिल, पंचकुइयां रोड पर छापेमारी कर अजय मल्होत्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एडवांस दिए गए दो हजार रुपये समेत कुछ और नकद व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने यहां से 40, 26, 31 और 26 वर्षीय चार महिलाओं का रेस्क्यू किया।

# जमशेदपुर में करणी सेना नेता की हत्या के बाद पुलिस अलर्ट

**● जमशेदपुर में छेड़छाड़ का विरोध करने पर करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के बाद भारी तनाव हो गया है. प्रशासन ने कई इलाकों में निषेधाज्ञा लागू की है. पुलिस की कथित लापरवाही पर उठे सवालों के बीच मुख्यमंत्री ने दो एसएसपी को हटा दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



झारखंड के जमशेदपुर में करणी सेना के स्थानीय नेता हिमांशु सिंह की नृशंस हत्या ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है. शनिवार को हुई इस घटना के बाद अब क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. पुलिस की कथित लापरवाही और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

बिष्टुपुर के एक बार में छेड़छाड़ का विरोध करना हिमांशु सिंह के लिए जानलेवा साबित हुआ. आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिस ने सुरक्षा का आश्वासन देकर हिमांशु और उनके मित्र को अपनी गाड़ी में बैठाया, लेकिन हमलावरों ने उन्हें गाड़ी से खींचकर चाकू घोंप दिए. इस हमले में हिमांशु ने दम तोड़ दिया, जबकि उनके मित्र की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।

**प्रशासन की सख्ती**

मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया था. 48 घंटे की समयसीमा बीतने और प्रदर्शनों की बढ़ती आशंका को देखते हुए धालभूम के एसडीओ अर्नव मिश्रा ने साकची, बिष्टुपुर, सोनारी, कदमा, मानगो और एमजीएम थाना क्षेत्रों में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

**राजनीतिक घमासान और पुलिस पर सवाल**

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पीड़ित परिवार से मिलकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि हमलावर आधे घंटे तक हिमांशु पर हमला करते रहे और पुलिस मूकदर्शक बनी रही. भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी जल्द नहीं पकड़े गए तो शुक्रवार को शहर बंद किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने और दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है.

**मुख्यमंत्री की बड़ी कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांव के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (SSP) को पद से हटा दिया है. साथ ही, घटना के समय मौके पर मौजूद चार पुलिसकर्मियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है. झामुमो प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार अपराध को लेकर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रही है और मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## सलमान खान ने की फिल्म 'काला हिरण' पर रोक लगाने की मांग



**नई दिल्ली।** प्रस्तावित फिल्म काला हिरणः द बैटल फॉर लिगेसी के निर्माता ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि अब तक फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेशन के लिए नहीं भेजा गया है। फिल्म के खिलाफ अभिनेता सलमान खान की याचिका पर फिल्म निर्माता की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ को सूचित किया फिल्म तब तक प्रसारित नहीं की जा सकती, जबकि सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट न दे दे। यह फिल्म अभिनेता सलमान खान के 1998 के काले हिरण के शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। सलमान खान के अधिवक्ता निजाम पाशा ने कहा कि फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर तो रिलीज हो चुका है, लेकिन फिल्म के प्रसारण की तारीख का अभी एलान नहीं हुआ है। यह फिल्म 1998 के सलमान खान के काले हिरण के शिकार के मामले और गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के साथ उनकी दुश्मनी पर आधारित है।

# अमेरिका में बाढ़ का कहर, आंध्र प्रदेश के IT प्रोफेशनल वेंकटेश डोप्पलापुडी की मौत

**● आंध्र प्रदेश के भारतीय आईटी पेशेवर और छात्र वेंकटेश डोप्पलापुडी की अमेरिका के कंसास में आई बाढ़ में बह जाने से मौत हो गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**वॉशिंगटन।** आंध्र प्रदेश के रहने वाले 33 साल के भारतीय IT प्रोफेशनल और स्टूडेंट, वेंकटेश डोप्पलापुडी की अमेरिका के कंसास में अचानक आई बाढ़ के तेज बहाव में बह जाने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर वेंकटेश डोप्पलापुडी ह्यूस्टन जा रहे थे, तभी कंसास के कई इलाकों में जबरदस्त तूफान आया। इस तूफान में 6 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी थी। सफर के दौरान वेंकटेश की गाड़ी बाढ़ में बह गई। समर काउंटी के इमरजेंसी रेस्पॉन्डर्स ने बताया कि चश्मदीदों ने एक पुल के पास कार को डूबा हुआ देखा, जिसमें डोप्पलापुडी भी मौजूद थे। हालांकि बचाव दल मौके पर पहुंच गया था, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण वे उन्हें बचाने के लिए अंदर नहीं जा सके। पुलिस ड्रोन और कंसास हाईवे पेट्रोल एयर यूनिट की मदद से कई एजेंसियों ने मिलकर तलाशी अभियान चलाया और अगले दिन डोप्पलापुडी का शव बरामद किया गया।

**भारत लाया जाएगा शव**

ह्यूस्टन में भारत के वाणिज्य दूतावास ने वेंकटेश डोप्पलापुडी की मौत पर शोक व्यक्त किया है और पुष्टि की है कि वे स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बयान में कहा गया, "ह्यूस्टन में भारत का वाणिज्य दूतावास आंध्र प्रदेश के भारतीय छात्र वेंकटेश डोप्पलापुडी की दुखद मौत से बहुत दुखी है, जिनकी कंसास में अचानक आई बाढ़ में जान चली गई। वाणिज्य दूतावास इस मुश्किल समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।' बयान में आगे कहा गया, 'वाणिज्य दूतावास परिवार और करीबी लोगों के संपर्क में है और हर संभव मदद के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल बैठा रहा है।' वेंकटेश डोप्पलापुडी के शव को भारत लाने में मदद के लिए एक 'GoFundMe' कैंपेन शुरू किया गया है, ताकि उनका परिवार अंतिम संस्कार कर सके। जमा किए गए पैसे का इस्तेमाल ट्रांसपोर्टेशन, अंतिम संस्कार और अन्य खर्चों के लिए किया जाएगा।

# लुधियाना- ड्रग्स के खिलाफ़ जागरूकता समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, SAS नगर से मिली गाइडलाइंस के मुताबिक, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना ने NALSA की ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन-ए ड्रग-फ्री इंडिया स्कीम के तहत अलग-अलग जागरूकता सेमिनार और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए। जागरूकता सेमिनार के दौरान, ड्रग्स के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक बुरे असर, ड्रग्स की रोकथाम, इलाज और रिहैबिलिटेशन के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई। इसके अलावा, लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटीज़ एक्ट, 1987 के तहत मिलने वाली फ्री कानूनी मदद, लोक अदालतों और दूसरी कानूनी सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और यह भी बताया गया कि योग्य लोग डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के ज़रिए फ्री कानूनी मदद पा सकते हैं। इस मौके पर सेंट्रल जेल, बोरस्टल जेल, महिला जेल और ऑब्जर्वेशन होम में मौजूद कैदियों को ड्रग-फ्री स्टेटस की शपथ दिलाई गई। सभी पार्टिसिपेंट्स ने ड्रग्स से दूर रहने, अपने परिवार और समाज को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूक करने और ड्रग-फ्री पंजाब और ड्रग-फ्री इंडिया बनाने में एक्टिव रूप से योगदान देने का वादा किया। इसके अलावा, त्ात्त सिधवान खुर्द, लुधियाना के स्टूडेंट्स के लिए एक वेबिनार ऑर्गनाइज़ किया गया और स्टूडेंट्स को ड्रग्स से दूर रहने के लिए मोटिवेट किया गया। पैरा-लीगल वॉलंटियर्स ने अलग-अलग जगहों पर इस स्कीम के बारे में एक वीडियो भी चलाया। आखिर में, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना ने सभी नागरिकों से ड्रग्स के खिलाफ चल रहे कैंपेन में एक्टिव रूप से हिस्सा लेने, नई पीढ़ी को ड्रग्स से बचाने और एक हेल्दी, सेफ और ड्रग-फ्री समाज बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

## मुसहर बस्तियों में सेवा कार्य कर मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को ज्ञानपुर और औराई विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज के नेतृत्व में सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जनपद की विभिन्न मुसहर बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को आम वितरित किए तथा बच्चों को चॉकलेट और बिस्किट बांटकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। इस अवसर पर अंजनी सरोज ने अखिलेश यादव के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रदेश को विकास की नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों के हितों के लिए कार्य करती रही है, इसी भावना के साथ जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सपा नेताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केश नारायण यादव, डॉ. नीबू लाल, प्रदीप योगी, राजकुमार यादव, संदीप यादव (मंकी), अजय यादव, राजन यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# हेल्थ मिनिस्टर डॉ. बलबीर सिंह ने ड्रेनेज सिस्टम का रिव्यू किया

**● सरकार पटियाला को बारिश के पानी की समस्या से पक्की राहत दिलाने के लिए कमिटेड है: हेल्थ मिनिस्टर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला-** पंजाब के हेल्थ और फैमिली वेलफेयर मिनिस्टर डॉ. बलबीर सिंह ने आज डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और दूसरे संबंधित डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ पटियाला में शहर के ड्रेनेज सिस्टम का डिटेल्ड रिव्यू किया। इस दौरान उन्होंने बड़ी नदी, छोटी नदी, मेन ड्रेनेज और बारिश के पानी की निकासी से जुड़ी अलग-अलग जगहों का दौरा किया और चल रहे डेवलपमेंट के कामों की प्रोग्रेस का इंस्पेक्शन किया। इस दौरे के दौरान, हेल्थ मिनिस्टर ने संबंधित अधिकारियों से चल रहे प्रोजेक्ट्स के बारे में डिटेल्ड जानकारी ली और काम की क्वालिटी, स्पीड और समय पर पूरा करने के बारे में ज़रूरी इंस्ट्रक्शन दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंजाब सरकार पटियाला को बारिश के पानी की समस्या से पक्की राहत दिलाने के लिए पूरी तरह कमिटेड है और इस दिशा में प्लान्ड तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में पटियाला के कई इलाकों में पानी भरने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने ड्रेनेज सिस्टम को और मज़बूत और असरदार बनाने के लिए खास कोशिशें शुरू की हैं। इसके तहत ड्रेनेज चैनलों की सफाई, नालों की कैपेसिटी बढ़ाना, पानी का बहाव आसान बनाना और सेंसिटिव जगहों पर ज़रूरी सुधार के काम तेज़ी से किए जा रहे हैं। हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि सरकार का मुख्य मकसद यह पक्का करना है कि भविष्य में भारी बारिश के दौरान किसी भी नागरिक को पानी भरने की वजह से कोई परेशानी न हो। इसके लिए सभी संबंधित डिपार्टमेंट आपस में तालमेल बिठाकर ग्राउंड लेवल पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर प्रोजेक्ट की रेगुलर मॉनिटरिंग की जाए और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर काम तय समय में हाई स्टैंडर्ड के साथ पूरा किया जाए। डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने हेल्थ मिनिस्टर को भरोसा दिलाया कि बारिश के पानी की निकासी से जुड़े सभी कामों की डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सेंसिटिव इलाकों की खास तौर पर पहचान करके वहां ज़रूरी सुधार के काम प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं, ताकि मानसून के दौरान किसी भी इमरजेंसी स्थिति से असरदार तरीके से निपटा जा सके। दौरे के दौरान नगर निगम और दूसरे संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर चल रहे विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए सभी काम युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना पंजाब सरकार की प्राथमिकता है और पटियाला के चौतरफा विकास के लिए ऐसे विकास कार्य भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर PDA की चीफ एडमिनिस्ट्रेटर मिस अर्पिता, एडिशनल कमिश्नर श्रीमती सिमरप्रीत कौर और दूसरे विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# दिल्ली पुलिस कमिश्नरेट दिवस 2026 : भव्य परेड का आयोजन

**● उपराज्यपाल ने दिया जन-केंद्रित एवं तकनीक आधारित पुलिसिंग का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को न्यू पुलिस लाइंस, किंग्सवे कैंप स्थित परेड ग्राउंड में कमिश्नरेट दिवस-2026 के अवसर पर भव्य परेड का आयोजन किया। मुख्य अतिथि उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पूर्व पुलिस आयुक्त और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली पुलिस को जन-केंद्रित, मानवीय, तकनीक-संचालित और जवाबदेह पुलिसिंग की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहनी चाहिए। 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत खोई हुई संपत्ति की बरामदगी की सराहना करते हुए उन्होंने इसे पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने वाला कदम बताया। साथ ही यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और सामुदायिक पुलिसिंग को और सशक्त बनाने पर बल दिया। पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने कहा कि वर्ष 2025 की तुलना में जघन्य अपराधों में 8 प्रतिशत, भारतीय न्याय संहिता के मामलों में 12 प्रतिशत, वाहन चोरी में 21 प्रतिशत तथा अन्य चोरी के मामलों में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 17 प्रतिशत कमी आई है तथा 98 प्रतिशत मामलों की जांच पूरी कर आरोपियों का पता लगाया गया। लगभग 95 प्रतिशत मामलों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन गैंग बस्ट' और मकोका के तहत की गई कार्रवाई से जघन्य अपराधों में आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल में 27 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर 123 मादक पदार्थ हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। जुलाई माह को 'बाल सुरक्षा जागरूकता माह' के रूप में मनाने की भी घोषणा की गई। समारोह में एसीपी क्षितिज कुमार के नेतृत्व में 18 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। दिल्ली पुलिस के पुरुष ब्रास बैंड और महिला पाइप एवं ब्रास बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। उपराज्यपाल ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वर्गीय कांस्टेबल विक्रम को मरणोपरांत 'आहत वीर सम्मान पत्र-2026' से सम्मानित किया। उनकी पत्नी अनीता सिंह ने सम्मान ग्रहण किया। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान साहस का परिचय देने वाले 10 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी 'आहत वीर सम्मान पत्र' प्रदान किए गए। उत्कृष्ट सेवा पदक (एमएसएम) से सम्मानित 27 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता श्रेणी में ग्रेटर कैलाश थाना प्रथम तथा लक्ष्मी नगर थाना द्वितीय रहा। वहीं डीपीए सेक्टर-9, द्वारका, पंजाबी बाग स्टाफ क्वार्टर और पुलिस मुख्यालय अधिकारी आवासीय परिसर को विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी का पुरस्कार प्रदान किया गया।कमिश्नरेट दिवस समारोह ने दिल्ली पुलिस की पेशेवर कार्यशैली, अनुशासन, आधुनिक पुलिसिंग और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।

## जालंधर रूरल पुलिस ने रिटायर हुए पुलिसवालों को दी विदाई

**● 'डिपार्टमेंट के नाम पर एक पौधा' कैंपेन शुरू किया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जालंधर-** जालंधर रूरल पुलिस ने आज रिटायर हुए छह पुलिसवालों के सम्मान में एक खास विदाई समारोह रखा। इस समारोह में जालंधर रूरल के सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, पीपीएस, एस. हरविंदर सिंह विर्क, एसपी (लोकल), मुकेश कुमार, एसपी (इन्वेस्टिगेशन) विनीत अहलावत और डीएसपी (लोकल) कुलदीप सिंह शामिल हुए। समारोह के दौरान, रिटायर हुए पुलिसवालों को डिपार्टमेंट के लिए उनकी लंबी, समर्पित और सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके अहम योगदान की तारीफ की और उन्हें स्वस्थ, खुशहाल और पूरी रिटायरमेंट लाइफ की शुभकामनाएं दीं। रिटायर होने वाले पुलिसवालों में सब-इंस्पेक्टर काबल सिंह, ASI जीवन कुमार, ASI गुरजीत सिंह, ASI कमलजीत, ASI अमरीक लाल और ASI तीरथ राम शामिल थे। इस मौके पर जालंधर रूरल के सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, पीपीएस, एस. हरविंदर सिंह विर्क ने कहा कि जिन पुलिसवालों ने अपनी पूरी ज़िंदगी जनता की सेवा करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में लगा दी, उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और ड्यूटी के प्रति लगन आने वाली पीढ़ियों के पुलिस अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। इस मौके पर, जालंधर रूरल पुलिस ने पर्यावरण बचाने और हरियाली को बढ़ावा देने के मकसद से 'एक पखवाड़ा महकमे दे नाम' नाम का एक नया कैंपेन भी शुरू किया। इस कैंपेन के तहत, हर रिटायर्ड पुलिसवाले को एक पौधा दिया गया और पर्यावरण बचाने में योगदान देने के लिए मोटिवेट किया गया। रिटायर्ड कर्मचारियों को उनकी शानदार सेवाओं के लिए सम्मान और तारीफ़ के तौर पर मोमेंटो भी दिए गए। उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और शांतिपूर्ण रिटायरमेंट की दिल से दुआओं के साथ फंक्शन खत्म हुआ।

## नेताओं को राजनीतिक मजाक को बर्दाश्त करना चाहिए, व्यंग्यात्मक आलोचना का मतलब हमेशा नहीं होता मानहानि



**नई दिल्ली।** व्यक्तिगत अधिकारों पर सुरक्षा का हवाला देते हुए भाजपा सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि नेताओं को राजनीतिक मजाक को बर्दाश्त करना चाहिए और व्यंग्यात्मक आलोचना का मतलब हमेशा मानहानि नहीं होता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के गठबंधन, कामकाज या नीतियों में बदलाव को लेकर मजाक राजनीति का एक अहम हिस्सा है। पीठ ने कहा कि किसी भी पार्टी के नेता के किसी भी काम पर जनता या विरोधी पार्टियों के सदस्यों की तरफ से आलोचना हो सकती है, और कभी-कभी यह आलोचना व्यंग्यात्मक मजाक के रूप में भी सामने आ सकती है।

# बेंगलुरु के डेकेयर में मासूमों के साथ हैवानियत

**● वॉशिंग मशीन में डाला, मुंह पर जेट स्प्रे मारा और बाथरूम में किया लॉक...**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां मशहूर IT कंपनी केपजेमिनी के HAL कैंपस में बने डेकेयर सेंटर में छोटे बच्चों के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। इन वीडियो के आधार पर पांच महिला केयरगिवर्स के खिलाफ स्र्ढ्ढक्र दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस बच्चों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच कर रही है। यह शिकायत सेंटर के अंदर रिकॉर्ड किए गए वीडियो के आधार पर की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, फुटेज में बच्चे रोते हुए और केयरगिवर्स द्वारा उनके साथ मारपीट और उन्हें डराते-धमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वीडियो में नैनी दो से तीन साल के बच्चों को धमकाती हुई दिख रही हैं। शिकायत के मुताबिक, केयरगिवर्स ने कथित तौर पर बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के अंदर डाला, बच्चों को टॉयलेट पर बैठाया, टॉयलेट जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी की बौछार की, उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया और चुप रहने के लिए धमकाया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के लिए नैनी को जल्द बुलाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि ये घटनाएं एक चाइल्डकेयर सेंटर में हुईं, जहां IT कंपनी के कर्मचारी काम के दौरान अपने छोटे बच्चों को छोड़ते हैं। मामला तब सामने आया जब दुर्व्यवहार का वीडियो WhatsApp पर वायरल हुआ और चाइल्ड हेल्पलाइन को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। शिकायत के आधार पर, पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत पांच महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## 'गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' के लिए 30 सितंबर तक करें आवेदन

**भदोही।** वर्ष 2026-27 के लिए 'गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन मांगे गए हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि इच्छुक एवं निर्धारित अर्हताएं पूरी करने वाले व्यक्ति 30 सितंबर 2026 तक अपने आवेदन आवश्यक अभिलेखों के साथ चार प्रतियों में जिला सूचना कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए भारत का मूल नागरिक होना, उत्तर प्रदेश में निवास करना तथा मानवाधिकार, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक को पूर्व में यह पुरस्कार प्राप्त न हुआ हो और उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित या न्यायालय से दंडित होने का रिकॉर्ड न हो।

# मिशन क्लीन पंजाब': म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने सफाई के जारी किए आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर हरजोत सिंह बैंस की लीडरशिप में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत आगे बढ़ते हुए, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने मंगलवार को फील्ड इंस्पेक्शन जारी रखा और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के जोन C के तहत आने वाले अलग-अलग इलाकों का इंस्पेक्शन किया। सफाई पक्का करने के अलावा, रोड नेट की सफाई और सड़कों के किनारे से मलबा हटाने पर ज़ोर दिया गया। ढोलेवाल चौक, प्रभात नगर, विश्वकर्मा कॉलोनी, विश्वकर्मा चौक के आस-पास के इलाकों वगैरह में इंस्पेक्शन किया गया। इंस्पेक्शन के दौरान, एक इलाके में पानी की सप्लाई लाइन बिछाने के चल रहे प्रोजेक्ट का भी इंस्पेक्शन किया गया। इंस्पेक्शन के दौरान जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, हेल्थ ऑफिसर डॉ. विपल मल्होत्रा, CSI राजिंदर कुमार, CSI गुरिंदर सिंह और दूसरे ऑफिसर मौजूद थे। म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां पहले से की जा रही हैं। संबंधित अधिकारियों को सीवर लाइन और रोड नेट की सफाई पक्का करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि मानसून के मौसम में कोई भी मैनहोल खुला रहे। संबंधित अधिकारियों को इस बारे में सर्टिफिकेट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सभी ब्रांच सफाई पक्का करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं, लेकिन लोगों को भी अधिकारियों का साथ देना चाहिए और खुले में कचरा फेंकना बंद करना चाहिए। यह सबकी ज़िम्मेदारी है और पूरे शहर में सफाई पक्का करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।